वायु स्थान—(१) प्राण मुख, नासिका, हृदय नाभि में कुण्डलिनी के चारों ओर, पादांगुष्ठ में प्राण वायु रहता है,

(२) अपान-गुह्य, लिंग, उरु, जानु, उदर, पेडू कटि नाभि, में अपान वायु रहता है।

(३) व्यान-कण, नेत्र कंठ, नाक, मुख, कपोल, मणिबन्ध में ब्यान वायु रहता है।

(४) उदान-सर्व सन्धि तथा हाथ पैर में उदान वायु रहता है।

(५) समान-सर्वांग में रहता है।

आसन—रजोगुण का धर्म मन और धर्म की चंचलता है। उसी चन्चलता के नाश करने के लिये आसन पर्यास है। आसन से मन के विक्षेप दूर होते हैं अतएव आसनों का सहारा लेना योगियों को परमावश्यक है।

आसनों की संख्या योन संख्या की भांति ८४ लाख ही है परन्तु उन में से प्रसिद्ध केवल चौरासी ही हैं।

इन चौरासी आसनों में भी दो आसन सबसे प्रसिद्ध और अच्छे हैं [१] सिद्धासन (१) पद्मासन।

सिद्धासन—गुदा और लिंग के मध्य में योनि स्थान से बायें पांव की एड़ी मिला कर रखे और सीधे पांव को लिंग के ऊपर रखे। तत्पश्चात् हृदय के समीप भाग में चिबुक को स्थिर करे और अपनी अचल दृष्टि से भृकुटि के मध्य भाग को देखता रहे इसी आसन को बज्रासन, मुक्तासन, तथा गुप्तासन भी कहते हैं। यह आसन बहत्तर नाड़ियों के मल का शोधक है। यदि मिता हारी होकर दस वर्ष तक इस आसन का अभ्यास करता हुआ आत्माओं का ध्यान करे तो अन्य योगाभ्यास के बिना ही पूर्ण सिद्ध बन सकता है न इस सिद्धासन करते रहने की अवस्था में अन्य आसनों के अभ्यास की आवश्यकता है।

इसी सिद्धासन से उन्मनी कला तथा मूल बन्ध, उड्डीयान बन्ध तथा जालन्धर बन्ध स्वयं ही उत्पन्न हो जाते हैं। अतएव योगाभ्यास के इच्छुओं को चाहिये कि इस सर्वोत्तम सिद्धासन का उपयोग कर लाभ उठावें।

पद्मासन—बाम जंघा पर सीधे दाहिने चरण को और सीधे जंघापर सीधे बाम चरण को स्थापित

करो फिर सीधे हाथ की पृष्ठ भाग की ओर से बाम जंघा पर स्थित दक्षिण चरण के अंगुष्ठ को दृढ़ता से ग्रहण करो तथा हृदय से चार अंगुल के अन्तर पर चिबुक को रख कर नासिका के अग्र भाग को देखो बस यही पद्मासन है। यह पद्मासन समस्त शारीरिक व्याधियों का नाशक है। यदि इस पद्मासन को करता हुआ मनुष्य चित्त में अपने इष्ट देव का ध्यान करे तथा अपान वायु को ऊपर को चढ़ावे तथा प्राण वायु को नीचे करे तो मनुष्य को शक्ति के प्रभाव से आत्म ज्ञान मिलता है। क्योंकि अपान और प्राण के मिलने से मनुष्य को कुन्डलनी का बोध होता है अर्थात् एक प्रकार का प्रकाश सा दृष्टिगोचर होता है फिर सुषुम्ना मार्ग से प्राण ब्रह्म रन्ध्र में जा पहुंचता है जिस से चित्त में स्थिरता आ जाती है और उससे आत्म ज्ञान प्राप्त होता है।

उपर्युक्त सिद्धासन तथा पद्मासान परमोत्तम और श्रेष्ठ हैं। इनके अतिरिक्त और भी कुछ मुख्य आसन हैं जिनका वर्णन करना हम आवश्यक समझते हैं।

सिंहासन—अंड कोष के नीचे सीवनी नाड़ी के बाम पार्श्व में दक्षिण गुलफ को तथा दक्षिण

पार्श्व में बाम गुल्फ को जमावे तथा दोनों जानुओं पर हथेली की ओर से हाथों को स्थापित कर नासिक के अग्र भाग को देखे। बस यही सिंहासन है।

इस आसन को योगीजन बहुधा किया करते हैं क्योंकि इसके अभ्यास से योगी तीनों बंधों को प्राप्त कर एक प्रकार का अद्‌भुत प्रकाश सा पाता है।

भद्रासन—अंडकोष के नीचे सीवनी नाड़ी के बाम और गुल्फ को और दाहिनी ओर गुल्फ को स्थापित करके दोनों पदों को भुजाओं से दृढ़ बांधकर छाती दोनों हाथों के तलों को इस प्रकार रखे कि उंगलियां मिली रहें। बस यही भद्रासन है।

चूंकि इस आसन का अभ्यास महात्मा गोरक्षनाथ ने किया था इसी कारण इस आसन को गोरक्षासन भी कहते हैं।

स्वास्तिक आसन—जानु और जंघा के बीच में चरण तल स्थापित कर बैठना।

गो मुखासन—कटि के बाम भाग में दहिना रखना तथा दक्षिण भाग में बाम टखना जमा कर बैठना।

वीरासन—सीधे चरण को बाम जंघा पर और बाम चरण को सीधे जंघा पर जमाकर रखना।

कूर्मासन—दाहिने टखने से गुदा के बाम भाग को और बाम टखने से दक्षिण भाग को दबा कर बैठना।

कुक्कुटासन—दोनों जंघाओं के ऊपर खड़े चरणों को स्थापित कर तथा जानू और जंघाओं के बीच में दोनों हाथों को लगाकर भूमि पर स्थापन करे और आकाश में स्थित रहे।

धनुरासन—दोनों पादों के अंगूठों को हाथ से पकड़ कर कानों तक खींचे।

शवासन—भूमि पर पीठ लगाकर निद्रा के समान सीधा शयन करना शवासन है।

भमूरासन, मत्स्येन्द्रासन, पर्श्चिमतानासन, उत्तानकूसिन आदि अनेक आसन हैं। स्थानाभाव से उनका वर्णन अभीष्ट नहीं हैं। आसनों से शरीर को समस्त व्याधियों का नाश होता है शरीर में फुरती आती है चित्त स्थिर होता तथा मन को डावांडोल होने से रोकता है।

यम नियम—योगाभ्यास के अभिलाषियों को चाहिए कि शुद्ध रहें मन में किसी प्रकार का विकार उत्पन्न न होने दें। तथा अहिन्सा, सत्य, चोरी का

त्याग, ब्रह्मचर्य, क्षमा, धैर्य, दया, नम्रता, मिता हार एवं शुचिता इन दस यमों तथा तप, सन्तोष, आस्तिकता, दान, ईश्वर पूजन, सिद्धान्त वाक्य श्रवण, बुद्धि, तप, एवं हवन इन दस नियमों का अवश्य पालन करें।

मिता हार—योगाभ्यास के अभिलाषियों को मधुर भोजन आधा पेट खाना चाहिए तथा चतुर्थान्श जल के लिए तथा चतुर्थान्श प्राण वायु सन्चालन के लिये छोड़ दे। बस वही योगियों का मिता हार है।

पथ्य—गेहूं, चावल, जौ आदि अन्य, दुग्ध, खांड, घी, नमक मिश्री, फल, पांच शाक, बथुआ, मूली आदि। सदैव पौष्टिक पदार्थों का सेवन करना चाहिए न कि सत्तू भूने चने आदि का।

अपथ्य—करेला आदि कडबे शाक, खट्टे, पदार्थ मिर्च, गुड़ तेल, मांस, दही, मठा, हींग, लहसन, शलगम, गाजर, मदिरा, उड़द आदि मादिक द्रव्यों से बचना उत्तम है।

योगाभ्यास के समय, स्त्री संग, अग्नि, सेवा तथा गमन आदि वर्जित है।

अवस्था विशेष—योगाभ्यासी के लिये यह आवश्यक नहीं है कि वह तरुण ही हो। बाल हो

अथवा वृद्ध सब ही अवस्थाओं के मनुष्य योगाभ्यास पूर्ण रीत्यानुसार कर सकते हैं। यह भी कह देना परमावश्यक है कि यदि कोई रोग से पीड़ित या दुर्बल मनुष्य हो और वह योगाभ्यास करना चाहे वह भी भली प्रकार आसन कुंभक आदि योगाभ्यास कर सकता है।

प्राणायाम या कुंभक—योगाभ्यास की चार विधियां हैं (१) आसन (२) कुंभक (३) मुद्रा (४) नाद।

आसनों से शरीर की व्याधियों का नाश होता है। इस का थोड़ा सा वर्णन हम पहले कर आये हैं। अब हम योग के मुख्य विभाग कुंभक अर्थात् प्राणायाम का वर्णन करते हैं।

हम पहिले कह चुके हैं कि चित्त-चान्चल्य-निरोध का नाम योग है। अतएव योग सिद्धि प्राप्ति के लिए वह समस्त साधन करने पड़ते हैं जिनसे चित्त की चन्चलता रुके। आसनों से चित्त की निश्चलता में सहायता बड़ी मिलती है। प्राणायाम से भी यही लाभ होता है क्यों कि प्राण वायु के सन्चालन से मन में चान्चल्यु उत्पन्न होता है। प्राणवायु के

निश्चल रहने से मन भी निश्चल रहेगा जिस से योग की सिद्धि प्राप्त होगी। तथा वह स्थिर रूप से अत्यन्त दीर्घ काल तक जीवित रहेगा।

सुषुन्ना नाड़ी में प्राण सन्चालन को उन्मुखी भाषा कहते हैं। इस सन्चालन को रोकने वाला केवल मल है। जब तक नाड़ी मल से व्याप्त है प्राप्त वायु का संचालन नहीं हो सकता है अतएव सब से पहिले मल शोधन की आवश्यकता होती है नाड़ियों के मल शोधन का प्राणायाम यह है कि यदि योगी इड़ा नाड़ी से प्राण वायुकर पान कर यथा साध्य धारण कर फिर पिंगला नाड़ी से छोड़ दे या पिंगला नाड़ी से पान कर यथा साध्य साधन कर इड़ा नाड़ी से प्राण वायु का रेचन कर दे या छोड़ दे। इस प्रकार तीन मास के अभ्यास में नाड़ी मल का संशोधन हो जाएगा।

इस साधन से आत्मा में बड़ी प्रवलता आती है चित्त की समस्त ग्लानियां तथा बिकार नष्ट होते हैं।

काल—प्राणायाम करने के लिये सूर्योदय, मध्यान्द, सूर्यास्त तथा अर्द्ध रात्रि चार समय अत्यन्त श्रेष्ठ हैं और प्रत्येक समय कम-से-कम असली प्राणायाम करें।

प्रकार—योगियों ने प्राणायाम तीन प्रकार के कहे हैं (१) कनिष्ट (२) मध्यम (३) उत्तम।

कनिष्ट—जिस प्राणायाम के करने से पसीना आ जाय अर्थात् जो १२ मात्रा का प्राणायाम हो या जिस प्राणायाम में ४२ विपल लगें उसको कनिष्ट प्राणायाम कहते हैं।

मध्यम—जिस प्राणायाम के करने में कम्पन हो जाय अर्थात् जो २४ मात्रा का प्राणायाम हो या जिस प्राणायाम में ८४ विपल लगे उसको मध्यम प्राणायाम कहते हैं।

उत्तम—जिस प्राणायाम के करने से प्राण वायु ब्रम्ह्म रन्ध्र में पहुंच जाय अर्थात् जो ३१ मात्रा का प्राणायाम हो या जिसके करने में १२५ विपल लगें उसे उत्तम प्राणायाम कहते हैं।

विधि—प्राणायाम करने की विधि वही है जो मल शोधन के लिये कही है। प्राणवायु के चढ़ाने से अपान वायु में एक प्रकार का धक्का सा लगता है। प्राणायाम को उस समय तक बराबर करता रहे जब तक कि प्राण वायु ब्रह्म रंध्र में न पहुंच जाय। यदि प्राण ब्रह्म रंध्र में २५ पल तक ठहर जाय तो प्रत्याहार

होता है, यदि पांच घड़ी ठहर जाय तो धारण और यदि ६० घड़ी ठहर जाय तो ध्यान और १२ दिन ठहर जाय तो समाधि होती है। प्राणायाम करने में शीघ्रता न करे। शनैः-शनैः प्राण वायु का पान तथा रेचन करता रहे। सदैव प्राणायाम को युक्ति युक्त करें। इससे शरीर निरोग रहता है अन्यथा विविध प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

योग-कर्म

योग कर्म छे हैं

(१) धोती—१५ हाथ लांबा, ४ अंगुल चौड़ा वरीक वस्त्र गर्म जल में धोवे। तत्पश्चात् उसको मुख के मार्ग शनैः २ निगले अर्थात् पहिले दिन एक गज तथा दूसरे दिन दो गज इत्यादि। इस प्रकार आमाशय की शुद्धि कर बाहर निकाले। इस प्रकार शोधन से कास, श्वास, प्लीहा, कुष्ट तथा कफ रोग नष्ट होते हैं।

(२) बस्ती—नाभि पर्यन्त नदी जल में बैठ कर एक अंगुल छिद्र सूराख का छै अंगुल बास की नली को चार अंगुल गुदा में प्रविष्ट कर जल चढ़ाय कर निकाले। इस प्रकार शोधन करे। इस कर्म से

बात, पित्त, कफ के समस्त रोग, गुल्म, प्लीहा, जलोदर आदि समस्त रोग नष्ट होते हैं।

(३) नेति—परिमित विस्तार का चिकना डोरा लेकर नाक के सूराख से होकर मुंह में निकाले इस से मुख रोग, कपाल रोग तथा नेत्र रोग नष्ट होते हैं।

(४) त्राटक—एकाग्र चित्त होकर निश्चल दृष्टि से सूक्ष्म पदार्थ उस समय तक अवलोकन करे जब तक कि अश्रुपात न हों। इस से नेत्र रोग तन्द्रा आदि नष्ट हो जाते हैं।

(५) नोलि—कंधे नवा कर पेट को दक्षिण से बाम और बाम से दक्षिण ओर शीघ्रता से हिलाना न्योलि कर्म कहलाता है। इससे मन्दाग्नि का नाश तथा अन्न का पाचन होता है।

(६) कपाल भाँति—लुहार की धोंकनी के समान शीघ्रता पूर्वक प्राणायाम द्वारा रेचन करना। इससे कफ के समम्त रोग दूर होते हैं।

इन कर्मों के करने पश्चात् प्राणायाम में अधिक परिश्रम नहीं होता और शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है अतएव योग के पंडितों ने षट कर्मों पश्चात् ही प्राणायाम करना उचित कहा है।

दिनचर्या—प्रात:काल उठ कर आवश्यकीय बातों से निवृत होकर रमणीक स्थान में कोमल आसन पर बैठ कर ईश्वर और गुरु को मन में नमस्कार करे। तथा अपनी लक्ष सिद्धि के लिये संकल्प करे तत्पश्चात आसनों का अभ्यास कर कर्मांग की पूर्ति करे। फिर प्राणायाम से पूर्व आचमन कर पहिले दिन दस प्राणायाम करे। फिर प्रतिदिन दो चार प्राणायामों को बढ़ाता हुआ अस्सी प्रणायामों तक कर डाले।

प्राणायाम से प्राण बन्धन कर मुद्राओं का अभ्यास करे तथा नाद का स्मरण करे। तत्पश्चात अभ्यास से उठ कर गर्म जल से स्नान करे। मध्यान्ह में भी यही अभ्यास करके पथ्य भोजन कर थोड़ा-सा विश्राम करे। इसी प्रकार सन्ध्या और रात्रि को अभ्यास करे।

प्राणायाम-भेद

प्राणायाम के आठ भेद हैं।

(१) सूर्य भेदन—आसन से बैठकर पिंगला नाड़ी द्वारा बाहर का पवन खींचकर सम्भवतय: उसका निरोध करना और इडा नाड़ी द्वारा शनै: रेचन करना। इससे अस्सी प्रकार के बात दोष नष्ट होते हैं।

(२) उज्जार्यी—मुख संयमन कर पिंगला और इड़ा नाड़ी द्वारा पवन को खींचे फिर उसको पूर्ण निरोध कर इड़ा द्वारा रेचन करे। इससे कफ के दोषों का नाश होता है।

(३) सीतकारी—मुख से आकर्षण कर निरोध पूर्वक नासिका के दोनों पुटों से रेचन करना। इससे स्वरूप-वृद्धि होती है देह बल बढ़ता है।

(४) शीतली—ओष्टों से बाहर जिव्हा निकाल कर शनैः पवन का आकर्षण, पूर्ण रोधन पश्चात नासिका के छिद्रों द्वारा धीरे-धीरे रेचन करना। इसके द्वारा गुल्म प्लीहा आदि रोग ज्वर पित्तक्षुधा तृषा आदि नष्ट होते हैं।

(५) भस्त्रिका—पद्मासन बांधकर मुख का संयमन करे और नासिका के एक छिद्र से वेग से रेचन और पूरक प्राणायाम करे।

(६) भ्रामरी—भ्रमर के समान शब्द सहित कुम्भक प्राणायाम करके भ्रमरी के शब्द सहित उसका रेचन करे।

(७) मर्छा—पूरक प्राणायाम के अन्त में जालंधर बन्ध पश्चात् धीरे २ प्राण वायु का रेचन करे। यह प्राणायाम उत्तम सुख देने वाला है।

(८) **प्लाविनी**—पवन के सारे शरीर को भर कर इतना हल्का करना कि बिना आश्रय के जल में तैरना।

प्राणायाम के अन्य भेद

(१) **रेचक**—सम्पूर्ण प्राण को नासिका छिद्रों से बाहर निकाल कर इस प्रकार प्राण वायु से शरीर शून्य कर रोधन करना रेचक प्राणायाम कहलाता है।

(२) **पूरक**—बाहर की वायु को नासिका के छिद्रों से आकर्षण कर उसी नासिका के छिन्द्रों द्वारा नाडियों को भर देना पूरक कहलाता है।

(३) **कुम्भक**—वायु के शरीर में निरोध या धारण करना कुम्भक प्राणायाम कहलाता है।

अब यदि प्राणायाम के अन्य भेदों को कहा जाय तो पुस्तिका बढ़ जायगी। यहां केवल इतना ही कहना पर्याप्त है कि रेचक, पूरक और कुम्भक प्राणायाम के भी कई-कई भेद हो सकते हैं। इन अभ्यासों के करने वाले योगियों की त्रिलोक में कोई वस्तु दुर्लभ नहीं है। इससे राज योग पद भी प्राप्त हो सकता है। कुंभक प्राणायाम से शक्ति रख कुण्डली का बोध होता है और कुण्डली के बोध

से सुषुम्ना नाड़ी कफ आदि बन्धन से मुक्त हो जाती है अर्थात् मोक्ष प्राप्त होता है।

मुद्रा—यह बतलाया गया है कि प्राण वायु का रोधन कर प्राणायाम द्वारा उसको सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करने का प्रयत्न करना चाहिए। ऐसा करने से, सुषुम्ना नाड़ी में प्राण प्रवेश से ईश्वरीय कुण्डली कमल की तरह खिल जाती है। उससे चित्त को कोई क्लेश अवलम्ब तथा अनुराग इत्यादि नहीं रहता, न मृत्यु का भय रहता है। योगी के अन्तर्चक्षु खुल जाते हैं और उसको विश्व में होने वाली बातें स्पष्ट दिखलाई पड़ती है।

इसी कुण्डली की जागृति के लिए मुद्राओं के अभ्यास की आवश्यकता है।

योग शास्त्र बेत्ताओं ने मुद्रा के दस भेद कहे हैं- (१) महा मुद्रा (२) महा बंध (३) महाबेध (४) खेचरी (५) उड्डयान (६) मूल बंध (७) जालंधर बंध (८) बिपरीत करणी (९) बज्रोली (१०) शक्ति चालन।

इन दशों मुद्राओं के अभ्यास से मनुष्य को आठ प्रकार की सिद्धि प्राप्त हो सकती है या यों कहो कि

सिद्धि जो मुद्राओं के अभ्यास से प्राप्त होती हैं वह आठ प्रकार की होती हैं:-

(१) **अणिमा**—संकल्प मात्र से देह का सूक्ष्म करना।

(२) **महिमा**—शरीर को महान स्थूल बनाना।

(३) **गरिमा**—लघु पदार्थ को भारी बनाना।

(४) **लघिमा**—भारी पदार्थ को रुई की तरह हल्का करना।

(५) **प्राप्ति**—समस्त पदार्थों से सामीप्य प्राप्त करना।

(६) **प्राकाम्य**—पृथ्वी में घुसना तथा बाहर निकलना।

(७) **ईशता**—उत्पत्ति, प्रलय तथा पालन का सामर्थ्य।

(८) **वशिता**—पन्च महा भूत को अपने वश में करना।

(१) **महा मुद्रा**—बांये पांव की एड़ी से लिगं और गुदा के मध्य भाग को दबाये और सीधे पांव को इस प्रकार फैलावे कि एड़ी भूमि को स्पर्श करती रहे तथा उगलियां ऊपर को उठी रहें। और

सीधे पांव के अंगूठे को दोनों हाथों की तर्जनी अंगुलियों से जोर से पकड़े तथा पूरक द्वारा वायु भर कर कुंभक करके उसका रोधन करे तत्पश्चात् उसका शनैः रेचन करें यही महामुद्रा है पहले इस को बामांग से प्रारम्भ करे। तत्पश्चात् इसको दक्षिणागं ले भी करे। जब खूब अभ्यास हो जाय तब इस मुद्रा को छोड़े।

इस महामुद्रा के अभ्यास से पञ्चममहाक्लेष नष्ट होते हैं। तथा उसको किसी पथ्यापथ्य का विचार नहीं रहता। विष आदि अनेक हानि कारक पदार्थ साधारण पदार्थों की भांति पच जाते हैं।

(२) महाबंध—बांये पांव की एड़ी से लिंग और गुदा के मध्य का भाग दबा कर बैठे तथा बांये जंघा पर सीधे पांव को रखें फिर चिबुक को हृदय पर धारण करके पूरक प्राणायाम द्वारा वायु आकर्षण करें। तत्पश्चात् कुंभक प्राणायाम द्वारा उस का पूर्ण रोधन करके धीरे-२ रेचन करे। प्रथम बामांग का पूर्ण अभ्यास होने पर दक्षिणांग का अभ्यास भी खूब करे। जब दोनों ओर के अभ्यास बराबर हो जायं तब इस महाबन्ध मुद्रा को छोड़ दे।

इस महाबन्ध मुद्रा द्वारा इड़ा, पिंगला तथा सुषुम्ना तीनों नाड़ियों का संगम होता है और मन की पहुंच बहुत दूर तक पहुंचती है। इस महा मुद्रा के करने से समस्त रोग और क्लेश नष्ट होते हैं।

(३) महाबेध—महा बेध मुद्रा करने की अवस्था में दोनों हाथों पर तलों के सहारे स्थापित करे और इस प्रकार हाथों के सहारे शरीर को उठावे कि महा बेध मुद्रा न खुलने पावे। फिर नासिका के पुटों से वायु ग्रहण कर चिबुक को सीने के पास रख कर कुम्भक प्राणायाम कर चुतड़ों को ताड़ित करे तो प्राण वायु इड़ा और पिंगला दोनों नाड़ियों को छोड़ कर सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश कर जाता है। इस महाबेध मुद्रा के अभ्यास से आठों सिद्धियां प्राप्त होती है तथा इससे वृद्धत्व, कम्पन तथा श्वेतत्व नष्ट होते हैं।

(४) खेचरी—जिव्हा को उलटा फिराकर कण्ठ छिद्रा में प्रवेश करना तथा भ्रकुटी मध्य में निश्चल दृष्टि से देखना खेचरी मुद्रा कहलाता है।

इस मुद्रा के अभ्यास अणिमा आदि समस्त सिद्धियां प्राप्त होती हैं यदि सुन्दर स्त्री आलिंगन भी करे तो भी मन चलायमान नहीं होता।

(५) **उड्डीयान**—नाभि के ऊपर और नीचे के भाग को तान कर पीठ से लगावे ताकि प्राण वायु बंध कर सुषुम्ना नाड़ी में प्रविष्ट हो जाय।

(६) **मूल बंध**—ऐड़ियों से लिंग और गुदा के मध्य को पीड़ित कर के गुदा का संकोचन कर अपान वायु को ऊपर की ओर आकर्षण करे वही मूलबंध कहलाता है। गुदा को ऐड़ी से दबाकर अपान वायु को बल के द्वारा आकर्षित करना जिससे प्राण वायु सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाय।

(७) **जालन्धर बन्ध**—कण्ठ विल को नीचा करके चिबुक को छाती से ४ अंगुल के अन्तर पर स्थापित करने का नाम जालंधर बंध है।

(८) **बिपरीत करणी**-तालू नीचे करना और नाभि ऊंची करना विपरीत करणी मुद्रा है। इसका स्वरूप यह कि पद्मासन दृढ़ कर योगी को चाहिये कि दोनों हाथों और शिर के सहारे उलटा खड़ा हो जाय अर्थात् पद्मासन को अन्तरिक्ष में उठावे। कभी पद्मासन खोले और पांव को सीधे करे और कभी पद्मासन बांध ले। इस प्रकार कुण्डली को खोल देता है।

(९) **बज्रोली**—लिंग संकोचन कर क्षत होने वाले वीर्य को ऊपर को आकर्षित करने से बज्रोली मुद्रा की सिद्धि प्राप्त होती है।

प्रथम तो खलित होते हुए वीर्य को ही आकर्षित करे और यदि खलित हो जाय तो स्त्री के रज सहित खलित वीर्य को आकर्षित करे।

(१०) **शक्ति चालन**—दोनों हाथों की अंगुली बांध कर बाहु मध्य भाग हृदय में दृढ़ स्थापित कर पद्मासन बांधे तथा जालंधर बंध करके ज्योतिस्वरूप का ध्यान करे फिर अधो द्वार रोक कर कुम्भक प्राणायाम करे। इस प्रकार अभ्यास करते रहने से कुण्डली का प्रबोध होता है परन्तु अभ्यास बहुत दिनों तक करना होता है।

केवल यही दस मुद्रा हैं जिन का ऊपर वर्णन किया गया है। योगी जनों के बज्रोली मुद्रा के दो भेद और किये हैं (१) सहजोली (२) अमरोली।

समाधि—प्राणायाम की अधिक मात्रा होने से, जीव के सुषुम्ना नाड़ी में प्रविष्ट होने से, समाधि होती है। समाधि से ही मोक्ष और परमात्मा का दर्शन मिलता है। जीव शोक हर्ष से छूट जाता है।

उसमें कोई बिकार, इच्छा आदि नहीं रहती। उसी समाधि का हम थोड़ा सा यहां वर्णन करते हैं। प्रथम सिद्धासन बांधे फिर दोनों हाथों के अंगूठों से दोनों कानों के छिद्र, तर्जनियों से नेत्र, मध्यामाओं से नासिका छिद्र तथा अनामिका और कनिष्ठकाओं से मुख को रोके तथा आर्धक मुख द्वार से पूरक प्राणायाम कर प्राणवायु को हृदय कमल में धारण करके ऊपर को चढ़ाना तथा उस को सहस्त्र दल कमल में धारण करना समाधि का स्वरूप है। इस समाधि का अभ्यास करते हुए योगी को समाधि की अवधि को सम्भवतय: बढ़ानी चाहिए। इसी अभ्यास से योगी अपान वायु सम्मिलित प्राण वायुमय हो कर सर्व दृष्टा और त्रिकालज्ञ हो जाता है।

अभ्यास करते-करते जब कानों में घंटा आदि नक्कारे की ध्वनि आने लगे तब योंग सिद्धि की पूर्ति समझनी चाहिए।

त्रिकालज्ञ—योग के द्वारा ही मनुष्य को त्रिकालज्ञता प्रास हो सकती है। समाधि की अंतिम श्रेणी में अनेक नाद होते हैं। उसके आन्तरिक चक्षु खुल जाते हैं और ज्ञान की मात्रा बढ़ जाती है। और

उसको हर समय का हाल मालूम होने लगता है। संसार में होने वाली घटनायें उस को इस प्रकार दृष्टिगोचर होने लगती हैं मानों वह उसके समक्ष ही घट रही हों। किसी बात का ध्यान और प्रश्न करते ही उचित उत्तर उनके ध्यान में आ जाता है। भूत, भविष्यत तथा वर्तमान के समस्त ज्ञात होने लगते हैं।

परन्तु समाधि में पूरक रेचक प्राणायाम बहुत ही धीरे-२ करना चाहिए अन्यथा अनेक प्रकार के रोगों के होने का भय है। यहां पर धीरे-धीरे की व्याख्या कर देना भी परमावश्यक है। नासिका छिद्र पर यदि रूई का एक फोया रख लिया जाये तो रेचन या पूरक विधि से वह फोया रहने न पावे। इसी को युक्ति-युक्त विधि भी कहते हैं। इस युक्ति युक्त विधि का ध्यान रखना परमावश्यक है। जिस प्रकार सिंह धीरे-२ अपने पालनकर्ता के बश में आ जाते हैं उसी प्रकार जीव भी बहुत धीरे-२ वशीभूत होता है परन्तु जिस प्रकार सिंह तनिक भी असावधानी होने से अपने पोषक का सर्वनाश कर देता है उसी प्रकार जीव भी अयुक्तियुक्त अभ्यासी को अनिष्ट कर और

पागल बना देता है वह हत्बुद्धि हो जाता है। उसका मस्तिष्क फिर जाता है और पागलों की भांति सबको दुखदाई होता है।

इस प्रकार के पागल बहुत से दुनियां में देखे जाते हैं जो इधर-उधर मारे-मारे फिरते हैं। यद्यपि वह हत्बुद्धि और पागल होते हैं परन्तु फिर भी उनको अनेक प्रकार की विचित्र सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। उनके भाषण में शक्ति होती है उनके मुख से निकली हुई अनेक बातें सत्य बैठती हैं परन्तु उनकी अनेक प्रकार के रोग सताये रहते हैं जिनके कारण उनकी आत्मा अशान्त रहती है।

पाठकों को भी ऐसे पागलों से अधिक काम पड़ा होगा। यह बात असत्य नहीं है अयुक्ति-युक्त योग से कई अभ्यासियों को पागल और रोगी हो जाते हुए स्वयं हमने देखा है अतएव इस विषय से खूब सावधान रहने की आवश्यकता है।

सिद्ध लक्षण—योगाभ्यासी को सिद्धि के लक्षण अवश्य ध्यान में रखने की आवश्यकता है क्यों कि जिस हेतु से वह अपनी समस्त आयु व्यतीत करता है जब तक उसकी पूर्ति के लक्षण न मालूम हों

योगाभ्यासी के हृदय की आशा कमल नहीं खिलता। शरीर में कृशता, मुख पर प्रसन्नता नेत्रों में निर्मलता व आलोक नाद का विकास नीरोगता, धातु विजय जठराग्नि प्रदीपन, शुद्ध नाड़ियां होना बस यही योग सिद्धि के जीते जागते लक्षण हैं।

प्रत्याहार—चक्षु, जिव्हा, नासिका, कर्ण त्वचा पन्चेन्द्रियों का विषय त्यागना प्रत्याहार कहलाता है। चक्षु का विषय रूप देखना जिव्हा का विषय रस स्वादन नासिक का गंध, कर्ण का शब्द सुनना तथा त्वचा का विषय स्पर्श करना है आसन प्राणायाम करके इन विषयों को त्यागन प्रत्याहार है। अर्थात् मन को विषय सम्बन्ध हटाना प्रत्याहार कर्म है।

अब प्रत्याहार की विधि लिखते हैं। खेचरी मुद्रा करके प्राणायाम वायु को ब्रह्मस्थान तक पहुंचावे तथा शिर में सहस्त्र दल कमल से बिशुद्ध चक्र गिरती हुई प्राण वायु को ऊपर चढ़ाय कर नासिक के अर्द्ध विवर में स्थापित करे। उस अर्द्ध विवर में जिव्हा प्रवेश करना मुख को ऊपर कर सहस्त्रदल कमल में प्राण वायु प्रास कुंडलिनी का ध्यान तथा कुंडलिनी का सहस्त्र दल कंमल में प्रवेश करना।

इससे शरीर निर्मल, सुन्दर और समस्त रोगों से रहित रहता है। और वह बहुत काल तक जीवित रहता है। इसके अतिरिक्त और भी बिधियां हैं जिनका वर्णन करना यहां परमावश्यक है।

अपान वायु को ऊपर उठाकर धीरे-धीरे बाह्य वायु का पूरक प्राणायाम करने से योगी सदैव सुन्दर युवक और तरुण बना रहता है।

जिव्हा की सहायता से तालु के छिद्रों द्वारा पूरक प्राणायाम करने से छै महीने में ही समस्त रोगों का नाश होता है।

कण्ठ के ऊपर चन्द्रकलामृत को रोक कर नासिका के ऊर्द्ध विवर से पूरक करें तथा समस्त द्वारों को रोक कर प्राणायाम वायु का पूरक करके ऊर्द्ध मुख होकर भूमि में उत्तान लेट जाय तथा पैरों को भी ऊपर उठादे। इस प्रकार विधि के अभ्यास से मृत्यु की कदापि आशंका नहीं रहती। योगी को अपनी इच्छानुसार देह त्याग की शक्ति हो जाती है।

जो जिव्हाग्र से रंधू अचेतन कर अपने इष्ट देव के ध्यान का अभ्यास करता है उसको स्वाभाविक कविता का सामर्थ्य प्राप्त होता है। उसकी स्मरण

शक्ति अति तीब्र और प्रबल हो जाती है। और जिव्हाग्र से राजदूत के छिद्र अचेतन कर रोकने से समस्त नाड़ियों के मुख रूक जाते हैं।

जिव्हा को लम्बिका के साथ चुम्बन का यथा सम्भव खूब अभ्यास करे। ऐसा अभ्यास करने से योगी को खट्टा, मिट्ठा, चटपटा, नमक, घृत, दुग्ध आदि समस्त रस स्वयं जीव्हा में मालूम होने लगते हैं। योगी की देह कान्चनमयी और परम सुन्दर हो जाती है। उसमें इतनी शक्ति आ जाती है कि स्मरण मात्र से ही समस्त इच्छाओं की पूर्ति हो जाती है।

प्रत्याहार के दो तीन वर्ष के अभ्यास में वीर्य ऊपर चढ़ जाता है जिससे सारा शरीर सौंदर्यमय दृष्टिगोचर होता है तथा योगी को समस्त सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं।

धारणा—आसन, प्राणायाम तथा प्रत्याहार का अभ्यास करने पश्चात् धारणा का अभ्यास करना उचित है। मन तथा प्राण वायु को स्थिर कर चन्च तत्वों को वशीभूत करना धारण कहलाता है। धारणा का तत्व से सम्बन्ध रखने के कारण उसके पांच भेद कहे जाते हैं।

(१) पृथ्वी धारणी—(लः) पृथ्वी तत्व का हृदय में ध्यान करके प्राण वायु को निश्चल बनाना। इस धारण से जल पवनादि सबके स्तम्भन की सामर्थ्य होती है।

(२) वारुणी धारणा—(वं) जल तत्व का अपने अधिष्ठाता के साथ ध्यान करके भावना करना तथा प्राण को लीन करना इस धारण से प्रत्येक वस्तु को जल समान करने की शक्ति प्राप्त होती है।

(३) आग्नेय धारणा—(रं) आग्नेय तत्व का रुद्र के साथ ध्यान करते हुए अपने प्राण को लीन करके मन और प्राण को निश्चल बनाना। इस धारणा के अभ्यास से उसमें बिना अग्नि में अग्नि उत्पन्न करने तथा अन्य वस्तुओं को अग्नि रूप में परिवर्तन करने की सामर्थ्य होती है। उसके शरीर को भी अग्नि नहीं जला सकती क्योंकि इस अभ्यास से अग्नि पर जय होती हैं।

(४) वायवी धारण—(यं) वायु तत्व सहित अपने इष्ट देव का भ्रूमध्य में ध्यान कर प्राण को निश्चल बनाकर भावना करना। इस धारणा से आकाश में गति प्राप्त होती है। तथा वस्तु मात्र को घुमाने की शक्ति आ जाती है।

(५) नमो धारणा—(हं) नम तत्व के साथ ब्रह्म रन्ध्र में अपने इष्टदेव का ध्यान करते हुए अपने प्राण को निश्चल बनाना। इस धारणा के अभ्यास से मोक्ष द्वार खुल जाता है तथा सर्व शोषण सामर्थ्य प्राप्त होता हैं। इन धारणाओं का अभ्यास कर योगी को अद्‌भुत शक्तियां और सिद्धियां प्राप्त करनी चाहिए।

ध्यान—ईश्वर का ध्यान सगुण और निर्गुण दोनों तरह से हो सकता है।

किसी पवित्र और शुद्ध एकान्त स्थान में आसन बांधकर एकाग्र चित्त होकर नासाग्र देखकर अपने इष्ट देव का कुंडलनी सहित ध्यान करना ध्यान कहलाता है।

ध्यान नौ स्थानों का किया जाता है। (१) मूलाधार चक्र (२) स्वाधिष्ठान (३) मणिपुर (४) विशुद्ध (५) अनाहत (६) घंटिका मूल (७) लम्बिका का स्थान (८) आज्ञा चक्र (९) शून्य स्थान।

ईश्वर दर्शन—प्राण वायु का पांच घड़ी दिन दिन तक व्यापार रोकना धारणा ६० घड़ी तक रोकना ध्यान तथा बारह दिनरात्रि तक प्राण वायु को रोकना समाधि कहलाता है। समाधि में ही जीव और परमात्मा

एक हो जाते हैं। मनुष्य समस्त बन्धनों से छूट जाता है। इसी का नाम मोक्ष या मुक्ति है। भूख, प्यास, ऊष्ण, सुख, दु:ख आदि द्वन्द्वों से कोई पीड़ा या उद्विग्नता नहीं होती न शरीर पर बाह्य बातों का कोई प्रभाव पड़ता है। जादू, मृत्यु का भी कोई असर नहीं है। शरीर त्याग उसकी इच्छा पर होता है साक्षात ज्योति: स्वरूप का प्रकाश दृष्टि गोचर होता है।

योग शास्त्र का विषय इतना गहन तथा गम्भीर है कि यदि इस पर सहस्त्र बड़े-बड़े पृष्ठों के ग्रन्थ लिखे जाय तब भी पूर्णतया समझ में न आवे। जिनको सविस्तार योग शास्त्र देखने तथा-मनन करने की इच्छा हो वह गोरक्ष पद्धति, योग दर्शन हट योग प्रदीपिका आदि योग के ग्रंथ देखें।

मेस्मेरेजिम तथा हिप्नोटिज्म

मेस्मरेजिम तथा हिप्नोटिज्म भी योग शास्त्र का एक अंग है। यद्यपि इसकी उत्पत्ति योरुप से हुई है परन्तु इस शास्त्र का प्रचार प्राचीन समय से भारत में रहा है।

इतिहास—अठारहवीं शताब्दी के मध्य तक यूरोप निवासी नक्षत्र आदि के उस सम्बन्ध से जो

उनका प्रकृति तथा मानस एवं प्रत्येक जीवधारी के साथ है निरन्तर अनभिज्ञ थे। वह यह न जानते थे कि जीव धारियों के शारीरिक रंग पट्टों पर आकाश मण्डल का कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं यद्यपि इस बात को हमारे भारतवासी अत्यन्त प्राचीन काल में भी जानते थे। सन् १७-३१ ईसवी में आस्ट्रिया देश में एक मनुष्य एन्थोवी मेस्मर नामक उत्पन्न हुआ। इसी मनुष्य ने अपनी विद्या तथा विद्वता से यह बात सिद्ध की कि नभोमण्डल के तारे नक्षत्र आदि की जीव धारियों के शारीरिक रंग पट्टों तथा मन आदि से घनिष्ट सम्बन्ध है तथा प्रकृति में आकर्षण शक्ति विद्यमान है सर्वत्र एक प्रकार का आलोक छाया हुआ है जिसका नाम औडायल है। और उसकी उत्पत्ति के लिये शरीर बैटरी है और इसी शरीर रूपी बैटरी से यह आलोक हर समय निकल कर फैलता तथा अपना प्रभाव दिखलाता है। इस शारीरिक बैटरी को उचित रीति से काम में आने-औडायल को पैदा करने की विधि आगे लिखी जायगी। इस मानसिक विद्या की उत्पत्ति पर तमाम यूरोप विस्मयान्वित तथा चकित हो उठा। मेस्मर साहब ने

अपनी मानसिक करामातों तथा सिद्धियों से यूरोप को बड़े-२ लाभ पहुंचाये जिनका वर्णन मेस्मर की जीवनी में अच्छे प्रकार से किया गया है। अठारहवीं शताब्दी के अन्त तथा उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में मेस्मर साहिब के नवीन और अनुपम अविष्कार का समस्त यूरोप में डंका बज उठा। इंग्लैन्ड देश में ला फौन्टीन साहिब ने इस मैस्मरेजिम की कुछ सिद्धियों दिखलाई। लोग जादू समझ कर एक बार तो भय-भीत हो उठे। परन्तु अन्ततः मेस्मरेजिम के नियम और तत्व समझाने पर लोगों को थोड़ा बहुत सन्तोष हुआ। यह तत्व कुछ डाक्टर ब्रेड की समझ में अच्छी प्रकार आये। उनको इस विद्या में परदर्शता प्राप्त करने की इच्छा हुई। अतएव उन्होंने इस में पूर्ण अभ्यास किया। और थोड़े ही समय में आश्चर्यकारक उन्नति कर डाली। जिस प्रकार मेस्मर साहब के नाम के साथ इस विद्या का नाम मेस्मरेजिम पड़ा उसी प्रकार ब्रेड नाम के पीछे ब्रेडिज्म भी इसी विद्या को कहते हैं और चूंकि इस में अधिकतर कार्य नेत्रों से लिया जाता है इस लिये इस विद्या को हिप्नोटिज्म के नाम से भी पुकारते हैं। मेस्मरेजिम

के अविष्कार का कारण केवल यह था कि मेस्मर साहिब बिना किसी औषधि आदि के चिकित्सा करने की विधि के बहुत दिनों से अनुसंधान में थे। परमात्मा किसी का परिश्रम व्यर्थ नहीं जाने देता। इस योग विद्या के अंग में उसको मन-मानी सफलता प्राप्त हुई। उसने फ्रान्स, अस्ट्रिया आदि अनेक देशों में घूम कर केवल हाथ फेर कर या फूंक मार कर बड़े-बड़े भयानक रोगों को नष्ट प्रायः कर दिया जिसके कारण आज भी मेस्मर साहिब का नाम जीवित है और ईश्वरेच्छा से वह सदैव अमर और मेस्मरेजिम के इतिहास में सुवर्णक्षरों से लिखा रहेगा।

आकर्षण शक्ति—ईश्वर ने प्रकृति के समस्त पदार्थों में एक ऐसी शक्ति उत्पन्न की है जो एक दूसरे को आकर्षण करती रहती है परन्तु यह बात दूसरी है कि किसी पदार्थ में शक्ति कम है और किसी में अधिक। जिस पदार्थ में शक्ति अधिक है वह कम शक्ति वाले पदार्थ को अपनी ओर खींचता है। चुम्बक शक्ति के कारण चुम्बक में लोहे की सुई चिपक जाती है। कबूतरों के परों को बार-२ शिर के बालों में लगाने से आकर्षण शक्ति बढ़

जाती है। नभोमण्डल के समस्त नक्षत्र और तारे आकर्षण शक्ति की सहायता से ही स्थित हैं। ईंट या गेंद चाहे जितना ऊंचे फैंके जावें अन्तत: पृथ्वी की अधिक आकर्षण शक्ति उनको अपनी ओर खींच लेती है। वह पृथ्वी पर ही गिर पड़ते हैं। बिल्ली के नेत्रों की ज्योति के मारे हमारे नेत्र चुंध्या जाते हैं। इसी आकर्षण शक्ति की महिमा है जो आज मेस्मरेजिम या हिप्नोटिज्म का इतना बोल-बाला है। मेस्मरेजिम में मनुष्य को इसी आकर्षणशक्ति के उत्पादन तथा बुद्धि की चेष्टा करनी पड़ती है।

आयोडायल या आलोक—यह आलोक सर्वत्र फैला हुआ है। प्रकृति के प्रत्येक पदार्थ, तथा जीवधारियों में यह विद्यमान है। मनुष्य के शरीर में इस आलोक का अधिक भाग पाया गया है। यह आलोक चलता फिरता तथा ईश्वरीय नियमों के आधीन हैं। नभोमण्डल के समस्त तारों नक्षत्रों का प्रभाव पृथ्वी पर पड़ता है। अतएव यह आलोक न्यूनाधिक परिमाण में सब जगह विद्यमान है।

मेस्मरेजिम से लाभ—इस विद्या से आज तक जितने लाभ हुए हैं उनका वर्णन करना अनावश्यक

है। बहुधा देखा गया है कि केवल हाथ फेर कर या फूंक मार कर अनेक रोगियों को आराम हुआ है। क्लोरोफार्म का काम भी मेस्मरेजिम से लिया जाता है। मनुष्य के हृदय की छुपी हुई बातों के प्रकाश में इस विद्या से विशेष सहायता मिली है। भविष्य में होने वाली बातों का इसके द्वारा खूब पता चला है। प्राचीन समय की बातों उद्धघाटन में मेस्मरोजिम ने पूरा साथ दिया है घर बैठे हुए अन्य स्थान में होने वाली बातें प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होने लगती हैं। अन्य स्थान पर रहने वाले मनुष्य से बातें करना दूसरों के मन की बाते बतलाना, मनुष्य को बेबस कर देना, बन्द किताबें पत्रादि पढ़ लेना, आन्तरिक रोगों को देखना समझना तथा उनकी चिकित्सा आदि ऐसी बातें हैं जिनको सहस्त्रों मनुष्यों ने अपनी आंखों से स्वयं देख होगा क्यों कि आज भारतवर्ष में भी इस विद्या के जानकार मौजूद हैं और जो अपनी कार्य कुशलता के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। इसके अतिरिक्त और भी अगणित लाभ हैं जिनका यदि सविस्तार वर्णन किया जाय तो एक अच्छी खासी पुस्तक तैयार हो जाय परन्तु हमको यहां सूक्ष्मता का व्यवहार करना

है। एक बात अवश्य है कि जो लोग इस विद्या में पारदर्शता प्राप्त कर लेते हैं उनको मेस्मरेजिम से अनुचित लाभ न उठाना चाहिए क्योंकि प्राय: देखा गया है कि अभ्यास पूर्ण होते ही लोग अपने अनुचित और पैशाचिक विचारों को पुर्ति के लिये अनेक दूषित और निन्दनीय कार्य कर बैठते हैं जो सर्वथा अनुचित है। मेस्मरेजिम में दो मनुष्यों की आवश्यकता होती है। एक आमिल और दूसरे मामूल की।

आमिल—मेस्मरेजिम का अभ्यास करने वाला आमिल कहलाता है।

मामूल—जिस पर मेस्मरेजिम का अभ्यास किया जाय वह मामूल कहलाता है। मामूल एक व अधिक संख्या में हो सकते हैं। अब हम यह बात बतलाना आवश्यकीय समझते हैं कि कौन मनुष्य आमिल हो सकता और कौन मामूल तथा किन मनुष्यों को मेस्मरेजिम का अभ्यास न करना चाहिये।

आमिल के गुण—यों तो कहने के लिए प्रत्येक मनुष्य मेस्मरेजिम का अभ्यास कर सकता है परन्तु उसका आरोग्य होना परमआवश्यक है। यदि आमिल उदार चरित, सन्तोषी, सत्यवादी, धर्म परायण,

ईमानदार, शुद्ध चरित्र, पवित्रहृदय, शान्त, ईश्वरवादी, तथा प्रेमासक्त, हो तो उस मेस्मरेजिम में शीघ्र ही सफलता प्राप्त हो सकती है। यदि आमिल वैज्ञानिक तथा सामुद्रिक शास्त्र का ज्ञाता हो तो उसको इस विद्या अभ्यास में पूर्ण सहायता मिल सकती हैं। अमिल को चाहिये कि वह सदैव शुद्ध, पवित्र रहे, व्यायाम करे तथा हल्का भोजन करे और सम्भव कम सोवे। सदैव प्रसन्न रहे तथा ऐसी बातों तथा झगड़ों से बचता रहे जिनके कारण मन को क्लेश और सन्ताप उठाना पड़े। ऐसे मनुष्यों की संगत से बचे जिनके पास बैठने से दूषित कार्यों में प्रवृति हो। क्योंकि ऐसी बातों के बुरे प्रभाव से हृदय कलंकित दूषित तथा चन्चल रहता है कि जिसके कारण इस विद्या की प्राप्ति में अत्यन्त बाधायें उत्पन्न होती हैं। मांस-भक्षण तथा हिंसा आदि से भी घृणा करनी चाहिये। हम यह नहीं कहते कि जिस मनुष्य में उपर्युक्त गुण न हों वह मेस्मरेजिम में परांगता प्राप्त ही नहीं कर सकता वरन् इसका तात्पर्य यह है कि शुद्ध और धर्मशील आमिल मेस्मरेजिम में शीघ्र ही दक्षता प्राप्त करता है तथा उसकी प्रकृति अच्छे

कामों की ओर रहने के कारण संसार को लाभ ही लाभ होता है। बुरी प्रकृति के मनुष्यों से संसार को हानि ही हानि होती है।

मामूल के गुण—समस्त शरीरों में आकर्षण शक्ति है परन्तु किसी में कम और किसी में अधिक अतएव ऐसे शरीर वाला मनुष्य मामूल बन सकता है जिसमें आकर्षण शक्ति कम हो। जो आमिल की अपेक्षा कम अवस्था वाला हो। जो खूब सुन्दर प्रेममय, सुशील, विश्वासी, तथा धर्मशील हो। नम्र तथा शुद्ध चरित्र हो, जिस का हृदय कोमल हो वह मामूल बनने के लिये बहुत ही उपयुक्त है यदि मामूल के लिये स्त्री या लड़का हो तो और भी अच्छा।

कम उम्र के बच्चों तथा स्त्रियों पर मेस्मरेजिम का शीघ्र प्रभाव पड़ता है। इसका कारण यह है कि उनका हृदय अत्यन्त कोमल होने के कारण आकर्षण शक्ति का शीघ्र प्रभाव पड़ता है। सौन्दर्य भी इसमें मुख्य विषय है या कम से कम मामूल की सूरत शकल ऐसी हो जो नेत्रों को भली मालूम होने वाली हो ऐसा होने से मेस्मरेजिम के अभ्यास में खूब चित्त लगता है और शीघ्र ही सफलता प्राप्त होती

है। इसी कारण मेस्मरेजिम शास्त्रवेत्ताओं ने पत्नि को मामूल बनने के लिये परम उपयोगी और अत्यन्त उपयुक्त बतलाया है। पत्नि के बराबर अपने पति की आज्ञापालक भी कोई नहीं होता और पत्नि पर प्रेम और सौन्दर्य के कारण थोड़े से ही परिश्रम में आकर्षण शक्ति कूद कर अपना प्रभाव दिखलाती है।

अभ्यास स्थान—मेस्मरेजिम के अभ्यास के लिये किसी शुद्ध, और पवित्र स्थान को काम में लावें। यदि सुगन्धि भी हो तो बहुत अच्छा। स्थान पर अन्धकार न हो। रात्रि के समय भी रोशनी का अच्छा प्रबन्ध होना चाहिये। स्थान एकान्त हो, शोर वगैरा न होता हो। रमणीक, मनोहर तथा सुन्दर स्थान में आमिल और मामूल दोनों का मन अभ्यास में अच्छे प्रकार लगता है। मेस्मरेजिम का प्रभाव तीन तरह डाला जाता है। (१) दृष्टि से (२) हाथ के द्वारा (३) किसी चमकदार चीज से।

अब हम वर्णन करना चाहते हैं कि आकर्षण शक्ति के बढ़ाने की रीति क्या है परन्तु इससे भी पहिले आमिल को चाहिए कि वह अपने मन के चान्चल्य को नाश करने का प्रयत्न करे। यद्यपि इस विषय को

पूर्ण व्याख्या और बहस योगाभ्यास में हो चुकी है और योगाभ्यास में बतलाये हुए नियमों से उत्तम नियम मनकी स्थिरता का नहीं परन्तु फिर भी हम इसके विषय में थोड़ा सा लिखना आवश्यक समझते हैं।

मन की स्थिरता—यह भी योगाभ्यास के नियमों में से एक है। इसकी रीति यह है कि किसी शुद्ध पवित्र निर्जन तथा नीरव स्थान पर पालथी मार बैठे और अपनी नासाग्र को दृष्टि जमा कर देखे तथा बाह्य वायु को दहिने नथने द्वारा खींच कर यथा सम्भव उसको रोके तथा धीरे-धीरे उसका रेचन करे। साथ ही हृदय में ईश्वर का ध्यान कर मन को चारों ओर के विचार से हटावे। इस प्रकार के प्राणायाम के अभ्यास से बुरे विचारों का हृदय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता तथा मन में स्थिरता, शक्ति तथा बल उत्पन्न हो जाता है।

आकर्षण शक्ति बढ़ाना

मेस्मेरिजिम के अभ्यास की चाबी केवल आकर्षण शक्ति है। आकर्षण शक्ति की वृद्धि से ही आमिल करामात दिखा सकता है और यही कारण है कि मेस्मेरिजिम सीखने वाले की स्थिरता के पश्चात्

आकार्षण शक्ति के बढ़ाने का पूर्ण अभ्यास करना चाहिए। जिस मनुष्य की आकर्षण शक्ति जितनी बढ़ी हुई होगी वह उतना ही होशियार सुदक्ष तथा प्रभावशाली मनुष्य हो सकेगा।

(१) **दृष्टि**—नेत्रों की दृष्टि द्वारा मामूल पर प्रभाव डाल कर उसे वशीभूत किया जाता है अतएव पहिले दृष्टि की आकर्षण शक्ति बढ़ाने की तरकीव लिखते हैं। पहिले एक सफेद कागज पर एक पैसे या अधन्ने के बराबर काली स्याही का चिन्ह बनाओ। स्याही खूब तेज और एक सी हो तथा उसको एकान्त और नीरव कमरे में उत्तरी दीवार पर इस प्रकार टांग दो कि वह नेत्रों की सीध से ऊँचा नीचा न हो ताकि उसके देखने में गरदन को न उठाना पड़े और न झुकाना पड़े अभ्यास के लिये प्रातःकाल से उत्तम समय और कोई नहीं है। अब पालथी मार कर एक दृष्टि से उस चिन्ह को टकटकी लगा कर देखना आरम्भ करे। और जब तक आखें देखते-२ थक न जांय, नेत्रों से जल न निकल पड़े तब तक बराबर देखता रहे। इस ने नेत्रों को किसी प्रकार की हानि नहीं होती। हां नेत्रों पर जोर पड़ने से पानी अवश्य

निकल पड़ता है परन्तु इससे कोई हानि नहीं होती वरन् इससे सरासर लाभ ही लाभ है। नेत्रों की ज्योति बढ़ जाती है परन्तु दृष्टि जमाते समय इस बात का खास ध्यान रखो कि श्वास वेग गति से चलने न पावे और पलक बार-बार न मिचने पावें।

इस कार्य के अभ्यास में स्थिरता, शान्ति तथा सन्तोष की अधिक आवश्यकता है। पहिले ही दिन दो तीन मिनट की टकटकी से ही जल निकल आवेगा परन्तु साहस न छोड़ना चाहिये चित्त को एकाग्र रखो प्रतिदिन इसका अभ्यास करना चाहिये। धीरे-धीरे आपकी महारत यहाँ तक बढ़ जाएगी कि आप एक एक घंटे दो दो घंटे तक देखने का अभ्यास कर सकते हैं। जब तक ऐसा अभ्यास न हो तब तक कदापि न छोड़ें।

जब काले चिन्ह पर आप की दृष्टि अच्छे प्रकार जम जायगी और ज्यों-ज्यों आप की दृष्टि पड़ने का समय बढ़ता जायेगा त्यों-त्यों आप को वह काला चिन्ह पहिले कई रंगों में परिवर्तित होता हुआ दिखलाई पड़ेगा फिर धीरे-धीरे वह काला चिन्ह सर्वथा आलोक में बदल जायगा। यहां तक कि उस

आलोक के तेज से नेत्रों में चकाचौंध उत्पन्न होने लगेगी। यह आलोक इतना तीव्र होता है कि उसके सन्मुख सूर्यालोक भी कोई चीज नहीं है। जब यहां तक नौबत पहुंच जाय तो समझ लो कि नेत्रों में आकर्षण शक्ति पूर्ण रूप से उत्पन्न हो गई और वह मेस्मरेजिम करने के योग्य हो गया।

यह परमावश्यक है कि अभ्यास करने से पूर्व कुछ हल्का भोजन फल आदि अवश्य खा लेना चाहिये और अभ्यास के पश्चात् दुग्ध आदि पौष्टिक पदार्थ का अवश्य सेवन करना चाहिए। जहां तक सम्भव हो गर्म चीजों से जिनसे रुधिर में गड़ बड़ी होने की सम्भावना हो सदैव बचे रहना चाहिये।

प्राय: ऐसा होता है कि इस अभ्यास के समय आंखों में झपकी आने लगती है। उस समय अभ्यास बंद कर देना चाहिये। तथा फिर स्वस्थ और ताजा होकर अभ्यास करना चाहिये।

नेत्रों में आकर्षण शक्ति बढ़ाने की दूसरी विधि यह भी है कि, एकान्त कमरे में एक दर्पण पर दृष्टि जमाने का अभ्यास किया जाय। इस में भी उन्हीं समस्त बातों का ध्यान रखना चाहिये जिनका ऊपर

वर्णन हुआ है बहुत से लोग अन्य चमकदार चीज से भी नेत्रों की आकर्षण शक्ति के बढ़ाने का अभ्यास किया करते हैं।

(२) हाथों की आकर्षण शक्ति—मेस्मेरेजिम की बहुत सी क्रियाओं में हाथ फेर कर मामूल को वश में किया जाता है। इस हाथ फेरने को मेस्मेरेजिम में पास करना कहते हैं।

हम पास के सम्बन्ध में आगे चलकर विस्तृत रूप से लिखेंगे। यहां पर केवल हाथों में आकर्षण शक्ति के उत्पन्न करने की विधि कहते हैं।

एक सुन्दर निर्जन नीरव स्थान में शुद्ध पवित्र होकर इसका अभ्यास इस प्रकार बढ़ाओ कि एक तिपाई पर एक बड़ी सी किताब खोल कर रखो और आप भी उसके पास बैठ जाओ। अब आप अपने हाथों को इस प्रकार रखो कि उंगलियां न तो एक दूसरे को छू सकें और न किताब के पृष्ठों को ही स्पर्श कर सकें परन्तु हो बहुत ही पास तथा उंगलियां नीचे की ओर कुछ-कुछ झुकी हुई हों तत्पश्चात् हाथों को किताब से सिर तक धीरे-२ ले जाये और फिर वापिस किताब तक ले आवे। अधिक

से अधिक एक मिनट में तीन चार पास होना चाहिये। इसमें भी तनिक परिश्रम तथा स्थिरता की आवश्यकता है। पहिले दिन शीघ्र ही हाथ दुख जायंगे परन्तु नित्य का अभ्यास किसी तरह का कष्ट नहीं होने देता। थोड़े ही दिनों के अभ्यास में हाथों की उंगलियों को कुछ गरमी सी मालूम होने लगेगी और जब उंगलियां पास करते समय मुंह तक आवेंगी तो भी चेहरे को कुछ गरमी का सा आभास होने लगेगा। और जब ऐसा ज्ञात होने लगे तब समझ लो कि हाथों में भी आकर्षण शक्ति उत्पन्न हो गई।

पास—मेस्मरेजिम में हाथ फेर कर अर्थात् पासों द्वारा भी मामूल को अचैतन्य किया जाता है। यह पास कई प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के वह पास हैं जो शरीर के किसी विशेष भाग पर किये जाते हैं। यह छोटे पास होते हैं। शरीर के किसी भाग से लेकर उसके अन्य तक हाथ फेरना सीध छोटा पास है। और ठीक उसके विपरीत हाथ फेरना उल्टा छोटा पास है। पेट से लेकर पांव तक हाथ फेरना बांह से लेकर हाथ की उंगलियों तक पास करना सीधा पास है और उसके ठीक विपरीत पास करना उल्टा है।

दूसरी प्रकार के पास दीर्घ पास कहलाते हैं। इस में शिर से पांव तक हाथ फेरना सीधे पास कहलाते हैं और ठीक विपरीत हाथ फेरना उलटे पास कहलाते हैं।

तीसरी प्रकार के पास आकर्षण पास हैं जो सन्मुख बैठे हुए मनुष्य को आह्वान करने के लिये हाथों को प्रयोग करना पड़ता है। मानों किसी के हाथ चलाकर बुलाते हैं और ठीक उसके विपरीत हाथ से मानों ढका होना विपरीत पास कहलाते हैं। यह पास अधिकतर सभा आदि में बैठे हुए मनुष्यों पर अपनी करामात दिखाने के लिये प्रयोग किय जाते हैं। जिस मनुष्य की ओर तीव्र दृष्टि से देखकर हाथ द्वारा आवाहन करोगे वह तुम्हारी ओर खिंच आवेगा।

सीधे पास मेस्मरेजिम का प्रभाव डाल कर अचैतन्य अर्थात् आकर्षित करने के लिये प्रयोग किये जाते हैं और उलटे पास प्रभाव के उतारने के लिये।

मामूल का चुनाव—मामूल के गुण हम पहले लिख चुके हैं यदि ऐसे गुण वाले कई मामूल मिल सकें तो फिर यह देखना चाहिये कि कौन मनुष्य मामूल बनने के उपयुक्त है क्योंकि आमिल के लिये

यह आवश्यक बात है कि वह एक ही मामूल पर अपना अभ्यास करे।

मामूल के चुनाव के लिये सबसे बड़ी बात यह देखने की है कि किस में आकर्षण शक्ति शीघ्रतर गृहण करने की क्षमता है यदि बात उस का अनुसन्धान हो गया तो फिर उपयुक्त मामूल मिल गया और अभ्यास भी पूर्ण हो गया ही समझो।

किस हृदय में आकर्षण शक्ति शीघ्रतर गृहण करने की क्षमता है इस बात के जानने की विधि नीचे दी जाती है।

एक निर्जन और रमणीक स्थान में पांच छै लड़के या लड़कियां इस प्रकार बिठलाओ कि एक दूसरे से उनका शरीर छूने न पावे। एक लड़के का अंगूठा दूसरा लड़का पकड़े रहे और एक घेरा बन जाय उस घेरे में आमिल स्वयं भी सम्मिलित हो जाय बीच में एक शीशे के ग्लास में पानी भर कर रख दे और सब लड़कों वा लड़कियों से कह दे कि वह एकाग्र चित्त होकर उस ग्लास के पानी की ओर टकटकी लगाकर देखते रहें और आमिल स्वयं अपने हृदय में मामूल के चुनाव का ध्यान करके अपने

मामूलों की ओर देखता रहे। पन्द्रह बीस मिनट में ही आकर्षण शक्ति का विकास होगा। लड़कों के मष्तिष्क शिथिल होने आरम्भ हो जायेंगे और किसी न किसी लड़के के ने शीघ्र बन्द होने लगेंगे। जिस लड़के को सबसे पहले नींद आवे बस वही मामूल बनने के सर्वथा उपयुक्त है। अंगूठा छोड़कर और फौरन पानी का ग्लास उठा देना चाहिये तथा तुरन्त ही उल्टे पासों का प्रयोग करना चाहिये जिससे आकर्षण शक्ति का प्रभाव उतर जाय।

मेस्मेरिजम का अभ्यास— आमिल, मामूल तथा स्थान के सम्बन्ध में पहिले पर्याप्त रूप से लिखा जा चुका है। अब हम केवल अभ्यास के सम्बन्ध में लिखेंगे। मामूल को आकर्षण शक्ति द्वारा अचैतन्य करने की बहुत सी विधियां है जिन में से कुछ का हम यहां वर्णन करेंगे परन्तु मामूल को अचैतन्य करने की सर्व व्यापक विधि जो आज कल प्रचलित है उसका वर्णन हम सबसे पहिले करते हैं।

एक सुन्दर एकान्त सुगन्धित कमरे में आमिल उत्तर की ओर मुंह करके बैठे और मामूल को भी अपने सामने मुंह करके बिठा ले। दोनों पालती

मार, सांसारिक तमाम चिन्ताओं से रहित होकर बैठें। मन में यह धारण हो कि मेरा आकर्षक प्रभाव मामूल को अचैतन्य कर देगा और मामूल को भी धारण हो कि मेरे ऊपर आकर्षण शक्ति का प्रभाव पड़ने वाला है। इसके पश्चात् आमिल मामूल के दोनों हाथों को अपने हाथों से इस प्रकार पकड़े कि अपने दोनों अंगूठे मामूल के हाथ की हथेलियों पर हों और उंगलियां मामूल के हाथ की पीठ पर। साथ ही आमिल अपने नेत्रों की दृष्टि मामूल के नेत्रों पर टकटकी लगाकर जमावे। आमिल के शरीर की आकर्षण शक्ति विद्युत प्रभा के लगाव की तरह मामूल के शरीर में प्रवेश करना आरम्भ हो जायगी और ज्यों-ज्यों देर होती जायगी उस शक्ति का प्रभाव मामूल के नेत्रों पर पड़ता हुआ दिखलाई पड़ेगा। अर्थात् मामूल के नेत्र आकर्षण शक्ति से प्रभावित होकर आमिल के नेत्रों की शक्ति का सामना करने की ताकत रख सकेंगे। मामूल के नेत्र झपने लगेंगे और धीरे-२ मामूल की आंखें मिच जाएंगी और मामूल के अचैतन्य हो जायगा। उसी समय धीरे से मामूल को लिटा देना चाहिये।

पाठकों को यह समझ लेना चाहिये कि जितनी देर इस विधि के वर्णन करने में लगी है उतनी ही देर में मामूल अचैतन्य हो जायेगा।

यह बात एक प्रांरम्भिक अभ्यासी के लिये सर्वथा असम्भव है। मामूल को अचैतन्य करने की पूर्ण शक्ति की क्षमता प्राप्त होने तक कई दिन लग जाते हैं अतएव अभ्यासी को चाहिये कि यदि दो एक दिन कार्य में सफलता न हो तो साहस न छोड़ना चाहिये। दूसरे दिन फिर उस कार्य को नियत समय पर करना चाहिये। कई दिन के बराबर अभ्यास से मामूल अवश्य ही अचैतन्य हो जायगा। अतएव अभ्यास के समय घबराना न चाहिये और न हताश होकर सारा परिश्रम नष्ट ही कर देना चाहिये तुम्हारे अभ्यास के समय मामूल को घबराहट हो तो तुरंत ही अभ्यास बन्द कर देना चाहिये अतएव मामूल को भी पूर्ण स्थिर और सन्तुष्ट होना चाहिये।

एक बात और भी ध्यान करने योग्य है। जब आमिल मामूल के नेत्रों से नेत्र मिलाता है उस समय अभ्यास करते ही करते आमिल की दृष्टि में मामूल अत्यन्त स्वरूपवान मामूल होता है। अतएव आमिल

के लिये यह परम आवश्यक है कि वह अच्छा जितेन्द्रिय हो अन्यथा सारा काम चौपट हो जायेगा और लाभ के अतिरिक्त हानि होने की अत्यन्त सम्भावना है। यही कारण है कि मेस्मरेजिम के अभ्यास करने के लिये छोटे लड़कों को ही चुनना अच्छा समझा गया है।

दूसरी विधि—आमिल उत्तर को मुख करके बैठे और मामूल को अपने हाथ मे दबाता रहे तथा उसके नेत्रों की ओर टकटकी लगाकर देखता रहे तो थोड़ी ही देर में मामूल के ऊपर अचैतन्यता छा जायेगी।

तीसरी विधि—उपर्युक्त रीति से आमिल स्वयं बैठ कर मामूल को अपने सामने बिठलावे तथा उसके दोनों हाथों में चुम्बक पत्थर दे दे या अन्य कोई चमकदार चीज दे दे। फिर उससे कह दे कि वह उसको ध्यान के साथ देखता रहे तथा मामूल के मस्तिष्क पर आमिल अपने नेत्रों की तीव्र दृष्टि का प्रभाव डाले तो मामूल अवश्य ही थोड़ी देर में अचैतन्य हो जायेगा।

चौथी विधि—आमिल अपने हाथ में दो चुम्बक की गोलियां ले ले और दो गोलियां मामूल के दोनों

में दे दे। तथा आमिल को चाहिये कि वह ध्यान देकर मामूल के नेत्रों की ओर देखता रहे तो थोड़ी देर में मामूल अचैतन्य हो जायेगा।

पांचवी विधि— क्रिस्टल को तनिक दृष्टि से ऊंचा करके रख दो और मामूल को उसे ध्यान से देखने के लिये कहो तथा स्वयं उसकी ओर ध्यान देकर देखो तो मामूल शीघ्र ही अचैतन्यता लाभ करने लगेगा।

मामूल से प्रश्नोत्तर

मामूल को अचैतन्य करने की कई रीतियां लिखी गई हैं और भी बहुत सी लिखी जा सकती हैं परन्तु विस्तार भय से यहां लिखने में असमर्थ हैं। यह याद रहे कि अभ्यास के कमरे में अधिक मनुष्यों की भीड़ न हो और न वह ऐसा काम करे जिससे शोरगुल आदि हो या आमिल के अभ्यास में किसी प्रकार का विघ्न हो। किसी प्रकार भी ध्यान बटाने वाली बात न होनी चाहिये आमिल को अपने अभ्यास के समय घड़ी आदि जो जरा भी जोर से टन-टन करती हो कदापि न रखना चाहिये क्योंकि उससे बार-बार चित्त में अनैक्यता उत्पन्न होने लगती है।

अस्तु, जब मामूल अचैतन्य हो जावे तो उसको धीरे से एक तकिये के सहारे लिटा देना चाहिये ताकि उसको किसी प्रकार का कष्ट न हो मामूल के अचैतन्य हो जाने में दो व्यवस्थायें होती हैं। किसी मामूल की आंखें बिलकुल बन्द हो जाती हैं और किसी के नेत्र अध खुले रहते हैं परन्तु इस अचैतन्यता का यह अभिप्राय कदापि न समझना चाहिये कि मामूल अपनी आन्तरिक अवस्था से भी अनभिज्ञ है। आप उससे जिस प्रकार के प्रश्न करेंगे मामूल उसका ठीक और तुला हुआ सच्चा उत्तर देगा। यदि दो एक दिन वह उत्तर न दे तो घबरा न जाना चाहिये। सन्तोष से फिर काम करना चाहिये गामूल अवश्य उत्तर देगा। प्रत्येक प्रश्न ऐसा हो कि वह मामूल की समझ में आ सके तथा हर एक प्रश्न के बाद इतना ठहरना चाहिये उसको आराम करने तथा सोचने का पूरा अवकाश मिल सके।

—०—

प्रभाव का उतार—जब मामूल से मेस्मरेजिम का काम निकल जाय तब सिद्ध को उलटे पास कर करके सचेत कर देना चाहिये। जब तक मामूल सचेत न हो अपने उलटे पासों को बराबर जारी

रखो और यदि आमिल का अभ्यास अच्छा बढ़ गया है तो उसको उलटे पास करने की भी आवश्यकता नहीं होती। वह जिस समय मामूल को सचेत होने की आज्ञा देगा उसे तुरंत होश आ जायेगा। इसका कारण यह है कि सीधे पासों के द्वारा आमिल की आकर्षण शक्ति मामूल के शरीर में प्रभावित होकर उसकी बाह्य इन्द्रियों को निर्बल बना देती है मानो विद्युत प्रभा का आक्रमण हो जाता है परन्तु उलटे पास करने से मामूल के शरीर की आकर्षण शक्ति निकल कर फिर आमिल के हाथों में वापिस चली आती है। परन्तु जिस अवस्था में कि उलटे पास करने की आवश्यकता नहीं होती उसमें मामूल आमिल का परम आज्ञाकारी होता है आमिल का विचार शक्ति के बल से ही आज्ञा देते ही मामूल की अचैतन्यता नष्ट हो जाती है। अतएव नौसिखों को उलटे पासों के द्वारा ही मामूल को सचेत करना आवश्यक है और पूर्ण अभ्यासी को अपनी इच्छा के अनुकूल उतार करना चाहिये।

अचैतन्यता का कारण—बहुत से मनुष्यों के हृदय में यह स्वाभाविक प्रश्न होगा कि मामूल की

बाह्य इन्द्रियों के (स्मरण शक्ति तथा भाषण को छोड़कर) शिथिल हो जाने का क्या कारण है। इसके सविस्तार विवरण देने के लिये तो अधिक समय और स्थान की आवश्यकता है अतएव हम यहां पर इसका मोटा तत्व बतला देना ही उचित समझते हैं। मनुष्य के नेत्रों की पुतलियां मानों शरीर रूप ग्रह की दो शीशे की किवाड़ें हैं। आमिल को जब अच्छा मेस्मरेजिम का अभ्यास हो जाता है तो वह इन्हीं नेत्र द्वारों द्वारा मामूल के समस्त आन्तरिक शरीर की निरीक्षण कर लेता है चूंकि यह स्वाभाविक मोटा तत्व है कि विशेष आकर्षण शक्ति अल्प आकर्षण शक्ति को अपनी ओर खींच लेती है। जैसा कि हम पहिले वर्णन कर चुके हैं कि गेंद या ईंट फेंकने से वह पृथ्वी पर ही आ पड़ती है क्यों कि गेंद या ईंट की अपेक्षा पृथ्वी में आकर्षण शक्ति बहुत ही अधिक है और चूंकि यह बात हम पहिले कह चुके हैं कि मामूल आमिल की अपेक्षा छोटा निर्बल तथा आज्ञाकारी विश्वासी तथा कर्त्तव्य शील हो अतएव मामूल में आमिल की अपेक्षा आकर्षण शक्ति बहुत कम होती है या यदि अधिक होती है तो मामूल

अपने उस समय की अवस्था से प्रकाशित कर देता है कि उसमें आमिल की अपेक्षा आकर्षण शक्ति न्यून है परन्तु वास्तव में आमिल के आकर्षण शक्ति की अधिक परिमाण बढ़ा लेने के कारण मामूल की आकर्षण शक्ति सर्वदा ही कम होती है अतएव यह आवश्यकीय और स्वयं सिद्ध है कि आमिल की आकर्षण शक्ति की अधिकता मामूल की आकर्षण शक्ति की न्यूनता को अपनी ओर खींच लेगी। चूंकि नेत्र ही शारीरिक बढ़े गृहद्वार हैं अतएव आमिल के नेत्रों की शक्ति अदृष्टव्य ज्योति के तार द्वारा मामूल के नेत्रों में होकर शरीर में प्रवेश कर जाती है तथा उसके नेत्रों की आकर्षण शक्ति को खींच्र कर उनको शिथिल कर देती है यही कारण है कि उसके नेत्र बन्द हो जाते हैं तथा वह अचैतन्य हो जाता है।

ठीक उत्तर देने का कारण—पाठकों को इस बात से परम आश्चर्य होता होगा कि एक मामूल अचैतन्य होने पर आमिल के प्रश्नों का कैसे ठीक-ठीक उत्तर दे देता है तथा उसको भूत भविष्यत तथा वर्तमान का ज्ञान कैसे हो जाता है। इस विषय पर अधिक विस्तार से तो आगे लिखेंगे जो मेस्मरेजिम की अवस्थाओं के वर्णन में मिलेगा। यहां केवल

थोड़ी सी मोटी-मोटी बातें ही लिख देना उचित समझते हैं। मनुष्य जब सो जाता है तो वह अनेक स्वप्न देखता है। बड़ी-बड़ी अद्‌भुत घटनायें उसको स्वप्नावस्था में दृष्टिगोचर होती हैं। कभी उसका जीव किसी देश में पहुंच जाता है और कभी कहीं। बहुत से ऐसे स्थानों के भी दृष्य देखने में आते हैं जहां कि वह मनुष्य न कभी गया हो और न जिसका किसी ने नाम कभी न सुना हो। इससे स्पष्ट विदित है कि जीव की गति बड़ी विलक्षण है क्योंकि बहुत सी स्वप्न की बातें सत्य भी बैठ जाती हैं। यह बातें हमारे दिन रात के अनुभव की हैं।

मामूल के अचैतन्य होने पर मामूल का जीव आमिल का आज्ञाकारी हो जाता है। जीव के आने जाने के लिये किसी स्थान में रोक नहीं है अतएव वह आमिल की आज्ञानुसार चाहे जिस स्थान और अवस्था में पहुंच जाता है तथा जैसा उसको दृष्टि आता है ठीक वैसा ही उत्तर देता है। मैस्मरेजिम की पृथक-पृथक अवस्थाओं में हम बतलावेंगे कि मामूल का जीव कहां-कहां पहुंच कर क्या-क्या कर सकता है क्योंकि भूत, भविष्यत और वर्तमान में दूसरे स्थान में होने वाली बातों को मामूल इस

प्रकार बतलाता है मानों वह उन बातों को सम्मुख होती हुई देख कर बतला रहा हो। अचैतन्यता दूर होने पर मामूल को बहुत सी बातें याद नहीं रहतीं जिस प्रकार कि सोते से उठने वाले मनुष्य को अपने स्वप्न की बातें याद नहीं रहतीं।

पाठकों के मनोरंजन के लिये मैं एक घटना का वर्णन करना चाहता हूँ। एक मनुष्य जो मेस्मरेजिम विद्या में बड़ा कुशल और दक्ष था हमारे स्कूल में जबकि मैं एन्ट्रेन्स में पढ़ता था, आया हुआ था। हम लोग मेस्मरेजिम की आश्चर्यजनक घटनाओं को अपने सामने देखने के लिये बहुत दिनों से लालायित थे। हम चार पांच लड़के उस मेस्मरेजिम वाले को घेरे हुए कमरे में बैठे हुए थे कि यकायक हमारे हेडमास्टर साहिब कमरें में आये। उनके चेहरे की हवाइयां उड़ी हुई थी उनके इस आकस्मिक आगमन पर हम लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने आते ही मुझ से पूछा "हमारी जेब घड़ी कोट में से गायब है न मामूल किसने निकाल ली। बहुत ढूंढा पता नहीं मिला। क्या तुम हमारी मदद कर सकते हो? मैंने उसी समय हेडमास्टर साहब से मेस्मरेजिम द्वारा

घड़ी के हालात मामूल हो जाने की बात कही तथा मेस्मरेजिम वाले मनुष्य का भी उनसे परिचय कराया हेडमास्टर यूरोपियन थे। उनको मेस्मरेजिम पर पूर्ण विश्वास था। उसी समय बीच के हाल में प्रबन्ध किया गया। और एक छोटा खूबसूरत लड़का जो छोटे दर्जे में पढ़ता था बुलाया गया। कमरे में हम चार लड़के, मेस्मरेजिम वाला, हेडमास्टर तथा छोटे दर्जे में पढ़ने वाला लड़का कुल आठ मनुष्य थे। सब चुपचाप बैठे हुए मेस्मरेजिम करने वाले की ओर विस्मय कारक दृष्टि से देखने लगे उसने उस छोटे बच्चे को अपने सामने बिठला कर अपने नेत्रों की ओर देखने के लिये कहा और थोड़ी ही देर उसको अचैतन्य कर दिया।

मामूल को अचैतन्य करने बाद आमिल ने उसको एक तकिये के सहारे लिटा दिया। फिर इसके बाद आमिल ने कुछ पढ़कर के मामूल के मुंह पर दम किया। हम लोग आमिल की ओर बड़ी उत्कन्ठा और आश्चर्य के साथ देखने लगे। आमिल ने इस प्रकार प्रश्न करने आरम्भ किये।

प्रश्न—कन्चन (मामूल का नाम)

उत्तर—हां,
दीमक का इलाज

एक तौला ल्कौड आफ मरक्यरी पारा हलकिया हुआ जिसको (कारोसिव सिविल मेठ) भी कहतें हैं। १४४ तोले पानी में मिलाकर उस पानी को किताबों और कागजों पर छिड़कें तो दीमक और दूसरे कीड़े कभी न लगें।

तदबीर दीमक दफा की

चित्तौर के पत्ते जलाने से दीमक दफा हो जाय।

मसानादिक रोगों का इलाज

जो पीपर के पेड़ पर जमे नीम का रुख।
अथवा एकहिं मूल सों उपजें दोऊ रुख॥
ढ़ाई पाती नीव की ढ़ाई मिर्च मंगाय।
तिहि की गोली बांधिके रोगी कों जो खिलाय॥
मिटि जावें दुख देह के पल्ला भारी मसान।
खांसी पसरी डबकि या बहुरि न पावे आन॥

पसली खांसी का इलाज

एक बाल सुबरन की लीजे।
अग्नि माहि ताती करि दीजे॥
खांसी जिहि बालक के होवे।
टीर उठे खांसी तिहि जोवे॥
तहां दाग बाली सों दीजे।
चंगा होय रोग सब छीजे॥

डबके का इलाज

शनि रवि बारे शशा मंगावे।
ताका रुधिर कढ़ाय धरावे॥

जो बालक रोगी कोई आवे।
जिहि को डबका बहुत सतावे॥
ताको मूली रुधिर खवावे।
खाते ही चंगा हो जावे॥
मिटे रोग सब उसके तनका।
चले न पसली उठे न डबका॥

पल्ले का इलाज

जिहि बालक पर पड़े जो पल्ला दुख पावे अति भारी।
सूखे मांस हाड़ रह जावें कृष देही हो सारी॥
जो कोई मंगल को जावे रजक सिला न्यौता का आवे।
दूजे मंगल ले बालक को उसी सिला पर जावे॥
जो कपड़े बालक तनमें ते उतार डरपावे।
दाल चने की जोले जावे सिला तरे दरकावे॥
बालक को सिल पर बैठा के जलसों वहां नहवावें।
बहुंरू कपड़े नये पिन्हा कर बालक को घर लावे॥
ज्यों २ फंरे दाल चना की त्यों बालक फूले।
देह रोग कढ़ि जावें सिंगरे बहुरि आय नहीं भूले॥

स्त्री का मसान रोग जाय

जिस नारी के होय मसान का खटका।
तिसके नहिं जीवे पूत कीजिये लटका॥

जब होवे नारी गर्भवती तब लावे।
कहीं ला बादर की बींट ताहि सुखरावे॥
एक पके पान में धरिके नारी जो खावे।
जो बीतें दिन इक्कीस तहां लों खावे॥
जब बालक पैदा होय चांवर भरि लावे।
तिहि घुट्टी मोम मिलाय कंठ में नावे॥
वह बालक अच्छा रहे और मंहतारी।
रख ध्यान हरी का करे पुण्य जो भारी॥

बालक के मसान का इलाज

शनि को जंगल जावे कोई।
गिरगट मारके लावे सोई॥
रवि को राख जराय करावे।
गूगर धूनी अग्नि धरावे॥
जो रोगी मसान का आवे।
ताको राख रती भर खावे॥
तनसों रोग तुरत कटि जावे।
चंगा होय ब्रह्म सुख पावे॥
बहुरि रोग तिहि पास न आवे।
पूरा गुरु यह भेद बतावे॥

परी की छाया का इलाज

छाया परियों की परे जिहि बालक पर आय।
वाका तन निर्जीव हो प्रतिदिन घटता जाय॥
कान पकर कर चूंटिये पीड़ा तनक न होय।
मांखी जो खिलवाइये उलटी करने सोय॥
जो चाहे इहि बात कों रोगी अच्छा होय।
कहूं जतन सो कीजिये निश्चें चंगा होय॥
बनवाके लावे प्रथम एक खटोला काट।
हो सेमर की लाकड़ी या पीपर का काठ॥
ताहि बुणावे सूत सों काचा होय जा सूत।
पांचो रंग मंगाय के बहुरि करे करतूत॥
उड़द चून का पूतला एक बनाकर लाय।
तिस पर रोगी अंग का मैल उतारी चढ़ाय॥
लावण लंहगे माहिं का टूक तनकसा लाय।
पुतला के सिर पर धरे मनु उठाय दाय॥
फिर पुतला को सात बर रोगी ऊपर वार।
उसी खटोला पर धरे अरु पांचो रंग धार॥

लेह हाथन पर जा चढ़ं पीपर ऊपर ताहि।
भिन्न भिन्न सब खोल के रंग को देय उड़ाय॥
जो हां पर होवे नदी ताहि उतर कर जाय।
रामसत्त है बोलके पुतला देय बहाय॥
जो नांही होवे नदी तो उसही पीपर धार।
मुख कर धो बैठे कहीं फिर आवे निज द्वार॥
ऐसा जतन जो कीजिये रोगी अच्छा होय।
फिर पास आवे रोग नहीं प्रतिदिन अच्छा होय॥

पानी की बदबू दूर करना

कुए या बावड़ी के पानी में बदबू अर्थात् दुर्गंधि आती हो तो पक्की शोखा सवा सेर कसीस उसमें डाल दें, थोड़ी देर बाद पानी की बात जाती रहेगी कसीस के पानी में मिलने से किसी तरह का नुकसान नहीं होता बल्कि मादे को तक विलय होती है इसी तरह जिस जमीन या जगह में पेशाब की बदबू हो थोड़ा कसीस पानी में घोलकर डालने से दुर्गंधि जाती रहेगी इसका अक्षर तजुर्बा किया गया है और कम खर्च में बहुत फायदा होता है।

सुनहरी लाख बनाने की तरकीब

बेनिसटर पन्टाइन ४ औंस उमदा शललैक ८ औस सोने के वर्क १४ बिरोजा पाउडर आधा औन्स मैगनेशिया रोगन टारपीन के साथ मिला या हुआ डेढ़ ड्रम।

अव्वल दर्जे की सुर्ख लाख

बेनस टरपन्टाइन ४ औन्स शललैक ६९॥ औन्स काली फूनी आधा औन्स सीना वरटाई आधा औन्स मैगनेशिया टारपीन के तेल साथ गीला किया हुआ डेढ़ ड्रम मिलावे॥

सुनहरी लाख मुहर के वास्ते

५ हिस्से शललैक और एक हिस्सा टरपन टाइन को गलाकर मिलावे जब ठंडी होने लगे उस वक्त उसमें अवरका जर्द चमकदार सफूफ या डव लैफ या डच गोल्ड मिलावे।

लाख स्याह वास्ते मुहराके

बलू रेजन (राल जर्द) १५ रत्ती चर्बी १ रत्ती मोम खालिस २ रत्ती काजल ३ रत्ती इन सबको आग पर मिलावे।

नीले रंग की लाख मुहर के वास्ते

चपड़ा लाख दो जुज स्मालट १ जुज ऐलोरेजन दो जुज इन सबको कूट पीस कर कपर छनकर धीमी आंच पर मिलावे।

रंग बिरंगी उम्मदा लाख

जुदे २ रंग की लाख लेकर अलग २ बर्तन में पिघलावे जब थोड़ी ठंडी हो जाय तब सबको एक जगह मिलाकर सांचे में डाले चाहे जैसी कलमें बनावे।

दो मित्रों में लड़ाई हो

सिर बिल्ली के बार लाय के चूहा बार मिलावे।
नीव पेड़ पर कांग घोसला तिहि की लकड़ी लावे॥
शनि को न्यौते रवि को लावे तीनों वस्तु मिलावे।
फिर जराय के तीनों वस्तुन गूगर धूप दिवावे॥
जिन दो मित्रन बीच नाखिये थोड़ी राख उठाके।
वैर होय और होय लड़ाई निश्चय कर मन साके॥

दो मित्रों में वैर हो

करकेंटा अरु मोर के सिरलाय सुखावे।
तिन्हें पीस चूरन करे यह जतन उपावे॥

दो मित्रों में वैर होय चित्त माझ विचारे।
धूनी उनकी दीजिये हित तुर्त सिधारे॥

तथा

घुग्घू अरु कौआ के पर लेकर एकत्र जरावे।
शनि दिन अर्द्ध रात्रि पर जारे गूगर धूनी लावे॥
जिर दोऊन में वैर करावे उनके सिर पर नाखे।
होय परस्पर वैर दुहुन में कपट चित्त में आवे॥

तथा

वस्त्र पुरष सिरबाल महरियां मंगल के दिन जारे।
तिहि की राख खवावे उनको बैर चंदैया मारे॥

तथा

करि नाग की कांचरी अरु न्याराके बाल।
दो मित्रन धूनी लगे उच्चाटन होय हाल॥

तथा

गधा मूत्र लेवे शनि रवि दिन धरती परन न पावे।
तामें राई रखे तीन दिन फिरले ताहि सुखावे॥
रवि दिन धूनी देले जावे जहां मित्र दो पावें।
उनके बीच डारकर आवे वैर भाव हो जावे॥

वैरी के घर कलह हो

दीत वार पंचमी दिन को घुरि मसाया जो लावें।
गूगर धूनी देके बाको बैरी के घर नावे॥
कलह होइ बाघर में निश दिन बैरी अति दुख पावे।
बैर करे का वह फल पावे घर सों निकरि जो जावे॥

तथा

जो मलाया में जाय सोलोई।
हाइ गोड़ देखे तस होई॥
वाये पग की नली जो नाये।
छील छालकर कील बनावे॥
शत्रु के घर में जा गाढ़े।
रार सदा वा घर में बाढ़े॥

तथा

चूहा और विलाव के टंक २ भर वार लेके उर से छान में दुर्जन के रविवार वाघर में विग्रह मचे कलह रहे दिन रात जब्र काढ़े तब ही मिटे सगरो वह उत्पात।

तथा

कूकर सूकर और विलाव इन तीनों के दांत मंगाय, फिर मंगाय मरघट की राख तिहि में धरि

चौराहा नाख, पांचों वस्तु इकट्टी कीजो बैरी के घर लाय गढ़ीजे, कलह होय रात्रि दिन भारी रिपु को चित हो बड़ी को दुखारी।

तथा

लोटे गधा दुपहरी रवि दिन अथवा भैंसा होय।
ताकी धूरि अटोक लाय के गूगर खेवे कोय॥
उक्त धूरि जिहि रिपुके मांथ नांखे निश्चय होय।
कलह राति दिन व्याकुल होवे करे परीक्षा कोय॥

वैरी का मूत्र बंद होय

बैरी मूंते जिहि जगे छांकी मांटी लाय।
खाल छछूंदर में भरे जो रवि दिन मारी जाय॥
ऊंचे पर टांकिये मूत्र बंद हो जाय।
कै गूगां कै बावरा वैरी हो दुख पाय॥
जब आछा करना चहे माटी खाल कढ़ाय।
जब लो मांटी खाल में तब ही लों दुखपाय॥

वैरी मांदा होय

औंधी जूती पांव की रवि शनि लावे कोय।
गरम करे पानी विषे बैरी मांदा होय॥

वैरी दुःख पावे

चन्द्रवार और मंगल को धूरि मसाण मंगाय।
उसमें राई आनि मिलावे लकड़ी आक जराय॥
तिहि अग्नी में दोऊ वस्तु को बीसवार कर होमें।
आहुती के साथ नाम बैरी काले ले होमें॥

नाम लेवा की विधि

अमुकस्य हन हन स्वाहा।

वैरी बावला होवे

पांख दाहिनी भुजा काग की और स्यार की पूंछ जो कोई।
रवि दिन लाय धूप दे गूगर करे जतन ना चूके सोई॥
दोऊ वस्त खटिया तर उरसे भेद न जानना पावे कोई।
जो नर वाखटिया पर सोवे सो दीवाना निश्चय होई॥

वैरी कष्ट पावे

मूंते हगे जहां पर बैरी तहां डंक बीछू का लाई।
रवि दिन गूगर खेकर गाढ़े कष्ट प्राप्त होवे ताई॥

भूत जाय

रवि दिन भूल धतूर का जो बांधे करलाय।
भूत जाय बाका सही बुहरि न कबहू आय॥

भूतादिक उतर जाय

लहसुन का अर्क काढ़िये तामें हींग मिलाय।
तिहि को आंजे नैन में भूत तुरत भग जाय॥
अथवा या की नासदे देवे ही भूतादि।
जो दुख देवे देह को उतर जाय बिन वाद॥

तथा

तुलसी पर पत्र अरु गोल मिरच ये आठ-आठ मंगवाय।
सहदेई की मूल को रवि दिन विधि सों लाय॥
तीनों को एकत्र कर बांधि गरे में देय।
भूतादिक सब दुर हों रोगी अति सुख लेय॥

धूनी डाकिनी भूतादिक सब दोष जायं

नीव पात बच हींग मंगावे।
सर्प कांचुरी सरसूं लावे॥
इन्हें मिलाय धूप जो देवें।
भूत डाकिनी के दुख खोवे॥

ब्रह्म राक्षसादिक जायं

शेरख मुंड़ी गोखरू और बिनौला लाय।
गऊ मूत्र में बांटिके तिनकी नास दिलाय॥

भूतादिक जावें सवै ब्रह्म राक्षस कढ़ि लाय।
यह अति सुन्दर धूप है सगरे दोष मिटाय॥

तथा

संखा हूली मूल मंगावे। रविदिन विधि पूरी करि लावे॥
चांवर अथवा घृत विषें पीस नास जो देय।
भूतादिक के दोष सब दूर होंय सुख लेय॥

धूनी भूतादिक सब प्रकार के दोष जायं

मोरचंद्रिका और कटेरी आनि के।
मरुआ शिव निर्माल बिनौला लानिये॥
बिल्ली विष्टा तज छड़ तीनों पाइये।
तुस वचके स इन्हें मंगवाईये॥
सींग गाय का लाय सांप की कांचुरी।
हींग अरु काली मिर्च सर्प दंतावली॥
बर्द्ध दांत से सबको सम तुलवाइये।
सबको ले पिसवाय कहीं सुखराइके॥
सब प्रकार के दोष इसी से जायेंगे।
माहेश्वर यह धूप अधिक अधिकायेंगे॥

भूतादिक रहन न पावें

सेत मुर्ग जिहि घर में रहवे भूतादिक नहिं आवें।
भीर पड़े जो सुमरन कीजे ताको बोल जगावें॥

भूत दीखे

गंधक मीठे तेल को ले पारी बार।
भूत भयंकर दृष्टि में आवें बारम्बार॥

तथा

चिनौटी रस आँखिन में आंजे।
दीखे भूत भयंकर साजे॥

तथा

सुर्मा राखे योनि में एक दिवस रज माहिं।
वाकों होमे अग्नि में भूत दृष्टि में आहिं॥

पूर्व जन्म दीखे

अंकोल बीज का तेल कढ़ावे, तामें घृत मिलावे।
दिया बार के काजर पारें, पुखनक्षत्र जब आवे॥
अंजन करे नैन भर दोऊ हीये ध्यान लगावे।
जो यह जतन न चूके कोई पूर्वजन्म दिखावे॥

देवी देवता दीखें

फल अंकोल का तेल कढ़ावे, फिर यह जतन करावे।
चूरन करे तगर एक फल का दुह मिलि अंजन लावे॥
जहां दृष्टि तहां लखे देवी देवता देव दिखावे।
तेल तगर का अंजन दीजे दृष्टि मान सी पावे॥

पितृ दीखें

मूत्र गधे का रवि दिन लावे। जमी पड़न ना पावे।
गूगर खेय कहीं धरि देवे नैंनन मांझ लगावे॥
पितृ देव सब देंहि दिखाई रात्रि समें जो कीजे।
जतन करे सो चूके नाहीं तौर न देखि पसीजे॥

चरित्र देखे

मूल चिर्मिटी रुई में बाती धरे बनाय।
कारी गैया घिरत ले दीपक मांझ भराय॥
चौका दे दीपक धरे गूगर खेवे ताय।
ले सिन्दूर पूजा करे कछु चरित्र दरसाय॥

चित्र रोवे

जबै गर्भिणी जणे जो बालक तब इतना छल कीजे।
झिल्ली जो बालक के ऊपर सो मंगाय के लीजे॥
धरे सुखाय कोई नहीं जाने जहां जतन यह कीजे।
मूरत जहां चित्रसाला में तिनको धूनी दीजे॥
झिल्ली जरे धुआं जब लागे दृष्टि सवन की आवें।
रोवे चित्र जहां लग जेते आंसू नैन बहावें॥

चित्र लोप हों

बालक जणे गर्भिणी नारी झिल्ली तुरत मंगावे।
अरु दूजा विलई का आंवल दोऊ दूध पकावे॥
धूनी दतो चित्र लोप हों भैंसा गूगर लावे।
ताकी धूनी देत तुरत ही चित्र सबै दरसावै॥

चित्र दिया तपाये दीखें

आंक दूध सों सूरत लीखे।
दीया तपाये सूरत दीखे ॥

चित्र हंसे

वीर बहुट्टी गंधक साने धरे अग्नि पर खेल दिखावे।
अथवा बाती वानि जरावे हंसे पूत्री जियू भिर्मावे॥

पनिहारी का घड़ा खाली हो फिर भरे

चोंच हंस की लाय के जब दिन मंगल आय।
पनघट के मारग विषें एक लकीर कढ़ाय॥
जो जावे तिहि लाघ के पनघट की पनिहार।
जल बिन खाली जानिके मटका फेर निहार॥
जब हां से उलटी फिरे भरा घड़ा दृष्टि आय।
मूरख तानिज जानिके फिर लंघन कार जाय॥

जब आवे वह वार को मटका खाली आय।
फिर जावे जब पार को भरा हुआ दृष्टि आय॥

पनिहारी का घड़ा फूटे

अंत मांस का मंगल आवे। जब यह जतन करावे॥
जो कुम्हार का डोरा लावे। गूगर अग्नि धरावे॥
रात्रि में जलपग धरि बैठे दक्षिण मुख हो जावे।
गन मांझ दृष्टि को राखे, अंतभाव ना लावे॥
उस डोरा में सात गाँठि दे जब २ तारा टूटे।
गूगर धूनी देकर उसको मन इच्छा फल वूटे॥
बहुरूं डोरा लाय के नाखे मारग में पन घट के।
लावत ही घट पनिहारी का फूट जाय वे खटक॥

लोहा की पाटी पर लिखवाने की विधि

नौसादर अरू नीलाथोथा जो कोई मंगवावे।
दोनों वस्तु को नीबू का रस मांझ मेल पिसवावे॥
लोहा की पाटी पर लिखके जाय कहीं धरवावे।
अक्षर पाटी में धसि जावे ले स्याही भरवावे॥
चाकू ऊपर नाम लिखावे ताको चोर न लेवे।
विद्या जाने बहुफल पावे जो मांगे तिहि देवे॥

पत्थर पर लिखे

औटा लेवे तिल का तेल।
लानि मोम तिहि भी तरमेल॥
पत्थर ऊपर लिखे जो कोय।
सिर का मेले धांवे सोय॥
चार दिवस पीछें ले धोवे।
अक्षर मिटे न जो जुग होवे॥

वस्त्र पर लिख जल से धोवे तो अक्षर दीखें

फूल सिरस का लावे तोड़।
कूट छान रस लेय निचोड़ा॥
रस सों कपड़ा ऊपर लेखे।
सूखे अंग प्रगट नहिं देखे॥
सो कपड़ा जल भेवे कोई।
अक्षर प्रगट तवै सब होई॥
चिट्ठी पकड़न भय जब होई।
ऐसा यन्त्र करे तब सोई॥

हथेली पर राख मलने से अक्षर दीखें

दूध मदार लाय कर रखे।
नजर बचाय हाथ पर लिखे॥
जब सूखें अक्षर तब धावे।
भरी सभा में खेल दिखावे॥
राख मले अक्षर पर ठेल।
प्रगट दिखावे साचार खेल॥
दंभी निजमाया दिखरावे।
तब वह ऐसा खेल दिखावे॥

कागज को धूनी दें तो अक्षर दीखें

लिखे आंक के दूध सों जिहि कागज के माहिं।
गंधक धूनी जब लगे तब अक्षर खुल जाहि॥

कागज जल में डालने से अक्षर दीखें

नीबू के रस मांझ फिटकरी अग्नि मिलावे।
कागज पर कुछ लिख लिखायके तुरत सुखावे॥
दृष्टि न आवे कहा लिखे अक्षर हैं यामें।
जल में नाखे जवै तवै अक्षर दृष्टि आवें॥

तथा

चूना लाय कली का चोखा अक्षर जासु लिखावे।
जब कागज को जल में डारे तब अक्षर दृष्टि आवे॥

अग्नि पर सेकने से अक्षर दीखें

रस निकाश कर प्याज का लिखे जो अक्षर कोय।
कागज सेके अग्नि पर तब वह घट होय॥

अक्षर पीलें हों

नौसादर अरु दूध मिलाकर जो अक्षर लिखवावे।
अग्नि दिखाये पीरे दीखें चाहे जाहि दिखावे॥

तथा

रस प्याज में घिसे छुहारा कागज मांहि लिखावे।
लिख के धूप दिखावें लाल अक्षर हो जावे॥

तथा

राई और छुहारा लेके पानी मांझ पिसावे।
तासों लिखके धूप दिवावे लाल अक्षर हो जावे॥

सुनहरी अक्षर हों

पत्ती कौंच मंगाय के ताका रस कढ़िवाय।
तिहि में चूना पीसि के कागज पर लिखवाय॥

अक्षर सुबरन के दिखें चित देखि हरसाय।
ऐसी ही विधि सौं लिखै जिहि के मन में भाय॥

अक्षर उड़न विधि

नौसादर अरु संखिया और सुहागा लाय।
तीनों सम एकत्र करि अंकन पर लेपाय॥
बहुरि धूप में ला धरै तनक लगावे वार।
अर्क धूप पाये उड़ै गुरु चरण वलीहार॥

तथा

अक्षर ऊपर सहत लिपोवे।
किल्क बार से जल भर धोवे॥

लाखी स्याही बनाने की विधि

कत्था सेत पैसा भर लेवे आधी कारी साजी।
विजैसार की लकड़ी लीजै पैसा भर मन राजी॥
सबको नाखि पावभर जल मं सारी रैनि जुराखे।
भोर चढ़ा चूल्ह औटावै पक जावे मन साखे॥
ताहि उतारि धरे सीसा में कारापन जो चाहे।
हड़बहेड़े आंवले का जल इहि में लाय नखावे॥

काली स्याही साफ बनावें

केला का रस आठ पहर कड़ाई में नखवावे।
माजूफल का रस हूलेके ताहि में नखवावे॥
माजूफल को पीसि भिगोवे जल में निशिभर राखे।
भोर औट के उसको किसी वस्तु में न नाखे॥

नीली स्याही

कालर लाय एक पैसा भर तिगुना गोंद मगावे।
पैसा २ भर फिटकरी बिजै सारहू लावे॥
पीस फिटकरी जल में नांखे मले हाथ में लेकर।
उनका जंल काजल में नांखे घोटे गोंद मिलाकर॥
विजैसार का करके चूरन जल में डारि धरावे।
ताका जल स्याही में देकर आठ पहर घुटवावे॥
तवि का बर्तन हो जिसमें स्याही में देकर आठ पहर घुटवावे।
बन जावें तब सीसा भर कर चाहै जहां धरावे॥

पक्की स्याही लाखी

पीपरी लाख पाव भर लाके ताकों धोंय धरावे।
फिर कोरे खंपरे में जल भरि चूल्हे पर चढ़ावे॥
पानी लगे बोलने जब ही लाख पीस कर डारे।
जब पक जावे लोध पठानी धेला भर ले डारे॥

फिर इतनी ही सज्जी डारे इतना लाय सुहागा पकजावे।
तब ले उतार कर ताम्र पात्र में नांखे।
काजर बांधि पोटरी फेरे मिल जावे तब राखे॥
दिना तीन लौं ताहि घुटावे बहुरि जो लिखकर देखे।
ऐसी स्याही सों लिखाय कोई पुस्तक जब मनमाहीं हरखे॥

काली स्याही कच्ची

दो तोला भर काजर आवे, और फिटकरी इतनी।
दोनों सम माजू ले आवे, गोंद लाय इस वजनी॥
तिहूं वस्तु को जल में नाखे पीस कूट कर नारी।
काजर को जरवाय अग्नि में पगे कचाई सारी॥
प्रथम गोंद झलमाहीं पोटरी काजर बांधि पिसावे।
बहुरूं जल दोउ वस्त भिन्न कर बारी २ नावे।
घड़ी तीन लौं घुटावे उतना ही गुण लावे॥

शिंगरफ बनाना

तोला भर सिंगरफ मंगवावे जल में ताहि पिसावे।
फिर चौथाई गोंद मिलाके दो रत्ती पारा नावें॥
मासा एक नीम दो मासा मिसरी तिहि में छोड़े।
जितना घोटे हो गुण तितना घुटवाके रख छोड़े॥

सुवरण हल करन विधि

सरेस मछलियां ले दो तोला ताकों अग्नि चढ़ावे।
छै मांसे सुवरन का मात्रा हल करने को लावे॥
लाय रकावी काची चीनी बहुरि जतन यह कीजे।
प्रथम नाखिये लौन तनकसा सरेस चौथाई धरिये॥
तामें सुवरन पत्र डारि के पहर एक घुटवावे।
चार अंगुरी से घुटवा के पानी डारि मिलावे॥
प्याला भरिके अलग धरावे बैठि जाय तब सोना।
फिर काढ़ें और सरेस मंगावे फिर घुटवावे उतना॥
फिर जमाइये बैठि जाय तब फिर काढ़े घुटवावे।
तीन चार बारी ऐसे ही घुट कर साफ हो जावे॥
रख छोड़े चीनी प्याली में किल्क बार सों लिखिये।
स्याही लावे तो धरि आमी पर ताको जोश दिलैये॥

रांग हल करन विधि

दो तोला ले रांग सरेस तोला भर लेवे।
दोनों को मिलाय सिला ऊपर धरि देवे॥
पकड़ हथोड़ा हाथ में कूटे चोट लगाय।
और रूखानो हाथ ले तासु लगाता जाय॥

जड़ कुटकर इक जात हो तब उठाय, धर ले।
जल मिलाय जो कुछ लिये गोहरू फिर बादे॥

सुवर्ण हल करन विधि

सुवरण केले पत्र को मिमरी से घुटवाय।
चार बार बैठाय कर फिर उसको घुटवाय॥
जब लिखि को चाहे कोई तनक गोंद मिलवाय।
लिख अक्षर सुखराय के मुहरा तुरत फिराय॥

घोड़े के लाल, काले बाल श्वेत करन विधि

संखिया और गुड़ को मंगवावे।
पेठे के रस मांझर लावे॥
खरल कराय मिट्टी पिसवावे।
घोड़े पर कहीं ताहि लगावें॥
जिन वारन पर लेप करावें।
श्वेत बार सिगरे हो जावें॥

ऊंगा बन की रूखड़ी का गुण और सिद्ध करन विधि

शनि संध्या को बन में जावे।
जहां पेड़ ऊंगा का पावे॥

तार कलाण लात सब और ऊंगा को लेय।
ठौर तरे की गाढ़ की उब पड़ै चित देय॥
तार कंथि कें पेड़ सौंजन को तरै धराय।
गूगर धूनी खेयकें न्यौता दे सिर नाय॥
कहै जो न्यौंता मनिये सिद्ध कीजिये काज।
तुम्हरी महिमा को कहै हे सिर के सिरताज॥

इतना कह निज घर को आवे।
पाछैं फिर कर दृष्टि न लावे॥
रवि दिन प्रात काल हूं जावे।
नयन होय कर वाकें लावें॥
दांए कर सौं वांहि उठावे।
तार कलाया जब हूं लावे॥
जो पेड़ हो जड़ संती ऊंचा।
सो लावे जड़ सहित समूचा॥
सूरज उदय होन नहीं पावे।
छाया तिहि पर पड़ नहीं जावे॥
चलि जावे मुख फेर न जावे।
घर ला धूप अग्नि पर धरवावे॥
छाया किहि की पड़न न पावे।
स्वच्छ ठौर में ताहि धरावे॥

धरन ठिकाने आवे

पुष्य नक्षत्र शुभ जब ही आवे।
सुवरन के ताई तब नावे॥
सिद्ध किये ऊंगा को लीजे।
धरताईत बंद मुख कीजे॥
जाकी नाभि कहीं टर जावे।
ताकी नाभी पर बंधवावे॥
धरन जाय धरन पर बांधे।
कौड़ी हटै कौड़ी पर साधै॥

हाजरात

सूखी साख ऊंगा की लीजे।
बाती रूई लपेट करीजे॥
दीये नये में घिरत पुरावे।
तामें बाती नाखि जरावे॥
उच्चवरण का बालका स्वच्छ पहराय।
दीपक सन्मुख दृष्टि कारे पूछे ताहि बताय॥

भूख नहीं लगे

सुन्दर खीर पकाय के ऊंगाले नखवाय।
गूगर धूनी खेय के सता करे चितलाय॥

फिर हांडी मुख बंद कर चूना पीसि लगाय।
अथवा गुड़ चूना मथे हांड़ी मुख पर लाय॥
भीतर जल जावे नहीं ऐसा मुख मुंदवाय।
बहते जल में गाढ़िये पाताल स्वर खुदवाय॥
जितने दिन की शर्त हो भूख लगे ना ताय।
बीतत ही मियाद के खीर काढ़ि के खाय॥
फिर लागेगी भूख बहुमन चाहे सो खाय।
विधि में चूक न कीजिये गुरू को दोष न लाय॥

बिच्छू का विष उतरे

बिच्छू का डंक जहां कहीं लावे।
पाती ऊंगा पीस खवावें॥
धरे डंक पै विष जर जावे।
पीड़ा टरे देह सुख पावे॥

इति ऊंगा विधि॥

मस्सा कटै

शोरा कल्मी कोई मंगावे।
मूली के रस में डलवावै॥
मस्सा को कटवाय लगावे।
तो मस्सा उपजन ना पावे॥

भैरव पकड़न विधि

जवै अमावस्या की रात्रि को निज वीर्य निकासै।
ताहि सुखाय पिसाय के धरे निज पासै॥
दूजी अमावस आए जब आंखिन में लावे।
जहां आबें भेड़ी बकरियां संध्या समये जावे॥
भेड़ व बकरे पर सवार जब दृष्टि आवे।
ताकी कुलह उतारि के निज कर में लावे॥

॥ दोहा॥

भैख तेरे पास आयकें मांगे टोपी।
धरि ले कहीं छिपायन देवे उसको टोपी॥
जब लौं टोपी रखै पास वह बसि है तेरे।
कहे उसे जो काम तुरत करि लाय धनेरे॥
तीन वचन जो देय याद करते ही आऊं।
तब टोपी को देय यही विधि और बताऊं॥

अन्य प्रकार

शनि रविवार जो रात्रि को यह जतन उपावे।
एक भैर कहीं बैठि गगन में दृष्टि जो लावे॥
तारा टूटें तुरत गांठि पगड़ी में देवे।
जब हो जावें गांठ सात तब गूगर खेवे॥

फिर पनघट पर जाय बैठिये कहीं इक ठौरी।
पनिहारी भरि चले सीस धीर मटकी जोरी॥
खोले एक जो गांठि गिरे मटका जब फूटे।
ऐसे ही खेलत जाय गांठि टौर कटकी टूटे॥
जब कोई साबित रहै घिरगंना ताको लावे।
जहां भेड़ बकरियां जायं तहां संध्या को जावे॥
घिरगंना में सौं करै दृष्टि पास भैरव दिखरावे।
हाथ डारि वाकी टोपी लावे॥
फेर घिरगना के जाय सिला पर टुकड़े कीजे।
मांगे टोपी आय सो टोपी कबहूं ना दीजे॥
तबलौं टोपी रहै पास बस भैख रहवें।
तीन वचन ले देय तो टोपी नित संग रहवे॥

अटूट भंडार

जहां पुरानी होय जगह होरी जरिवे की।
तहां करे वह विधि गुप्त जो है करिवे की॥
गाय घिरत अस तेल तिली गेहूं मंगवावे।
चौथी ज्वार मंगाय और इक पैसा लावे॥
डांड़ो गाढ़ै तहां सबन को माढ़ि धरावे।
जा निशि होरी जारिये यह जतन करावे॥

प्रातःकाल लावे उखारि नहीं जाने कोई।
ले वस्तुन को धरे बाँधि वस्तुन में जोई॥
खर्च करे बहुभाँति घटेगी कोई नाहीं।
विधि में चूके नांहि सतय माने मन मांहीं॥
तेल तर्जनी सिर लगाय सूरज विखिरावे।
बैरी के घर निकरे तो अग्नि जरावे॥

तथा

मरी चिड़िया धरै अन्द जी घुसल माही।
धरि आवे सतनजा तूहीं को आने नहीं॥
जब बच्चे उड़ि जायं सतनजा चुनि के लावे।
धरवे कोठी मांझ अन्न में घटी न आवे॥

तथा

जहां घोंसला उक्त धरै धरती सुखवावे।
धरे अठन्नी एक ईंट भरवाय गढ़वावे॥
निश्चैं करि यह जानि चिरैया ताहि निकासै।
मन इच्छा फल देय राखिये अपने पासै॥
जो मिलि जाय तो लाय अठन्नी गूगर खेवे।
धरै रुपैयन मांझ खर्चिये टूट न आवे॥

खर्च हुआ धन फिर आ जाय

रवि दिन यत्न करे जो कोई।
जाय जहां मेंढक तहां होई॥
मैथुन करता मेंढक पावे।
नरमासी दोउ न को लावे॥
प्रथम गूगर की धूनी देवे।
बहुरि यन्त्र ऐसा करि लेवे॥
नरमुख मांझ रुपैया मेले।
मादा के मुख धेली पेले॥
फिर दो उनको टीका कीजे।
हाथ जोड़ी दोउ न्यौता दीजे॥
बहुरू ताल होय जहां जावे।
दोउन को वहां हीं ले जावे॥
नर को पूरब ताल गाढ़िये।
मादा पश्चिम ताल गाढ़िये॥

दोहा

नगन होय तहां गाढ़िये दोउन को ले जाय।
पग छाया नर नारी की तहां न पड़ने पाय॥

चौपाई

विधि में चूक पड़न नहिं पावे।
आठ दिवस बीतें तब जावे॥
खोद ठौर इक २ को देखे।
चिन्ह दोऊ ठौरन के पेखे॥
जो उड़ि जाय दूसरे के कन।
खर्च कीजिये उसका ले धन॥
अपनी ठौर तजी जिन नाहीं।
तिसका धन रहै थैली माहीं॥
खरचा धन थैली में आवे।
थैली का धन कहीं ना जावे॥

दोहा

जब लौं धन थैली धरा रखै चौकसी संग।
तब लौ धन खर्चा करे कभी न होवे तंग॥

तथा

दोय पूंछ की छपकली ताकों पकड़ि तो लाय।
उसकी भी दो पूंछ में ऐसा ही गुण पाय॥

गुटका मारग चलै हार न माने

कारी तीतर पकड़ कर ऐसा जतन करावे।
तीन दिवस लों भूखा राखे चौथा दिन जब आवे॥

मासा चार मंगाय के पारा चोंच खोल मुख मेले।
चावल गऊ दूध में भेवे सो आमी धरि ठेले॥
खाकर बीट करे जो तीतर ताकों गुटका जाने।
मारग चलै हार नहिं माने रति में वीर्य न हाने॥

वस्तु बिक शत्रु दबे

बागल जिन रूखन पर पावे।
रवि दिन प्रात काल हो जावे॥
शनि दिन जाय न्यौत कर आवे।
हारी एक तोड़ कर लावे॥
पीछे फिर कर कभी न देखे।
घर पर जाकर आनन्द पेखे॥
मंत्र जपै सिद्ध कर लेवे।
बैठे पग तर डार दवावे॥
वस्तु बिंके अति आनन्द पावे॥
जो कोई पात धरे सिर माही।
दबे शत्रु चिंता चित जाहीं॥

मंत्र–अचिंमो चंड अलसुर स्वाहा एकोशतवार जपे सिद्धि।

पृथ्वी का गढ़ा धन दीखे

लाल पूंछ की बामनी ताको पकरि मंगाय।
तिहि कालोंही लीजिये और मैनसिल लाय॥
दोनों को मिलवाय के आंजे आंखिन माहिं।
धन दीखे भूखा धरा और गढ़ा तिहि नाहिं॥

तथा

काली मुर्गी ले इकरंगी जिहि का काला मांस।
जिहि की चर्बी नैनन में आंजे मूधन दीखे तास॥

तथा

काली गैया दूध लाय जिव्हा पर नावे।
अरु वाको घृत लाय दोऊ नैनन में लावे॥
जहां होय धन गढ़ा दबा दृष्टि में आवे।
तिथि नक्षत्र शुभ होय तवैं यह जतन करावे॥

पृथ्वी का गढ़ा धन जाने

जहां पृथ्वी को खोदिये वास कमल की आय।
तहां गढ़ा धन जानिये खोदी काढ़ि ले ताय॥

तथा

जहां काग मैथुन करे अरू बैठे सिंह आय।
निश्चैं ऐसी ठौर में दे धन गढ़ा बताय॥

तथा

जहां ज्येष्ट आषाढ़ में रूखन पर पत्र आय।
अन्य किसी ऋतु में नहीं तहां पात दृष्टि आय॥
तहां गढ़ा धन जानि के लावे मन विश्वास।
इन्द्रजाल यो कहत है करै परीक्षा तास॥

तथा

आस पास जिहि ठौर के जल का चिन्ह न होय।
और भान की तस में रहत आल निज होय॥
जा अग्नी बारें वहां प्रगट कभू ना होय।
तो निश्चें यह जानिये यहां गढ़ा धन होय॥
जहां भन तपता रहे हरी रहै नित घास।
चौपाए खाते रहें घटी न देंखे तास॥
नित खावे नित ऊपजे नित नवीन तरू होय।
तहां पृथ्वी के पेट में धन निश्चय कर जोय॥

परीक्षा

जहां गढ़ा धन जानिये मटका एक मंगाय।
गेंहू भर कर माढ़िये सात दिवस हो जाय॥
तब उरवारि देखे तिन्हैं गेंहू सब मरि जाय।
तो निश्चय यह जानिये गढ़ा माल तहां पाय॥

गड़ा हुआ धन देखने का सुरमा

कारा कांव मगाय के बिल अरू जीभ कराय कढ़ाय।
तेल नाहिं पिसवाय के पाथर पर पिसवाय॥
जो नर पायन सों भया तिहि के नैनन आंजि।
ऊपर पत्ता अंड़ का वांधि करे निज काज॥
गढ़ा धरा धन होय जहां तहां जो देखे आय।
निश्चैं बाकी दृष्टि में धन संपति सब आय॥
जब वह देखन को चले संग होयं न चार।
जासों बाकों भय न दें धन के चौकीदार॥

रसायन विधि

तब कीजे हरि ताल हर्दिया जहर मिलावे।
तीजा पारा लाय तोल प्रति पैसा लावे॥
चार घड़ी रस मांझ ग्वार के खरल करावे।
टिकिया गोल बनाय शिकोरे दो मंगवावे॥
दोनों के मुख रगड़ तरे ऊपर मिलवावें।
टिकिया भीतर धरे सीपका चूना लावे॥
छे पैसा भर तोल पीस मुख बंद करावे।
तिहि पर दे तहतीन मृति का खूब जमावे॥

मंगवा ढ़ाई सेर मृतिका मांझ धरावे।
जब ठंडी हो काढ़ि टिकिया को लाये॥
फिर तांबे का पत्र लाय कर ताहि तपावे।
थोड़ा लेकर चूर जरी टिकिया बुरकावे॥
चक्कर खाके बैठि जाय सुचरन हो जावे।
गुरू बताया भेद पुण्य करना शुभ होये॥

रसायन

जंगली सुअर कोई जावे।
ताका खवा कढ़ाय धरावे॥
डेढ़ सेर लै मास तुलावे।
जामें ले हर ताल पुरावे॥
तब की आध सेर वह हांइ।
पीसे कपड़े सों छनवाई॥
ढारे मांस मांझ मथवावे।
चार पहर लों खुला धरावे॥
चिल्ली बाद ताहि खुलवावे।
भरी हांड़ी में ताहि गढ़ावे॥
धूरे मांझ गढ़ाये धरावे।
कीड़ा एक रहे तिहि लावे॥

जिहि को सीमा मांझ धतावे।
खिचड़ी पर ताको रखावे॥
तप तपाय कीड़ा कै धनी।
धरे कहीं ढकि ताको आनी॥
ताम्र पत्र पर जमै लगावे।
अग्नि धरे सुवरण हो जावे॥

तथा

लाय बिजौरा एक और गंधक मंगवावे।
होय आय ला सार टंक भर ताहि तुलावे॥
बीस आठ ले पहर रखरख कर वावे ताही।
गोली कर नख वाय यति श्री शीशी माही॥
शीशी में भरवाय अग्नि पर ताहि जरावे।
काढ़े रोगन तासू ताम्र पतर पर लावे॥
वा अग्नि धरे लापत्र होय सब कारज पूरा।
सच्चा मानिपें बधन गुरू सन होवे पूरा॥

तथा

कहें रुद्रवंती जिसे रूप र्वण कहूं ताहि।
सब ठौरी तो होत हैं मिले भाग्य बिन नाहि॥
छता चपटा गोल हो जिमि रोटी मोटी होय।
पात चपां के पात से तरे चिक नई होय॥

चेंटी वहां लागी रहै जब देखे कोई जाय।
प्रात जीभ पर धरत ही मनों पार हो जाय॥
जाके हाथ लगे जही ताम्रपत्र भरवाय।
एक बूंद जो नाखये तो सुवरण हो जाय॥
जिन छोड़े पर बारहैं भजैं कृष्ण का नाम।
उनकी दृष्टि में रहै जहां बैठि लें नाम॥

जोड़ा बनावा की विधि

खाली सँखिया लाय के कड़वे तेल चढ़ाय।
लाय कजही लोह की तामें दुहुन धराय।
अग्नि बरावे जिहि तरे जवै जोश खा जाय।
सींक डारि देखे डली पके पार हो जाय।
तब उतारि बाको धरे नक छिकनी को लाय॥
रस कढ़ाय चूल्हे धरे मृति का कुल्हड़ा माहिं।
शोरा कल्मी नाखिये बहुरू रस के माहिं।
बोलन सूं चुप का रहै तवै उतारे ताहि॥
आठ २ आने भर लेवे चांदी ताना दोय।
प्रथम मरावे ताम्र को डार सुहागा कोय।
तांबा खावे चक्र जब चांदी नाखे लाय।
चांदी भर जावे जबै तब शोरा ले नखवाय॥

चांदी चक्कर खाय जब रति संखिया डार।
करतब में चूके नहीं देखे नैन पसार॥
बैठि जाय चांदी जबै तब उतारि धरि लेय।
अति चोखी चांदी बनै चाहे जिहि को देय।
जो अपनी लगत लगे दूनी चांदी होय।
याही सौ जोड़ा कहैं जानि लेउ सब कोय॥

जड़ी पर जो वस्तु धरे घटे नहीं

एक जड़ी वन में रहे ताकी यह पहचान।
जल में नांखे वह चले छोटी सर्प समान॥
नीलकंठ तिही लाय के खोले सुत की आंख।
तब बाके घर में मिले चतुर भरें यो सांख॥
चतुराई जिहि चित में सो पावे तिहि जाय।
वापर जिहि वस्तु को खर्च फिर भरि जाय॥

हीरा मोती बनाने की एक विधि

एक लकड़ी सों बांधिये गजभर मलमल जाय।
खेत चने काहो जहां तहां उसको ले जाये॥
चार घड़ी तक फेर खेत में छाया मांझ सुखाय।
बीत जाय चालीस दिन तब कई टूक कराय॥

जब बरसे ओले बरसा में धरे तिन्हैं उठवाय।
प्रति टूक एक ओला धरि ताका मुख बंधवाय॥
फिर अंडी का तेल मंगा के अग्नि पर चढ़वाय।
ओला पकें अग्नि के ऊपर बाँधि हीरा बनि जाय॥
जो कोई मोती करना चाहे तुरत छिद्र कर जाये।

मोती करन विधि

आंख बड़ी मछली की लावे।
जुदे २ लतन में नावे॥
भेड़ दूध को अग्नि चढ़ावे।
नेत्र वस्त्र पर हीरा लावे॥
उनको हांड़ी में लटकावें।
भिढ़न दूध सोंना हीं पावे॥
ज्यों २ जरि के दूध निचावें।
त्यों २ आंखिन को तरलावे॥
जब दोउ नेत्र नरम हो जावें।
तब निकारी के छिद्र करावे॥
धरके छाया मांझ सुखावे।
चांवल मैले साफ करावे॥

उज्ज्वल मोती से हो जावें।
कांसी के बर्तन में लावे॥
तिन्हैं जौंहरी को दिखरावे।
जांचि मोल तोल सब पावे॥

मूंगा बनाने की विधि

शिंगरफ शंख दोऊ सम लेके भेड़ दूध में नावे।
पांच पहर लों खरल कराके गोली बांधि धरावे॥
मूंगासी गोली बनवाकर ताम्र तार सौं छेदे।
केले के पत्ते पर रखें कर छाया मांझ सुखेदे॥
महु आतेल चढ़ा हांडी में चूल्हे अग्नि जरावे।
जब वह औटि जाय तब दाने ताम्र तार के लावे॥
हांडी में लटकावे माला भाप पाय पक जावे।
रहै तेलसौं ऊंची माला काढ़े जब पक जावें॥
अथवा गेहूं की दो रोटी तिनमें धरि पकवावे।
पकजावें जब जिला कराके चाहे जाहि दिखावे॥

मोती बनाने की विधि

जब ओले बरसैं वर्षा में तिन्हैं उठाय।
धरे कुल्हड़ा में तुर्त अलसी का तेल चढ़ावे॥

औटि जाय तब ओला नावें।
पकें तेल में अरू बंधि जावें॥
बिना विलम्ब छिद्र करवावे।
अति सुन्दर मोती बन जावे॥
परख जौहरी मोल बतावें।
कोई महुआ के तेल पकावें॥
जिहि विधि जो जाणो बतलावे।

तथा

दोऊ नेत्र रोहू मछली के कढ़वाकर जो लावे।
उर्द चून में गोली करके धूप मांझ सुखरावे॥
डेढ़ सेर फिर तेल मंगा के अलसी का औटावे।
तामें नेत्र नाखि पकवावे शुद्ध मोती बनजावे॥

परमाली करन विधि

शिंगरफ रूमी मस्तंगी अरू शंख मंगावे।
एक 2 पल तिंहू वस्तु कों ले यंत्र उपावे॥
दूध ऊंटनी लायकर सब वस्तु मिलावे।
खरल मांझ डरवाय पहर दशलों घुटवावे॥
फिर माला के दाने समदाने बनवावें।
बहूरि सुई सो छिद्र करि छाया सुखावे॥

नली बांस की लाय कर तिहि मांझ भरावे।
खीर मांझ पकवाय के तिहि काढ़ि धरावे॥
इक-इक दाना लेय कर मुहरा करवावे।
फिर घृत सो मलवाय जिला करवाय धरावे॥
इहि विधि पर माला बने अति सुन्दर होवे।
पहरि गरे के मांहि शोभा मन मोहे॥

पद्मराग करन विधि

लाख पीस लीजिये कूटि साफ करवाय।
अस्सी पल जल नांखिये नर्म आंच धरवाय॥
प्रति ढाई पल दूध सुहागा दोऊ दे नखवाय।
पगले देवे बूंद इक कागज़ पैड़लवाय॥
बूंदन फूटे कागज़ में तो सीसा मांझ भराय।
तामें ओला डोब दिला के महुआ तेल पकाय॥
पद्मराग हो जावे सुन्दर जो विधि चूके नाहिं।
बेच वाचके करले कौड़े जी चाहे मन माहिं॥

नीलम करन विधि

देकर जोश मजीठ को सासा में भरवाय।
ओले वर्षे गगन सों तबयों जतन कराय॥

तुरत कढ़ाही में चढ़ा महुआ तेल मंगाय।
ओटि जाय तब नाखियें ओला तिहि में लाय॥
पग जावे नीलम बने जो देखे ले मान।
बेच लाय बाजार में तिहि को सुन्दर जान॥

नीलमणि करन विधि

एक पल नीलम जीठ दो जल में नाखि धराय।
ओला बोरि निकासि फिर महुआ तेल भुनाय॥

मर्कट मणि

देकर जांश मजीठ को नाल हरि ताल मिलाय,
पूर्व मुक्ति करवाय कर मर्कट मणि बन जाय।

अथ घुग्घू कल्प विधि

रवि दिन जो अमावस्या हांवे।
अथवा पूरी चौदस होवे॥
घुग्घू पेट फाड़ि विष लीजें।
तिहि को काजर विधि सों कीजे॥
भूमि मसाण में काजर कीजे।
एक में ले विष को भरि दीजे॥
दूजो मांझ काजर ले कीजे।
नगन होय के काजर पाड़े॥

गूगर खे निज गृहे सिधारे।
अष्टोत्तर निज मंत्र जो जापे।
सिद्धि होय सब कारज आपै॥

॥ दोहा॥

तांबे के ताईत में काजर धरे भराय।
मुख में धरि जावे कहीं कोई न देखे ताय॥
धन पाताल दृष्टि में आवें।
धन पृथ्वी का धरा बतावे॥
जो काजर नैनन में लावें।
जोगिनियों से भेटा जावे॥
देवा देव सबन को देखे।
मंत्र जपे तब सिद्धि पेखे॥
जब गो मूत्र से आखें धोवे।
तब प्रकाश देहीं का होवे॥

मंत्र–ओं कुरू स्वाहा में हसरीय नेत्र कोय पाटेश वरी इति मंत्रा।

लोपाञ्जन

घुग्घू की चरबी मंगावे, ताको तेल कढ़ावे।
उसी तेल का काजर पाड़ें नैनन मांझ लगावे॥

होय अदृष्टि कोऊ ना देखे आप सबन को देखे।
गऊ मूत्र सों आखें धोवे सबकी दृष्टि पेखे॥

तथा

घुग्घू पग पिंडली जो लावे, तिहि का तेल कढ़ावे॥
ताबा टंक टंक ले, तेल सानि पिसवावे॥
जो नैनन में आंजे कोई, होय अदृष्टि सुनो वह लोई॥

तथा

घुग्घू नेत्र और मंझारी करि एकत्र पिसावे।
तेल लाय सरसों में घोंटे तन पर लेप करावे॥
होय अदृष्ट कोई ना देखे जहां चाहें तहां जावे।
बाजीगर जिहि को दवकावे महलों से बुलवावे॥

तथा

घुग्घू नेत्र तेल में पीसे मरघट में जा काजर पाड़े।
काजर को नैनन में आंजे होय अदृष्ट सत्तकर ताड़े॥

वशीकरन

घुग्घू मांस कढ़ाय मंगावे रवि दिन यन्त्र उपावे।
लाल चन्दन और केशर दोऊ टंक २ भर लावे॥
सबहन पीसि गोलियां बांधे गूगर धूप दिवावे।
पान मांझ जो मंत्रि के धरिये जिहि खावे बस पावे॥

मंत्र—ओंनमो महा पंखेस अमुकस्य मम वस्यं कुरू २ स्वाहा।

तथा

घुग्घू जीभ मगावे रवि दिन गूगर धूनी देवे।
मेल मिठाई मांझ मंत्र को जिहि खावे वश होये॥

तथा

घुग्घू तालू पान धरि जिहि नारी को देय।
सो वश होवे चित्तदे तन मन दोऊ देय॥

तथा

घुग्घू नेत्र अरू कुम कुम ले गोरोचन मंगवाय।
नाग केशर लाच के चारों कर एकत्र पिसाय॥
अष्टाविशत बार मंत्रि के माथे तिलक लगावे।
राजा देखत ही वश होकर करें जो तन मन भावे॥

तथा

घुग्घू की चोंच लाय जो कोई नांग केसर मंगवावे।
सोई केसर गोरोचन हूं लावे शोरां ले एकत्र पिसावे॥
माथे तिलक करे जो कोई। देखे सो निश्चय वश होई॥

तथा

घुग्घू को मंगवाय जो कोई।
काढ़ि कलेजा लावें सोई॥

मंसिल बच दोऊ जो लावे।
तीजी ले असगंध धरावे॥
चमगादड़ की विष्टा लावे।
अरू भैंसा का सींग मंगावे॥

कूट गऊ रोचन अरु केशर।
शिला जीत ले करे इक तर॥
गऊ मूत्र में गीसि धरावे।
तिलक काढ़ि राजा पै जावे॥

देखत ही वश होवे राजा।
सुधरें सब तेरे ही काजा।

तथा

घुग्घू नेत्र मंगाय अरु केशर।
गोरोचन ले करे इकत्तर॥
इनका पीस तिलक कर जावे।
तोरा जा तुरत निजवश पावे॥

तथा

घुग्घू की जीभ नीम के पत्ते करि एकत्र पिसावे।
अंजन करे नैनन में जो नर सब ही वश हो जावे॥

लाल चींटियों का इलाज

थोड़ा ग्रानशीज लेकर एक कोठरी वा अलमारी में रख दें भगवान चाहे तो सब चींटियां खो जावेंगी।

बसीकरन बुर्की

घुग्घू नेत्र गंझारी अरु पारा मंगवावे।
केशर अरु बछनाग रस अरु सरसों ले आवे॥
ले फिर केशर नाग को सम को सम तुलवाय।
कूट पीस भेली करे सो मरघट गढ़वाय॥
सात दिवस बीतें जवै फिर उखार कर लाय।
जिहि के सिर हर नाखि बिना बुलाये आय॥

तथा

ऊपर लिखी जो वस्तु हैं सातों न को मंगवाय।
वामें नस वछ नाग है या वछ नाग लिलाय॥
सबको ले एकत्र कर फिर यों करे उपाय।
घृत इकरंगी गाय का मटिया टीप भराय॥
नेत्र बराबर लीजिये वस्तु सवै तुलवाय।
बाती मांझ नखाय कें काजर ले परवाय॥
नन्दन वन की रूई ले वाती करे विचार।
मघा नछत्तर रात दिन अरु होवे रविवार॥

अर्द्ध रात्री मरघट विषें जाय गोहोली देय।
नगन होय वस्त्र काढ़ि के मनुष्य खोपड़ी लेय॥
अथवा काचा ठीकराले काजर पार धराय।
अष्टोत्तर शत मंत्र जप गूगर खेवे ताय॥
सिद्वि होय कारज कारज सही जिहि के वस्त्र लगाय।
सो वश होके यो मिले ज्यों नदि सिंधु समाय॥

मंत्र—ओं नमो महा पंखी अमृत कुरु-२ स्वाहा: कास रात्री सुधा नारी सिंहस्त महिषा चर चीन कलपाल मल टपरिरे आगच्छ २ भगवत आस नइतिं मंत्र सम्पूर्ण स्वाहा।

तथा

घुग्घू का गर्का वीट मंगावे पिसवाकर धरवावे।
जिहि के मस्तक पर तिहि डारे निश्चय वश हो जावे॥

तथा

घुग्घू का कढ़वाय करेजा गोरोचन मंगवावे।
सात बार मंतर जपि आंजे जिहि देखे वश पावे॥

मंत्र—ओं३म् नमो महा पंखे अमुकस्य मम वस्यकुरु २ स्वाहा: २८ बार जपे॥

मार्ग चले हारे नहीं

पग और चोंच घुग्घू की लावे।
दुहुन जराके राख करावे॥
वेल पत्र का चूरन करिये।
भस्मी मांझ मिलाकर धरिये॥
नींबू का रस माहि सनावे।
तरवा में लेप करावे॥
मंत्र जपे एकोशत वारे।
सौ योजन लों चले न हारे॥

संग्राम में जीते

घुग्घू को जो पकरि मंगावे।
बायें पंग की नली कढ़ावें॥
तामें भरि पारा धरवावे।
फिर ले ऐसा यन्त्र करावें॥
गंधक लाल अरू नीला थोथा।
इन दोउन में नली धवे था॥
मंत्र जपे राखे निज पासा।
जीते युद्ध पुरें सब आसा॥

बैरी के कलह होय

घुगघू की परलाय के मंत्र जपे जो कोय।
बैरी के घर गाढ़िये तो कलेश अति होय॥

उच्चाटन हो

घुग्घू को सिर लाय के जो चूरन करवाय।
बैरी मस्तक नाखिये उच्चाटन हो जाय॥

तथा

घुग्घू हाड़ मंगाय के जो नीबू काष्ट मंगाय।
मंझारी नख चामले रसधतूर कढ़वाय॥
अरुमसाण का हाड़ ले सब एकत्र कराय।
बैरी के घर नाखिये तो उच्चाटन हो जाय॥

स्त्री पुरुष में विग्रह होय

घुग्घू मस्तक कांग नख दुहुन एकत्र कराय।
पढ़ि २ मंत्र जो हो मिये निश्चय विरुद्ध कराय॥

मंत्र–ओ३म् नमो पंखेस अमुक। अमुकी मधे कलह कुरु कुरु स्वाहा:

दो मित्रन में वैर हो

घुग्घू नेत्र मंत्रि के लावे, दो मित्रन के बीच गिरावे।
दो उनके मन मैले होवें, मिटै मित्रता वैरस जोवें॥

मंत्र—ओ३म् नमो बीर हुंहुं नमः

तथा

घूग्घू नाक मंत्रि के लावे।
पूर्व विधि जो लिखी करावे॥

भूत प्रेत उतरि जायं

घुग्घू पकरि मंगावे कोई।
मांस खाल जा कांढ़ि है सोई॥
दोऊ पिसाय इक ही कीजे।
भूत जहां हो धूनी दीजें॥
भूत प्रेत फेर नहीं आवे।
सुख उपजे चिंता मिट जावें॥

सोता हुआ मन की बात कहे

घुग्घू का कटवाय करेजा अग्नि धरावे।
गूगर धूनी देय मंत्र को सिद्ध करावे॥
फिर जो सोता होय कोई तिहि के उर धारे।
कहे सो मन का भेद आपने मुख सों सारे॥

सर्व कामना पूर्ण विधि

कांई हाड़ पीठ घूग्घू की लावे।
घसि के माथे तिलक लगावे॥

अष्टोत्तर शत मंत्र जो जपिये।
सर्व कामना पूरण खपिये॥
तिलक देख राजा वश होवे।
गुप्त मनोरथ पूरण होवे॥

मंत्र–ओ३म् नमो महा पंखे सखरी आ गच्छ गच्छ अतुल वल पर। क्रमाय सर्व कामनी मम वंस्य कुरु: मंत्रेश्वरी औताट: फद् स्वाहा:

बैरी का बसीकरन

चोंच अरू पर घुग्घू ले राखे।
चूरन कर बैरी पर नाखे॥
अष्टोत्तर शत मंत्र जो जपिये।
तो निज शत्रु को वश करिये॥

रात्रि में दिन के समान उजारा हो

घुग्घू की शिख लीजिये अरु हरताल मंगाय।
तीजा मंसिल लाय के गोली कर अंजवाय॥
मंत्र आठ अरु सौ जपै वस्तु सिद्धि हो जाय।
रैनि समय दिन की तरह उजियारा दरसाय॥

लोपांजन

कारे विलाव को नित्य खबावे माखन गिरी जो दीजे।
फिर उलटा करवा के वाकी छेर करे सो लीजे॥
वाको दीपक मांझ डारि कें बाती रूई करावे।
काजर करि आंखिन में आंजे अलख होय सुख पावे॥

ऋद्धि सिद्धि

भरनी भादों मास की कृष्ण पक्ष में होय।
तामें चातक कीजिये जानत है सब कोय॥

चार कलस जल भरि धरे एकान्त घर माहिं दूजे दिन जा देखिये रीति होंय सोलाय, भरे कलस छिड़काय दे रीते अन्न भराय। एकान्तर धरिये तिसे नित उठि पूजे ताय, अन्न पूर्ण हो खुशी जब मांगे धन दान सो सब देगी पूर्ण यह निश्चय मन आना।

पारा का कटोरा बनाने की विधि

पाव सेर पारा मंगवा के, दूनी कलई मंगा के।
मोम मिलाय अग्नि में धरि के, सांचा वेग मंगा के॥
पारा कलई मिला दुहुन को तामें आंच लगावे।
सांचा भर के काढ़े उसको मन इच्छा फल पावे॥

नोंन का कटोरा

सांभर नोंन मंगाय के गाजर बीज मिलाय।
सांचे में थापै उसे बने कटोरा आय॥

देव दर्शन

चार सेर मौंठ बिन चुगी लावे।
घड़ा मांझ भरि ताहिं धरावे॥
जो भावे सो आप ही खावे।
खाते कंकर डाढ़ तर आवे॥
वा कोंले पनघट पर जावे।
पनिहारी जो जेहर भारे॥
वामें वा कंकर को डारे।
फूटै जेहर घिरगना लावे॥
बन में जाय गाय जहां आय।
घिरगन में से देखे जाय॥
सींग बैल पर भैरूं आय।
दर्शन करके इतना करे॥
बाहन कों कछु भोजन धरे।
प्रसन्न होय भैरुं बर मांगे॥
लै बरदान निज कारज लागे।

गांव की आपत्ति टरे

बानर का जो हाड़ मंगावे।
वाको पहिले धूप दिखावे॥
धूप दीप दे वाकों लावे।
गांव सींव पर ताहि गढ़ावे॥
गांव की आपत्ति सब टरि जावे।
सुखी रहैं सब और सुख पावें॥

भूत प्रेत दर्शन

वागल को लाय उसे पारापाणा।
पारा जो छेर करे सीसा भरणा॥
काजर करवाय उसका नैंनन आंजे।
भूत और प्रेत सबै दृष्टी आंजे॥
मतलब जो होय कछु मांगे भिक्षा।
पूरन कर देंय सारी माने शिक्षा॥
बात जो पूछे तो कहें साची सारी।
सौ कोस की बात जाण कह दे सारी॥

उतारा भूतादिक दोष मिटाने का

संध्या समय वार शनिवारी कुम्हार के घर जावे।
कूड़ा ऊपर चौंसठ दीवा उलटे चाक उतरावे॥

दीपक बाती धरि के सब में तेल पुरावे।
दूध भात का कूंडा भरि कें तामें शकर मिलावे॥
सांझ समय जो करे उतारा रोग दोष मिटि जावे।
भूत, प्रेत, डाकिनी स्यारी बाय अंग मिटि जावे॥

कड़ा भूत प्रेत का दोष मिटाने का

नदी किनारे नाव जो देखे तिसका कांटा लावे।
घोड़ा सुमका नाल मिला के ताका कड़ा बनावे॥
धूप दीप दें पहरे कर में रोग दोष मिटि जावे।
भूत, प्रेत, डाकिनी स्यारी बाय अंग मिटि जावे॥

बुद्धि और ज्ञान बढ़े

कार्तिक मास शुल्क पक्ष चौदस संखा हूली न्योते जी।
हस्ते नक्षत्तर आवे जा दिन बाकों डेरे लावे जी॥
वांटि कूटिकें रोगी बांधे सावन जब श्रवण आवे जी सो गोली ले नर को।

शुभाशुभ विचार

उत्तरा में दिशा गांव बाहरी जाय।
सुने शब्द विरिया मिलें वाकों सांची खाय॥

मांटी खाय, गुड़ का स्वाद आवे

पात चिर्मिठी सेत मंगावे।
अंधियारे में जिसे चबावे॥
फिर वाको जो माटी खवावे।
गुड़ जाने खाता न अघावे॥

शत्रु का घर उजड़े

हस्त नक्षत्र लीजिये सैंधा नमक मंगाय।
ताका जतन यह कीजिये बहुत ही मन सुख पाय॥
मूरत करे गणेश की नाम शत्रु धर तास।
ज्यों तन छीजे वाह का त्यों शत्रु का नाश॥

तथा

लील बड़ी ले हिरण मूत्र में ताकों रात्रि भिजोवे जी।
प्रातः समय तिहि बांटि कूटि के पाछें कपरा धोवे जी।
कपरा मसान में जावे ताका मंत्र जो करिये जी।
को इलाको से मूरत माड़े ताकों ले घर धरिये जी।
सुई सात धरवा के भीतर पुड़िया एक बनावे जी।
शत्रु के घर पीछे गाढ़े निश्चय वह पर उजड़े जी॥

बुर्की बसीकरन

नदी किनारे होय जो झाऊ ताका यन्त्र यह कीजे जी।
मूल का दिये नीचे सेती पुण्य नक्षत्र जब होवे जी॥
बांट कूटि के करल चूरन और कूड़ा छाल मिलावे जी।
सबको लेकर जा मसाण में चुटकी राख मिलावे जी॥
सिर पर डारे नर नारी के चाली साथ वह आपवे जी॥

तथा

होली के दिन होली न्यौते ताकी लकड़ी लावे।
धूप दीप दे करे तमाशा धोबी के घर जावे॥
भट्टी नीचे बारे ताकू धूरि ताहि घर लावें।
बांटि कूटि चूरन करि राखे हस्त नक्षत्र जब आवे॥
सिर तिरिया के डारे वाकूं निश्चे यह मन मानें।
सो तिरिया अपुन ही आकि तेरे वश में आनें॥

तथा

प्रथम रजस्वला होय जो नारी रक्त वस्त्र तिहि लावे।
बाती के अण्ड तेल में दीपक जोरि धरावे॥
काजर पार डिब्बी में भर लें जिह के राख लगावे।
सो नारी चितभ्रम होयके आपहुं आप चली आवे॥

तथा

बकरा और घुग्घू दो उन काले कर मांस मिले वै।
रती प्रमाण दीजिये जल में दास होय वह रहवे॥

तथा

रवि दिन मनुष्य खोपरी लावे।
तामें चावल नाख पकावे॥
बहुरि सुखाकर उनको राखे।
जिहि चाहे सेवक करि राखे॥
एक रति भर ताहि खवावे।
जीवे जब लौं दास रहावे॥

पशु स्तम्भन

ऊंट हाड़ की कील बनावे।
चारि दिशा में तिन्हें गढ़ावे॥
जो पशु वाके भीतर जावे।
सो बाहर निकसन नहीं पावे॥

तथा

ऊंट बार जिहि पशु पे डारे।
टरे नहीं कितना ही टारे।

नवका स्तम्भन

नक्षत्र भरनी जब आवे।
दूध के काष्ट की कील बनावे॥
पांच अंगुल की लम्बी सारे।
ताको नवका भीतर डारे॥
चले नहीं वहां ही थम जावे।
कील निकारो तो चलि पावे॥

कर्गिलास पक्षी के गुण

कर्गिलास नाम है जाका। काल और सेत रंग ताका।
लांबी चोंच रहे जल पासा। सुन्दर पंछी पूरे आसा॥

अदृष्टि होय

दोहा

कर्गिलास की पूंछ ले रवि दिन धूप जो देय।
धरी ताईत जो मुंह में लेय दिखलाई नहीं देय॥

आकर्षण विधि

कर्गिलास का लोही लावे।
बहुरुं ऐसा यत्न करावे॥

जो कामिनी मन को अति भावे।
जब देखे तब चित्त चुरावे॥
ताकी पतगर धूरि ले आवें।
लोहि में सानि धरावे॥
तिहि मांटी का चित्र बनावे।
चित्र सामने मूरत रहवे॥
दूर देश हो वह आपवे।
चित की चिन्ता आय मिटाय॥

पानी में डूबे नहीं

कर्गिलास का ओष्ट तरे का और गोरोचन लावे।
दोनों को एकत्र कराके आंखिन में अंजवावे॥
सिन्धु मांज जल में जो तैरे सबै वस्तु दृष्टि आपवे।
झोला भरि २ बाहर लावे। डूब नहीं पावे॥
ऐसा जतन करे जो कोई दीतवार को करिये।
गूगर धूनि नैवेद्य अरू दीपक आगे धारिये॥

स्तुति गुरुदेव

श्री गुरुदेव दयाल के चरण कमल चित धरि।
लिखूं भेद गुरू शक्ति ले निज मति के अनुसार॥

गुरु की शक्ति अपार है सिन्धु समान निहार।
जो जाने सोई करे तन मन धन बलिहार॥
जिहि पर गुरु कृपा करें पल में सिद्धि कराहिं।
जंत्र, मंत्र, तंत्र आदि सब तृण सम तिन्हैं दिखाहिं॥

प्रश्न– अर्द्ध रात्रि वन बूंटी लाना।
नगन होय के कारज करना॥
कारज कर जब घर कूं आवे।
फिर कर पीछे दृष्टि न लावे॥
कारज को न कहो यह भेवा।
मुनि बोले जब ही गुर देवा॥

उत्तर– अर्द्ध रात्रि को कोऊ न टोके।
नांगे को कोऊ भूत ने रोके॥
बन मरघट चौहट में ईस।
कारन पूरे विस्वावीस॥
जब वे करता के संग आवें।
पीछे देखत ही जावें॥
कारज होय न पूरा भाई।
रखे याद जो बात बनाई॥

गुरु शक्ति

जब कृपाल होवें गुरू देवा।
पल में पार करावें खेवा॥

जहां लिखी विधि अर्द्ध रात्रि की।
तहां लेय दोपहरी दिन की॥

जहां लिखा नंगा हो जाय।
वहां कांछ धोती खुलवावे॥

जहां खोपरी मानुष में काजल पारा जाय।
तहां खोपरा नारियल अर्द्ध काटि धरवाय॥

जहां विधि में चौराहा आवे।
घर चौका चौरस लिपवावे॥

तिसमें दो लकीर खिचवावे।
जाके मध्यम आसन विछवावे॥
एक पूर्व सों पश्चिम माहीं।
एक दक्षिण सो उत्तर मांहीं॥

जहां मरघट में बैठि के करन लिखा कछु जाय।
मरघट बिछाय के तहां जापिये जाप।

अथ शिक्षा

जहां मंत्र का जाप कहा हो।
तहां बैठिये अति पवित्र हो॥
धूप दीप नैवेद्य करावे।
पुष्प सुगंधादिक धरावे॥
चूके नहीं किसी विधि माहिं।
चित्त को कहुं डुलावे नहीं॥
रखे दृष्टि दीपक लव माहिं।
ध्यान रखे गुरु चरण न माहीं॥
गुरु के सन्मुख जो मन धारे।
गुरु कृपा सब काम सुधारे॥
गुरु आज्ञा ले कारज करिये।
बार बार लिखकर समझाऊं।
अपने मन की बात बताऊं॥
गुरु बिन श्रम करो मति कोई।
गुरु प्रताप देखो सब कोई॥
जो गुरु वचन धरि सिर लै हैं।
सोई अटल पदारथ पै हैं॥

इति कौतुक रत्न मंजूष
द्वितीय पाद समाप्तम्

अथ कौतुक रत्न मंजूष तृतीय पाद लिख्यते

श्री गुरु गणपति को सुमिरी धर सरस्वती ध्यान।
जो शिव गिरिजा सर कत्यो लिखूं मंत्र को व्यान॥
१. अक्षर हरि को रूप है हरि की शक्ति अपार।
जोग जुगति सों जानिये ताको कछु विस्तार॥
२. गुरु बिन ज्ञान मिलै नहीं हरि बिन मिले न ध्यान।
मुक्ति संग हरि भक्ति के हरि सेवा सुंजान॥
३. यंत्र, मंत्र अरु तंत्र जो विधि सों साध।
मनवांछित फल पाइ है गुरु सेवन सों बांध॥

मंत्र सर्व सुखदाता

राम मंत्र उत्तम महा जाने सब संसार।
लिख २ गोली बांध कर नदी मझारे डार॥
श्री आदि जी अन्त में लिखे प्रीति उरधार।
भोग मोक्ष दोऊ मिलें उत्तम मतौ विचार॥
केशर कस्तूरी विषें चन्दन रक्त मिलाय।
शाखा लाय अनार की सुन्दर कलम बनाय॥
लिखे दिना चालीस में सबू लाख परमान।
होमादिक हू कीजिये ब्रह्म भोज को दान॥

अथ सर्वोपर मंत्र तंत्र सिद्धि करन विधि

ओं परब्रह्म परमात्मने नमः जग दुत्पात्ति स्थिति मलय कराय ब्रह्म हरि हराय त्रिगुणात्मने सर्व कौतुकानि दर्शय दत्तत्राय नमः तंत्रान सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा।

विधि

दीपक घृत कार का बार के धूप खेवे, चन्दन पुष्प नैवेद्य चढ़ाके १०८ बार मंत्र को जपे, सिद्धि मुहूर्त से २१ दिनों में सिद्धि होवे, फिर जो तन्त्र करे, इसी मंत्र से करे।

मंत्र–ॐ नमो नारायणाय विश्वंभराय इन्द्रजाल कौतुक निदर्शय निदर्शच सिद्धि कुरु २ स्वाहाः।

प्रथम देह रक्षा को मंत्र

(इस मंत्र से इन्द्रजाल की विद्या को करे)

ॐ परमात्मने पर ब्रह्म मम शरीरे पाहि २ करु २ स्वाहा: १०८ बार जपेत सिद्धि।

रसायन मंत्र–कोई चाटक चेटक करे तो इस मंत्र का जाप २१ दिन प्रतिदिन १०८ बार करे तो मंत्र सिद्ध हो। प्रथम अपने शरीर की रक्षा करे।

ॐ नमो हरि हराय रासायन सिद्धि कुरु २ स्वाहा:

नाज की राशि उड़ावा को मंत्र

ॐ नमो हूंकालूं ६४ जोगिनी हुंकालूं ५२ वीर कार्तिक अर्जुन बीर बुलाऊं आगें ६४ वीर जल-बन्ध बलबन्ध आकाशबन्ध पौन बन्ध दीन देश की दिशा बन्ध, उतरे तो अर्जुन राजा दक्षिणे तो कार्तिक बीर्य राजा असमान भो ५२ वीर गाजें नीचें तो ६४ जोगिनी विराजें परितो पासि चल्यावें छपन्या भैंरु राशि उड़ावें एक बंध आसमान में दूजा बंध राशि घर में ल्याया शब्द सांचा पिंड कांचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा सत्तय नाम उप देश गुरु का।

विधि–दिवाली की रात्रि को बन में जाय, सुस्सा की मेंगनी लावे तिनको २१ बार मंत्र के राशि पर घर का आप घर जावे तो रास सब की सब चली आवे। (इति:)

मंत्र ऋद्धि सिद्धि का–ॐ नमो आदेश गुरु की गणपति वीर वसे मसान जो मांग सो २ आणा पांच लाड्डू सिर सिन्दूर हाटि की माटी मसाण की खेप ऋद्धि सिद्धि मेरे पास लावे शब्द सांचा, पिंड कांचा फुरो मंत्र ईश्वरो बांचा।

विधि–ब्राह्मणो को भोजन करावे तो प्रथम पांच लड्डू लेकर उन पर सिन्दूर लगावें, कूप पर जाकर छोटे कलस में एक लड्डू धरके कूप में नाखे, जब कलस भरले तब लड्डू कूप में डालकर आवे, माल के कोठा में कलस को स्थापित कर पूजन करे, चढ़ा के ब्राह्मणों को अमवा बिरादरी को भोजन करावे तो माल टूटे नहीं।

पृथ्वी का धरा धन दीखने का मंत्र

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं सर्वोषधि प्रणते नमो बिच्चे स्वाहा:।

विधि–करे कांग की जिह्वा को कारी, गाय के दूध में ओटा कर जमावे और घृत काढ़ १०८ बार अभिमन्त्रित कर नैत्र में आंजे अथवा काजर बना के जो मनुष्य पायन की तरफ से जन्मा होय उसके नैत्र में लगावे तो पृथ्वी का गढ़ा धरा धन दीखे, दूसरे पाद के ६५ वें सफे की १२ वीं सतर देखो।

अथ स्थान खोदने की विधि–बिनोले मूंग तिल गउ मूत्र में पूर्व मंत्र से लेकर पीसे, अंग में लगावे फिर जहां खोदे, चौका देकर बलिदान दे, यह मन्त्र पढ़देय।

ॐ नमो भगवति सुमेरु रुपायौ महाक्रांतायै कंकाल रुपायै फट स्वाहा:।

विधि–इस मंत्र से गेहूं तिल का होम करे चूर करे तो सर्पादिक का भय न होवे। दिन ७-७ नक्षत्र देखकर खोदे।

मारग चलै हारे नहीं मंत्र–ॐ नमो विचंडाय हनुमंत वीराय पवच पुत्राय हुं फट।

विधि–बंशलचोन श्वेत भांगरा बकरी का दूध सवको पुष्य नक्षत्र में सिद्धि करले नक्षत्र तक जाप करे जब कहीं जाय पावके तलवे में लावे जब सूख जाय तब चले तो हारे नहीं।

मंत्र देह रक्षा को–छोटी मोटी थमंत वार को बांधे पार को पार बाधं मराध मसाण बांधे जादू बीर बांधे टोना टम्बर बांधे दोउ मूंठ बांधे गोरी छार बांधे भिड़िया और बाघ बांधे लखूरी स्यार बांध से बीछू और सांप बांधे लाइलाह का कोट इल्लल्लाह की खाई मुहम्मद रसूलिल्लाह की चौकी हजरत अली की दुहाई।

विधि–जंगल या घर में सोवे जब ३ बार पढ़के मोड़ा पर हाथ मारे, जितनी पृथ्वी का

पृथ्वी का प्रबन्ध करे उतनी में घेरा खींच दे तो किसी प्रकार का भय न होवे।

मार्ग में साँप चोर नाहर का भय न हो

मंत्र—फरीद चले परदेश कों कुत्तक जी के भाव सापां चोरां नाहरां तीनों दांत बंधाव।
(जहां सोवे बैठे तीन बार मंत्र के ताल दे।)

मार्ग में बाघ का प्रबन्ध—मंत्रा बाघ बाधूं वधाई निबांधू बाघ के सातों बच्चा बांधूं राह बाट मैदान बांधू दुहाई वासुदेव की, दुहाई लोना चमांरी की।

विधि—सात मंगल इस मंत्र को ७ बार जपले मार्ग में बाघ किले तो इस मंत्र को पढ़कर ९ बार फूंक दे।

मंत्र आपत्ति डालने का

शेख फरीद की कामरी और अँधियारी निशि तीनों चीज बराइये आग ओला पानी विष।

विधि—मार्ग में पानी बरसे ओला पड़े आग लखे तो मंत्र तीन बार पढ़के ताल दे।

मंत्र दिग बंधन को—या हिसार ३ जिन्न देव परी जवर कुफार एक खाई दूसरी गिर्द पसार विर्द वार्गिद मलायक असवार दाहें दस्त रखे जिब्राईल वायां दस्त रखे मीकाईल पीठ रखे, इसाफील पेट रखे इज्राईल दस्त चपहसन दस्त रास्त हुसैन पेश्वा मोहम्मदगिर्द वगिर्द अली लाइलाह का कोट इल्लिल्लाह की खाई हजरत अली की चौकी बैठी मुम्मद रसूलिल्लाह की दुहाई।

विधि—सात बार पढ़ के चारों हाथ अपने फिराकर चुटकी बजावे अथवा अपने चारों लकीर काढ़कर बैठे सफर में जहां पढ़े मसाणादि में तो वहां भी ऐसा ही करें।

मंत्र मेघ स्तम्भन

ॐ नमो भगवते रुद्राय जलस्तंभय २ ठः स्वाहा:

विधि—मसाण के कोयला को सुलगा के इस मंत्र के इसके ऊपर और एक तले पर मार्ग में अथवा रोटी करते में मेघ वर्षे तो बन्द हो।

अथ मुसल्मानी मंत्र

राज प्राप्त होने का मन्त्र—रात्रि में एक बार पढ़े विस्मिल्ला हिर्रह मानुर्ररहीम फिर २१ बार

दरुद पढ़े–दरुद अस्त्र हुम्मासल्ले अला मुहम्मदिन व अल्लाल मुहम्मदिन सरकल स्तम या मफूरो।

विधि–एक सहस्त्र कर इस मंत्र को पढ़के २१ बार दरूद पढ़े तो २१ दिन के उपरांत लाभ की सूरत दृष्टि आवे।

दरिद्र नाश करने के मंत्र

या कबीयो या मनीयो या मलीयो या वकीयो।

विधि–प्रातःकाल बात करने से पहले हाथ मुंह धोके एक बार बिस्मिल्लाह पढ़ के एक हजार दो सौ बार मंत्र को पढ़े मंत्र के आदि अंत में २१ बार दरुद को पढ़े तो थोड़े ही दिन में दरिद्र का नाश हो।

मंत्र रोजी के लिये

या इश्राफील बहक्क या अल्ला हो।

विधि–सवा पाव उड़द के चून की खमीर करके अपने हाथ से रोटी बनाये। एक ओर दो तह करके सफेद रूमाल में रख के चौथाई रोटी की गोली जंगल में बेर के समान बनाये १०१ गोली बनाके ११ बार मंत्र के एक गोली को इसी प्रकार सब गोलियों को शेष रोटी समेत

जिस दरिया में मछली हों डाले तो ४० दिन में मनोर्थ पूरा हो।

रोजी प्राप्ति का मन्त्र—काली कंकाली महा काली मुख सुन्दर जिये ज्वाला बीर बीर भैंरू चौरासी बता तो पूजूं पान मिठाई अब लोलो काली की दुहाई।

विधि—नित्य प्रति स्नान कर इस मंत्र को ७ बार लगातार गह पूर्व मुख बैठकर पढ़े तो रोजी मिले।

किसी ने मूठ चलाई हो तो इस मन्त्र सों मूंठ को अपने पास बुलाय के उलटी भेज दे और यही मन्त्र वसीकरन का भी है। काला कलवा चैांसठ बीर मेरा कलवा मंगा तीर जहां को भेजूं वहां को जाइ मांस मच्छी को छुवन न जाय अपना मारा आपहि खाय चलत बाण मांरू उलट मूंठ मांरू मार मार कलवा तेरी आख चार चौमुखा दीया न बाती जा मांरू वाही की लात इतना काम मेरा न करे तो तुझे अपनी मां का दूध पीया हराम

सिद्धि करण विधि—सत चाल प्रति दिन २१ बार पढ़े घीका दीपक रखे अग्नि पर गूगर

खेवे लोंग जोड़ा फूल मिठाई रखे सिद्ध हो फिर मूंठ आवे इस मंत्र से उलटी भेजे और आक्रमण बसी करन कू सुपारी की छाल पर २१ बार पढ़े पान में रखकर खिलावे।

रोगी की परीक्षा—काचा सूत रोगी के पांव से सिर तक पुर कर २१ मंत्र फूंकर डोरा कूं नापे बट जाय तो आसेव का खलल है पटे तो देह रोग है।

किया कराया के उतारने और देह से रोग निकालने का मन्त्र—ॐ नमो आदेश गुरु को में ऊपर केश विकट भेष खंभ प्रति प्रहलाद राखे पाताल राखे पांव देवी जंघा राखे कालिका मस्तक रखे महादेवजी कोई या पिंड प्रान को छोड़े छेड़े तो देव दाना भूत प्रेत डाकिनी शाकिनी गांड ताप तिजारी जूड़ी एक पहरूं दो पहरूं सांझ को संवारा को कीया को कराया को उलटा वाही के पिंड पर पड़े इस पिंड की रक्षा श्री नृसिंह जी करें शब्द सांचा पिंड कांचा फुरो मंत्र ईश्वर वाचा।

विधि—सात बार मंत्र के रोगी को झाड़ा दे गा भंडा करदे। श्री गुरु।

रक्षा मंत्र—ॐ नमो आदेस गुरु को बजरी बजरी वज्र किवा बज्री पै बांधो दशों द्वार को

घाले यात उलट वेद वाही कों खात पहली चौकी भैंरू की चौथी चौकी रोम रोम की रक्षा करवे कों श्री नृसिंह देव आया शब्द सांचा पिंड कांचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा सत्य नाम अदेस।

गुरु की विधि—इस मंत्र को शनि से २१ दिन तक प्रति दिन २१ जाप करे घृत का दीपक आये फूल मिठाई गूगर धूनी रखे सिद्ध होवे फिर अष्टमी को भोग दे रोगी सात बार मंत्र के पानी पिलावे तो कीया कराया का दोष जाय।

समस्त पीड़ा हरन का मंत्र—लश्कर फर ऊन दर रोदनी लगर्क शुद।

विधि—जहां कहीं दर्द हो पीली मांटी से मंत्र को तीन बार लिखे फिर मांटी के बराबर गुड़ तुलाके लड़कों को बांट दे।

सिर की पीड़ा का मंत्र—दो ताबीज लिखे एक को खारीं जमीन में गाढ़े एक को रोगी के सिर में बांधे ताबीज यह है।

६७६८

दांतों की पीड़ा का मंत्र—हे दंता तुम क्यों कुलता हमें तुमें संजाइना हमरा कसर तुम हो

वत्तीस हमरी तुमरी कौनसी रीति हम कमायं तुम बैठे खाऊ मृत्यु की बिरियां संग ही जाऊं।

विधि—मुंह धोवे तब हाथ में जल लेकर ७ बार मंत्र के कुल्ला करे पीड़ा जाती रहे हिलते दांत जमें।

कांटा ला कर नीली रोशनाई से लिख कर दुश्मन को दिखाकर जमीन में गाड़ दे, और उस जगह किसी को न जाने दे तो शूल उठे धूप छायरु का असर पड़ने के साथ ही दुश्मन के पेट में शूल उठना शुरू हो जायेगा।

मर्द को वश में करने का यन्त्र—इस यंत्र को बान के रस से लिख कर बाजू पर बांधे तो वह मर्द औरत के वश में होकर उसके हर हुकम का पालन करे।

(२) इस यंत्र को भोजपत्र पर लिखकर औरत

१	६५	१	१२
७८	१	२	५२
१७	२८	८७	११
६	४	३१	४५

अपनी साड़ी से बांधे तो उसका मर्द (खाविन्द) उसके वश में हो जाय यह निश्चय सच बात है।

शत्रु वशीकरण यन्त्र—इस यंत्र को नगाड़े पर लिखकर नगाड़ा बजा दें तो शत्रु वश में हो।

२७	११	१	८८
४४	३४	४३	५६
२१	१७	७१	११
११	१८	८१	३३

(२) यह यंत्र कागज पर लहू से लिखकर शत्रु के सामने गाड़ दे और उसको सात रोज तक पानी देता रहे तो दुश्मन वश में हो।

नोट–अगर किसी कारण से शत्रु वश में नहीं हो तो फिर उस कागज को लाकर जला दे।

स्त्री वशीकरण मंत्र–इस मंत्र को स्त्री के रज यानी माहवारी के खून से या चन्दन से हथेली पर या कागज पर लिखकर औरत को दिखा दे तो वह अपने वश में हो।

३१	२७	८८	२७
११	५६	५८	३३
३३	१५	१३	११
३२	७२	६४	११

(२) इस यंत्र को लाल रंग के कागज पर चन्दन से लिखे इत्र से तर कर दे फिर जिस औरत को वश में करना हो उसकी साड़ी में पिन के साथ लगा दे तो वश में हो।

वचन सिद्धि मंत्र–इस यंत्र को भोजपत्र पर कुलंजन के रस से लिखकर सोने के ताबीज में भरवाकर गले में बांधे तो वचनसिद्धि प्राप्त हो।

६८	३७	३	८
८	१	२७	२६
८७	२७	.१	८
७	५	७७	१४

(२) इस मंत्र को लाल रग के कपड़े पर दूध से लिखे और उसका ताबीज बनाकर बांधे तो शर्तियां ही बचन सिद्धि प्राप्त हो।


बुद्धि पैदा होने का यंत्र– (१) इस यंत्र को शुक्ल पक्ष की चतुरदशी की रात को अपनी जीभ पर लिखे तो बुद्धि बढ़े।

७	७४	१	५६
२२	११	११	३७
२७	१५	३३	४१

(२) इस यंत्र को गुलाब की लेखनी से भोजपत्र पर लिखकर एक पीले रंग के रेशमी कपड़े में रखकर ताबीज बना ले बसंत पंचमी या सरस्वती पूजा के विधिपूर्वक धूप, दीप से पूजन के बाद अपनी दाहिनी भुजा पर बांधे।

खाना ज्यादा खाने का मंत्र– इस मंत्र को भोजपत्र पर कीटी के खून से लिखकर चूल्हे के पीछे गाड़ दे तो खूब खाये।

(२) इस मंत्र को चन्दन से भोजपत्र पर लिखकर भोजन करते समय अपनी थाली के नीचे रक्खे।



बिच्छू निवारण तंत्र–एक बिच्छू को मारकर धूनी देने से घर के सब बिच्छू भाग जायेंगे।

नकसीर मंत्र–(१) कागज में नौसादर रखकर सूंघने को देवे तो नकसीर बंद हो जायेगी।

(२) ऊंट के बालों की सूंघनी बनाने और धूप में बैठकर सूंघने से नकसीर बन्द हो जायेगी।

विवाह होने का तंत्र–अगर किसी का विवाह न होता हो तो मंगल के दिन चींटियों को आटा डाल दिया करे और उसी दिन उपवास रखे तो उसका जल्दी ही ब्याह होगा ऐसा विद्वानों का कहना है।

वशीकरण पान मन्त्र–हरे पान पर लाये पान चिकनी सुपारी श्वेतखर दाहिने कर चूना मोंही लोहापान हाथरस लेवे पेट टीटरस ले श्री नरसिंह वीर थारी शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा।

अर्द्ध कपारी का यंत्र—इस यंत्र को बरोज इतवार स्याही से लिख कागज को सुअर के बैठने की जगह गाड़ दे और वहां की रज लावे तो आधा शीशी दूर हो।

(२) इस यंत्र को अच्छे नक्षत्र में सुरमा से कागज पर लिखे और फिर किसी पेड़ के नीचे गाड़ आवे और कुछ दिन बाद उसको उखाड़ लावें।

३८	८५	१	३२
९	७	२६	५२
४८	४९	८७	७६
८९	९८	३४	११

शत्रु मारण यन्त्र—इस यंत्र को कागज पर हाथी दांत से लिखकर मरघट में गाढ़े।

(२) इस यंत्र को पेड़ के नीचे की धूल लाकर कागज पर लिखे और उसके दाहिने स्थान पर गाड़ दे तो जरूर शत्रु की मृत्यु हो।

१३	९	१२	४८
१७	११०	८८	११
१३	५२	७८	३९
४८	१०२	८५	१७


(३) अगर फिर भी जिन्दा रहे तो अमल व भावना की ही कमी समझो ऐसी हालत में शुद्ध मन से फिर करना शुरू कर दे।

राजमान यन्त्र—इस यंत्र को चमेली की कलम से लिखकर अपने बाजू पर बांधे तो राजमान हो।



(२) इस यंत्र को अगर गुलाब जल से भोजपत्र पर लिख कर अपनी भुजा पर बांधे तो राज दरबार में जाने से इज्जत मिले।

कान दर्द से छूटने का यन्त्र—इस यंत्र को अनार के रस से कागज पर लिख कर अगर कान में बांधे तो कान दर्द दूर हो जायेगा।



(२) इस यंत्र को तुलसीपत्र पर लिखे बाद में इसका रस निकाल ले और गरम करके कान में डाले तो कान का कष्ट दूर हो साथ ही कटेली झाड़ चम्मचनुमा पत्ता करके इसका अर्क भी कान में डालें।

चाक पर बर्तन चिपकाने का यंत्र—इस यंत्र को कुम्हार के चाक पर खैर की लकड़ी के कोयले से लिखे तो बर्तन चाक पर ही चिपक कर रह जाय छूटे नहीं।

(२) इस यंत्र को मौलश्री के रस में लाल कागज पर लिख कर कुम्हार के चाक के नीचे गाड़ आवे तो उसका एक भी बर्तन साबित न उतरे।

३	८	७
५	२११	९
४२	६४	३३

मोहिनी यन्त्र—इस यंत्र को पुष्य नक्षत्र में भोजपत्र पर दूध से लिखकर बाजू पर बांधे तो वह औरत दासी बनकर रहे।

(२) इस यंत्र को लाल रंग के कागज पर चन्दन से लिखे और इत्र में भिगोकर जिस औरत को वश में

४४	१७	८६	३
८३	१४	१८	१२
२४	८७	२६	२८
३३	५१	५८	११


करना हो उसकी साड़ी में लगादे तो मनोरथ सिद्ध हो।

कुत्ता भौंकने का यंत्र—इस यंत्र को काली स्याही से शनिश्चर के दिन कुत्ते के कान पर लिखने से कुत्ता भौंकने लगेगा और जब हटा देंगे तो भौंकना बन्द हो जायेगा।

३७	७४	८	१
६	६	७१	७३
७६	६८	८	१
५	८	३१	७५

(२) इस यंत्र को पंजावे की मिट्टी लाकर उससे बेल के पत्ते पर लिखे और कुत्ते को भौंकाना हो तो उसे बेल का वह पत्ता खिला दे कुत्ता भौंकने लगेगा।


व्यापार बढ़ाने का यंत्र—बरोज दिवाली या ग्रहण की रात को अनार की कलम बनाकर बड़ी खूबसूरती से लाल चन्दन घोलकर अपनी दुकान पर लिखे तो व्यापार ज्यादा हो।



(२) इस यंत्र को पुष्य नक्षत्र में भोजपत्र पर असगंध से लिखे और दुकान पर अपने गल्ले में रखकर रोज धूप जलाया करे तो व्यापार में खूब नफा हो।

लड़ाई-झगड़ा कराने का यंत्र—इस यंत्र को मंगल के दिन उल्लू के पंख से कुम्हार के आवे से निकले हुए ठीकरे पर लिखे और दुश्मन के घर में फेक दे तो जरूर लड़ाई हो।

(२) इस यंत्र को कपिला गाय के गोबर से



आक के पत्ते पर लिखे और शत्रु की छत पर डाल आवे तो झगड़ा हो।

जुए में जीतने का यंत्र—इस यंत्र को गोरोचन केसर और असगंध से भोजपत्र पर स्वाती नक्षत्र में लिखकर दीवाली को पूजा कर दाहिने बाजू से जुआ जरूर जीते।

८	६४	८	१६
४६	३४	६४	५४
६४	२१	१२	२१
४४	१५	६५	५६

(२) इस यंत्र को भोजपत्र पर लिखकर मुकाबिल जुए बाजू के नीचे रखकर और कागज पर लिखकर अपने नीचे छोड़े तो जरूर-ब-जरूर जीत होगी।

विदेश में गये हुए को बुलाने का यन्त्र– इस यंत्र को रास्ते की धूल से कागज पर लिखे और उस लिखे हुए पर कौड़े की मार लगाये तो कुछ ही दिनों में गया हुआ आदमी लौट आये।

३८	६५	१	२१
११	६२	२६	१६
४२	८४	१४	४८
८२	१७	७५	२७

(२) इस यंत्र को नींबू के रस से कोरे कागज पर लिखकर श्मशान में पीपल के नीचे गाढ़ आवे तो विदेश गया हुआ आदमी फौरन वापस चला आवे।

डाकिनी दूर करने का यन्त्र–इस यन्त्र को आक (मदार) के दूध से कागज पर लिखकर रात में सोते समय सिरहाने एक जूते के नीचे दबाकर सो जाये तो डाकिनी दूर हो।

८०	६४	२१	१७
३६	१३	६४	५३
६६	१६	२१	११
३४	२५	६५	५६

(२) इस यंत्र को चिरमटी की जड़ पीस कर पानी में घोल अनार की कलम से कागज पर लिखे और मरीज के सिरहाने गूगल की धूनी में कागज को जला दे तो मरीज तन्दुरुस्त हो।

महामोहन मन्त्र—ओं भैरू घू घू ठंठ ओं हरें स्वाहा पड़वा के दिन चिपका पक्षी का पंख लाकर कस्तूरी में पीसकर मंत्र को पढ़कर फूंके फिर उसका माथे पर तिलक लगाकर जहां भी जाये देखे वह फौरन वश में हो जाय जो चाहे उससे अपना काम ले वह इंकार नहीं करे।

राजा वशीकरण यन्त्र—इस यन्त्र को अष्टगंध और तुलसी की कलम से सफेद पीपल के पत्ते पर लिखकर सोने के ताबीज में मढ़े और दाहिनी बाजू में बांधकर राजदरबार में जावे तो देखते ही राजा वशीभूत होकर इज्जत से पेश आवे।

१०	६०	६०	१०
९०	१२	१३	८०
२०	७०	७०	४०

(२) पुष्य नक्षत्र में इतवार के दिन सहदेयी को उखाड़ लावे और साये में सुखा ले फिर पान में

रखकर इस यंत्र के साथ छुआ कर जिस आदमी या औरत को खिलाये वह वश में हो।


वशीकरण यन्त्र– इस यंत्र का नाम चिन्तामणी है। इसको चन्दन और सिन्दूर से भोजपत्र पर लिखकर माथे पर रखे तो डर नहीं लगे और केसर कस्तूरी से लिखे तो सब काम सिद्ध हो।

(२) इस यंत्र को केसर, कस्तूरी से किसी सफेद कपड़े पर लिखकर बत्ती बनावे और घी के दीपक

३	६	२१	७
२४	८	९	४२
२	१	७	८९

में रखकर उसे जला दे फिर उसकी राख जिसे खिला दे वह वश में हो।

राजा या हकीम वशीकरण यंत्र–इस यंत्र को २१ दिन तक कागज पर लिखकर और आटे में रखे फिर रोटी बनाकर काले कुत्ते को खिला दे और बाईसवें दिन की रोटी को जलाकर उसकी राख माथे पर लगा फिर जिसके सामने जावे वह जरूर उसके वश में हो जावे।



जगत वशीकरण मन्त्र— इस मन्त्र का यह गुण है कि आदमी इसको सिद्ध करके जिस जगह या जिस रास्ते से होकर निकल जावे उधर जो औरत मर्द इसको देखे तो उसके वश में हो जावे या जिस सभा में जाकर बैठे उसमें सभी आदमी उसकी तारीफ के पुल बांधते हुए न थकें यह मंत्र बड़ा शक्तिवान है। इसमें जरा भी सन्देह नहीं।


मन्त्र—ओं नमो भगवते रुद्राय नमः सर्व जगत विशेष कुरु कुरु फट्-२ स्वाहा। यह मंत्र महाबली महात्मा रावण का बनाया हुआ है। इकतालीस दिन विधि पूर्वक जाप करने से इसकी सिद्धि होती है।

विधि—स्नान करके बरगद के पेड़ की जड़ में अश्विनी नक्षत्र बरोज इतवार से सिद्धासन लगा कर बैठे और इस मंत्र का जाप करना शुरू करे सवा लाख बार बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ इस मंत्र को जपे तो सिद्धि को पढ़कर फूंक दे तो वह जरूर-२ वश में हो।

अन्य वशीकरण मन्त्र—ओं नमों भूवन भास्कराय जगदीशीम दरोया भवानी पश्चात मुखम पश्यन्ती तीतम विशेय स्वाहा।

विधि–चाक की मिट्टी आवे की राख इन दोनों चीजों को मिलाकर पहले चौका लगावे फिर स्नानादि से निबट कर सुबह सवेरे कद्धासिन लगाकर बैठे और विश्वास के साथ लगातार रात दिन तक जाप करे एक ही सांस में पूरे मंत्र को पढ़े। इस तरह पूरे ४२ दिन में यह मंत्र सिद्ध हो जावेगा।

मर्द वशीकरण यंत्र–जिस औरत का पति या खाविन्द उसके वश में न हो दूसरी औरत को चाहे या उसका कहना न माने उस औरत को चाहिए कि वह शनिचर की शाम से इस यंत्र को रोटी पर



लिखकर काले कुत्ते को खिलावे और ऐसा वह लगातार सात रोज तक करती रहे तो उसका पति जरूर वश में हो जायेगा।

वशीकरण तिलका–(१) बेल पत्र और मातंगल को बकरी के दूध में मिलाकर तिलक करने से आम आदमी वश में हो जाते हैं।

(२) भांग का बीज और घी, कुआर की जड़ माथे पर लगाने से सब लोग वश में हो जाते हैं।

(३) हरताल असगंध और सिन्दूर को केले के रस में मिलाकर ललाट पर तिलक करे तो वशीकरण हो।

(४) अपामार्ग का बीज बकरी के दूध में मिलाकर तिलक करने से सब लोग वश में हो जाते हैं।

(५) पान और तुलसी के पत्तों को कपिला गाय के दूध में मिलाकर मस्तक पर लगाये तो सब वश में हो।

(६) मंगल और असगंध को आंवले के रस में मिलाकर माथे पर 'तिलक करे तो खूब वशीकरण हो।

वशीकरण–कौवा किसका धन हरे कोयल किसको देय मीठे वचन सुना के जग अपना कर लेय। मगर भाइयो संसार बड़ा कठिन है या मूली नुस्खे से काम नहीं चलता इसीलिये तंत्र मंत्र के जरिये सब कामों की सिद्धि बतला दी गयी है। आदमी क्या पशु-पक्षी भूत-प्रेत सभी वश किये जा सकते हैं।

स्त्री वशीकरण तंत्र—कांगनी-तगर कूट चन्दन-नाग, केसर, काले धतूरे का पंचांग यानी फूल पत्ती बीज दहनी और जड़ इनराब दवाइयों को बराबर बराबर लेकर कूट पीस और कपड़छन करके एक गोली बनावे और साये में सुखा डाले फिर इस गोली को पान में रखकर जिस औरत को खिला दे चाहे कितनी ही संग दिल क्यों न हो पान खाते ही वश में हो जावे।

बालक की हिफाजत का यंत्र—(१) इस यंत्र को तांबे के पत्र पर खुदवाकर बच्चे के गले में बांधे तो बच्चे को नजर न लगे।

७२	५१	३३	४२	१०
७१	१८	८	२ १	११
२५	३७	४१	५२	११
२२	४५	२७	१	७१

(२) इस यंत्र को अनार की कलम से केसर की स्याही बनाकर भोजपत्र पर लिखे और धूप दिखाकर दावे के ताबीज में बच्चे के गले में डाल दे तो कभी भी बीमार न हो।


आधा शीशी का मन्त्र–ॐ नमो आदेश गुरु का काली चिड़ी चिगधिग करे धोली आवे दर्द हरे जनी हनुमाना हांक मारे मिथवाई आधा शीशी नाश करे गुरु की फुरो मन्त्र ईश्वर वाचा।

विधि–इक्कीस बार मंत्र पढ़कर झाड़े तो आधा शीशी दर्द दूर हो।

मुर्दे से बातचीत करना–इस खेल को करने का तरीका भी बहुत अजीब है। लोग इस खेल को देखकर बड़े ही दंग रह जाते हैं। यह खेल इस तरह है कि एक मुर्दा आदमी का जिस्म तमाम हाजरीन को दिखाया जाता है जिसमें कि बिलकुल जान नहीं होती सब लोग देखते ही कि बाकयी यह एक बेजान का मुजिस्मा इन्सान है मगर प्रोफेसर साहब इस मुजिस्मे के अन्दर अपने जादू के जोर से जान डाल देते हैं और वह बातचीत करने लगता है जिसको देखकर लोग हैरान रह जाते हैं और बिलकुल ठीक मानने लगते हैं कि बाकयी मुर्दा आदमी के अन्दर जान पैदा हो गयी है। इस खेल को इस तरह किया जाता है कि एक मुजिस्मा इन्सान का बनावटी मिट्टी या लकड़ी का बनवाया जाता है

और उसके अन्दर एक बिजली की मशीन फिट की जाती है और इसमें से एक तार लगातार बिजली के करेंट के साथ लगा दी जाती है और कुछ तारों से उस मुजिस्मा के अन्दर तमाम ऐजाओं के अन्दर वायरिंग कर दिया जाता है और फिर इस मुर्दा जिस्म को जिस वक्त के खेल करना होता है तमाम हाजरीन के सामने लाकर किसी चीज के सहारे खड़ा कर दिया जाता है मगर यह बात याद रखने के काबिल है कि इस मुर्दा जिस्म को बाहर से रंग रोगन के साथ ऐसा पेंट किया हुआ होता है कि दूसरा आदमी पहचान नहीं सकता बस इसको किसी के सहारे खड़ा करके उसके पीछे गुप्त रूप से एक और आदमी खड़ा कर दिया जाता है फिर प्रोफेसर साहब लोगों को अपने खेल की हकीकत समझाते हैं और कहते हैं कि यह मुर्दा अब मेरे जादू के जोर से बातचीत शुरू करेगा। आप लोग कोई सवाल करें यह उसका जवाब देगा। इतना कहकर प्रोफेसर साहब अपनी जादू की छड़ी को इसके मुंह पेट और पैर तक घुमाते हैं और एक दो दिन कहते हैं बस तीन कहते ही इसका दूसरा साथी बिजली का

बटन खोल देता है जिससे मुर्दे के अन्दर हरकत होनी शुरू हो जाती है। जिसे देखकर लोग हैरान होते हैं। बाद में प्रोफेसर साहब हाजरीन मौंजिमा को मुखातिब करके कहते हैं कि आप लोग कोई सवाल करें यह मुर्दा बराबर आपको उसका जवाब देगा बस उन लोगों में से कई मनुष्य ऐसे निकलेंगे जो कि उस मुर्दे से कई तरह के सवालात करते



जायेंगे और इस मुर्दे के पीछे जो दूसरा आदमी छुपकर गुप्त रूप से खड़ा हुआ है वो तमाम बातों का जवाब देता जायेगा। मगर लुत्फ की बात तो यह है कि मुर्दा आदमी के होंठ भी हिलते जायेंगे जिससे लोग ये ही समझेंगे कि शायद यह मुर्दा ही हमारी बातों का जवाब दे रहा है। इस तरह चाहे सैकड़ों आदमी सवाल करेंगे।

मुर्दे के पीछे खड़ा हुआ आदमी इसका जवाब देता रहेगा लोग इस काम को देखकर हैरान व दंग रह जाते हैं और आपको पूरा-पूरा जादूगर ही स्वीकार करेंगे। जिस समय खेल को खतम करना हो उस समय प्रोफेसर साहब को फिर कोई इशारा करके इस मुर्दे के सिर पर अपनी जादू की छड़ी घुमानी चाहिये और लोगों को यह बताना चाहिये कि अब हम इसका जादू दूर करते हैं यह फिर उसी तरह से मुर्दा हो जायेगा और बाद में यह किसी की बात का जवाब न दे सकेगा बस इतना कहने के बाद छड़ी उसके सर पर फेरकर खुद अलग हो जावे और इसके पीछे छुपा हुआ आदमी भी पीछे की तरफ से निकल जावे और बिजली के तारों को भी अलग

कर दें। फिर उस मुर्दे को उठाकर लोगों के सामने अन्दर ले जावे जब इसको उठा लोगे तो लोगों को यकीन हो जायेगा कि वास्तव में मुर्दा है जो कि खुद चल भी नहीं सकता और लोग और भी हैरत ज़ुदा हो जायेंगे।

मुर्दा रूह से बातचीत करना–अगर आपके पास आकर कोई यह कहे कि मैं अपने फलां रिश्तेदार के साथ जो कि मर चुका है, बातचीत करना चाहता हूँ या वह स्वयं मुर्दा रूह के साथ बातचीत करने का इच्छुक हो तो पहले उस मनुष्य से यह बात कहो कि तुम अपने जिस मरे हुए रिश्तेदार की रूह के साथ हम कलाम होना चाहते हो। इसका कोई कपड़ा जैसे कोट, कमीज या पगड़ी वगैरह अपने घर से ले आओ। बेहतर हो अगर सिर या गले का कोई कपड़ा मंगाया जाये कपड़ा मिल सके तो अच्छा ही है वरना फिर एक सादे कागज पर ही यह अमल करना शुरु करो अर्थात् शनिश्चर के रोज सुबह सवेरे उठकर नहा धोकर पाक साफ हो जाये और धुले हुए कपड़े पहन लें। फिर अपने ही मकान के ऐसे कोने में

जहाँ शोरगुल जरा भी न हो पूर्व की जानिब मुँह करके बैठे चिराग में खरगोश की चर्बी डाल कर रोशनी करो फिर हुद हुद के परों से हिरन और चीते के लहू से अगर चीते का लहू न मिले तो बाघ या भेड़िया के खून के साथ दोनों को मिलाकर उस मनुष्य के कपड़े पर निम्नांकित विधि से एक सो ग्यारह मरतबा लिखो और हवा में किसी दरख्त की साख में बांध दो। इस नक्स को हुद हुद के खून के साथ लिखे और फिर इस अमल को जारी करे जो अमल इसके मौवक्किल ने अपने अपने हाजिर होने का बताया हुआ है। इस अमल को करे और दिल में अपने तसव्वुर को मजबूत कर ले उसका मौवक्किल फौरन ही हाजिर होगा बस उसको। इज्जत के साथ बैठावे और उसे फल वगैरह खाने को दे और फिर उससे कहे कि फला आदमी फलां दिन और फलां वक्त में फौत हुआ है। तुम उसकी रूह का पता लगाओ कि वह इस समय कहां पर है उसके साथ फलां आदमी हम कलाम होना चाहता है। वह जिस जगह भी मिले तुम फौरन उसकी रूह को यहां लाकर हाजिर करो तब आपका यह

मौवक्किल कहेगा कि जब आपका हुकम तो मुझे काम करने में कोई उजर नहीं है मगर पहले मेरा सदका मिलना चाहिये बस वह सदका में जो चीज मांगे उसको देनी चाहिए और उसको खिला-पिला कर खाना करे और वो फौरन उठ बैठे मगर दिल के तसव्वुर को किसी समय न भूले बस कुछ ही देर बाद तुम्हारे सामने एक ऐसी तेज रोशनी नमूदार होगी जैसे हजार सूरज एक बारगी ही उस कमरे में आये हों फौरन ही होशियार होकर बैठ जाओ और उस आदमी को भी जो अपने रिश्तेदार की मुर्दा रूह के साथ गुफ्तगू करना चाहता है अपनी बगल में बैठा लो और चारों तरफ एक गहरी लकीर जमीन में खींच लो ताकि वो रूह किसी तरह का नुकसान न पहुंचा सके अब उस रोशनी के दरमियान तुम्हारा मुवक्किल तुम्हें अपने सामने खड़ा हुआ दिखाई देगा और वह तुम्हें बतायेगा कि जिस रूह के साथ तुम हम कलाम होना चाहते हो उसको वह ले आया है। जो बातें करनी हों वो कर लो इसके इतना कहते ही तुम उस आदमी को

बताकर कहो इतना कहते ही तुम उस आदमी को बताकर कहो कि जो कुछ बातें तुम इस रूह के साथ तुम करना चाहते हो वो बेधड़क कर सकते हो जब वो आदमी यह कहे कि मैं उसको अपने सामने देखना चाहता हूं तो ये बात तुम अपने मौवक्किल से कहकर पूरी करा सकते हो मगर रूह आमतौर पर अधिकांश गायब रहकर ही गुफ्तगू किया करती हैं मगर यह मौवक्किल की ताकत पर निर्भर है अगर वह काफी ताकतवर और खासतौर पर उस रूह से ज्यादा बलवान हुआ तो इसमें कोई शक नहीं कि वह उस रूह पर दबाव डालकर उसे जाहिर होने के लिये मजबूर कर देगा मगर साल-ब-साल के तजुरबों के बाद यह देखा गया है कि खलल मकलाम हो सकती है। मगर जाहिरा दिखाई नहीं देती अगर मौवक्किल के दबाव डालने पर जाहिर हो तो महज उसका सिर ही सिर दिखाई देता है पूरा जिस्म नजर नहीं आता बातचीत फौरन करने के बाद ही रूह और मौवक्किल को विदा कर देना चाहिये नक्स दर्ज है।

चौकी हनुमान बीर की—रंग हनुमान बारह वर्ष



का जवान लठ मुख में पान होकसा रावन आ ओसाया हनुमान।

विधि—महीने के पहले मंगल को व्रत रखे और लाल कपड़ा पहनकर मूंगे की माला से जाप करे और धूप, दीप हनुमान बजरंगबली की मूर्ति के आगे रखे पवित्र जगह पर बैठे और तेल हिन्दुवा का चढ़ाय गुड़, गेहूं, गुड़धानी सवा सेर की चढ़ाय यानि रोट पकाकर चढ़ाये और उसमें से एक बार आप भी खाये और इस मन्त्र का जाप ग्यारह सौ मरतबा चालीस दिन तक करे बीर हाजिर होगा और अपने नफ्स पर गालिब रहे और हर शनिश्चर व मंगलवार को व्रत रखें और पूजा करता रहे जो चाहोगे वही होगा।

सब ऐश व इशरत देने वाला मंत्र—राम जो मंत्र है वो सब सुख को देने वाला है जो अपना मंत्र

सिद्ध करना चाहे वो इसकी गोली मुस्क व जाफरन में लाल चन्दन को घिसकर मिला दे और शुरु में श्री और आखिर में जी लिखकर गंगा, जमुना में चढ़ावे तो सर्व सिद्ध परास्त हो लेकिन शुरु से आखिर तक मन में पूरा-पूरा भरोसा रखे। चालीसवें दिन अनार की कलम से लिखे और सवा लाख गोलियां बनाकर मछलियों को खिला दे जब खतम हो जाये तो हवन करे और गौड़ ब्राह्मणों को भोजन करा दे मनोकामना पूर्ण होगी।

उच्च कोटी का मन्त्र-तंत्र सिद्ध करने का मंत्र—ओं पर ब्रह्मा पर तहफे नहा जक व शाम्बी अस्तुत परे करायें पर हम हर हराय तो गना सर्प को नक दरस य नहता तंत्राय सदजंग कर स्वाहा।

विधि—घी का चिराग जलाकर धूप अगर चन्दन फल और फूल चढ़ावे एक सौ आठ बार जपे सिद्ध यानि नेक साहस से एक दिन सिद्ध होवे जिस पर जो मंत्र करे इस मंत्र से करे।

हिफाजत बदनी का मन्त्र—ओम पर ब्रह्म बाथने सर हरी पाह-२ कुरु कुरु स्वाहा इसको करने की तरकीब नीचे दर्ज की जाती है गौर से पढ़े। इस मंत्र

को एक सौ आठ बार पढ़कर अपने ऊपर फूंके तो कोई इसको ऐजा न पहुँच सके।

इन्द्रजाल का मन्त्र—ओम सनारा सनोर भौसराय इन्द्रजाल करत कान दर्शन सिद्धंग कुरु कुरु स्वाहा।

विधि—इस मंत्र से इन्द्रजाल की विद्या हासिल करे।

कीमिया का मंत्र—ओम नमो हर हराय नमो सांय सिद्धंग कुरु-कुरु स्वाहा।

इस मंत्र को हर रोज सुबह सबेरे उठकर एक सौ इक्कीस (१२१) दिन तक जाप करे तो सिद्ध होगा।

सर्व सिद्ध मंत्र—ॐ आदेश करो करलेमत बीर बसे जो जो मांगे सो-सो इन पांच लादो सर सिन्दूर डाट की मायी। अव्वल सिद्ध बरी लाये शब्द सांचा पिंड कांचा फुरो ईश्वर वाचा।

विधि—ब्राह्मणों को खिलाये तो पांच लड्डू का भोग लगाये कुयें पर जाकर छोटे कलश सांज में एक लड्डू कुयें में डाले जब सोच पहर तब लड्डू को कुयें में डाला जाय अगर ये अमल माल खाने में कराय तो फिर मालखाने में किसी बात की कमी न रहे।

गड़ा हुआ धन नजर आने का मंत्र–ॐश्री परवंग क्लींग सर्प और खंड़ी परंती नमो वह सब कर सादांग। कौवे की जबान को गऊ के दूध में जोश देकर दही जमा ले और फिर इस काघी निकाल कर एक सौ आठ मरतबा उपरोक्त मंत्र को पढ़कर आंखों में लगाये या उसका काजल पारे फिर जो शख्स पैर की तरफ से पैदा हुआ हो उसकी पलकों (आंखों) में लगा दे तो उसे जमीन के अन्दर का गढ़ा हुआ धन दिखाई दे।

बारिश बन्द करने का मंत्र–ॐनमो भगवती रुद्राय जल असमली सहती ठं ठं ठं ठं स्वाहा। एक ईंट पर मंत्र पढ़कर उस पर मरघट से लाये हुए कोयले जलाये और ईंट ऊपर रखे तो बारिश फौरन बंद हो जाये।

गरीबी दूर होने का मंत्र– या कुबेर यागनीं या लक्षीं बानी।

विधि–अली अलसुबह कलाम करने से पेस्तर मुंह हाथ धोकर एक मरतबा बिस्मिलाह पढ़कर सौ मरतबा इस मंत्र को पढ़े शुरू होने से समाप्त तक धूप जलावे तो गरीबी दूर हो।

दर्द दंदान का मंत्र—हे दादा तुमको काता हमी संग जायें और हम तुम बने हमरे तुमरे कौन सी ऐसी हम कहायक तुम बैठे कहा दमरत के सिले संग ही जाव।

विधि—मुंह गये हुये बहुत पानी पर सात बार दम करके कुल्ला करे तो दर्द करता हुआ दांत फौरन ठीक हो जाय साथ ही दांत हिलता हुआ तो फौरन ठीक हो जाये।

दाढ़ के दर्द का मंत्र— ॐ नमो आदेश गुरु को तोला कि नूरो एक बार जहां बैठे बाल ग्वालगंगा, जमुना, सरस्वती जहां बैठे गोरखजती गौतम रख परवत से हुये का दाढ़ छतीस रोग मिटे ओह ओह परथी आड़ो राखो बाल भूवरापाही इनसत भक्त पास बाक्स इवेन्टार छपाकर श्री रामचन्द्र हनुमंत जली वीरपाल पानी भूरोक जाता पराये सेवा की संगत बुटी भक्त फुरो मंत्र ईश्वर वाचा।

विधि—पानी पर सात बार दम करके बड़ पर छीट मारे दर्द दूर हो जायेगा।

पेट का दर्द दूर करने का मंत्र—ॐ नमो आदेश गुरू गोबिन्द में बपाये अंजन-अंजन जाया करे हनुमंत

गड़ा हुआ धन नजर आने का मंत्र–ॐश्री परवंग क्लींग सर्प और खंड़ी परंती नमो वह सब कर सादांग। कौवे की जबान को गऊ के दूध में जोश देकर दही जमा ले और फिर इस काघी निकाल कर एक सौ आठ मरतबा उपरोक्त मंत्र को पढ़कर आंखों में लगाये या उसका काजल पारे फिर जो शख्स पैर की तरफ से पैदा हुआ हो उसकी पलकों (आंखों) में लगा दे तो उसे जमीन के अन्दर का गढ़ा हुआ धन दिखाई दे।

बारिश बन्द करने का मंत्र–ॐनमो भगवती रुद्राय जल असमली सहती ठं ठं ठं ठं स्वाहा। एक ईंट पर मंत्र पढ़कर उस पर मरघट से लाये हुए कोयले जलाये और ईंट ऊपर रखे तो बारिश फौरन बंद हो जाये।

गरीबी दूर होने का मंत्र– या कुबेर यागनीं या लक्ष्मीं बानी।

विधि–अली अलसुबह कलाम करने से पेस्तर मुंह हाथ धोकर एक मरतबा बिस्मिलाह पढ़कर सौ मरतबा इस मंत्र को पढ़े शुरू होने से समाप्त तक धूप जलावे तो गरीबी दूर हो।

दर्द दंदान का मंत्र—हे दादा तुमको काता हमी संग जायें और हम तुम बने हमरे तुमरे कौन सी ऐसी हम कहायक तुम बैंठे कहा दमरत के सिले संग ही जाव।

विधि—मुंह गये हुये बहुत पानी पर सात बार दम करके कुल्ला करे तो दर्द करता हुआ दांत फौरन ठीक हो जाय साथ ही दांत हिलता हुआ तो फौरन ठीक हो जाये।

दाढ़ के दर्द का मंत्र— ॐ नमो आदेश गुरु को तोला कि नूरो एक बार जहां बैठे बाल ग्वालगंगा, जमुना, सरस्वती जहां बैठे गोरखजती गौतम रख परवत से हुये का दाढ़ छतीस रोग मिटे ओह ओह परथी आड़ो राखो बाल भूवरापाही इनसत भक्त पास बाक्स-ड्वेन्टार छपाकर श्री रामचन्द्र हनुमंत जली वीरपाल पानी भूरोक जाता पराये सेवा की संगत बुटी भक्त फुरो मंत्र ईश्वर वाचा।

विधि—पानी पर सात बार दम करके बड़ पर छीट मारे दर्द दूर हो जायेगा।

पेट का दर्द दूर करने का मंत्र—ॐ नमो आदेश गुरू गोबिन्द में बपाये अंजन-अंजन जाया करे हनुमंत

शब्द मकड़ा माकड़ा तीनों भसम मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मंत्र ईश्वर वाचा।

विधि–दीवाली ग्रहण की रात को इस मंत्र को सिद्ध करके झाड़े तो पेट का दर्द दूर हो।

भूतों को वश करने का मंत्र–ॐ हरे बजरंग कली नमो।

विधि–यह मंत्र छः शब्द का है साधक को चाहिये कि उपरोक्त विधि से इस मंत्र का साधन करे और हर रोज पाव गरम दूध और खीर लेकर उसको देवे और दूध का हवन करे और दौराने मंत्र दूध और खीर का ही भोजन करे इस मंत्र का जाप चालीस हजार बार करे। देवी के खुश होने से भूत वश में हो जायेगा और उसके जरिये से अपनी मनोकामना पूरी कर सकता है अगर कुछ विघ्न होगा तो बजाये फायदे के नुकसान भी हो सकता है।

दौलत हासिल करने का यन्त्र–ॐ हरे बर हन पर बानबरे हरों हराहा।

विधि–इस मंत्र को भी ऊपर लिखे तरीके से एकांत में सिद्ध किया जा सकता है। इसे सिद्ध करने के लिये साधक को एक लाख पच्चीस हजार

बार जाप करना चाहिये और जितने दिन रुक साधन में रहे पाक साफ और मन को पवित्र रखे दूध और चावल का इस्तेमाल करे और जाप के समय किसी के साथ हम कलाम न हो। इस मंत्र का जाप या तो सूर्योदय से पूर्व या शाम सूर्यास्त के समय करे यक्षी खुश होकर मनकर वर देगी और आमिल की साधक को धन दौलत की कमी नहीं रहेगी। जो मनुष्य दृढ़ निश्चय के साथ इस मंत्र को सिद्ध करते हैं। उन्हें फिर किसी बात की कमी नहीं रहती है बाद सिद्धी के हवन करे गरीब ब्राह्मणों साधू संतों को भोजन कराकर यथाशक्ति दान दक्षिणा दे तथा गऊ माता की सेवा में मन को लगावे उस पर न पिता न परमात्मा की दया से ऐसे मनुष्य के सब दु:खदर्द दूर होकर जिन्दगी ऐसे आराम के स्थान पर गुजारे या गरीबों पर दया करना दीन दुखियों की सहायता यही सर्व सिद्धि का मूल मंत्र है। इसी से जगदीश्वर खुश होकर अपनी प्रजा और भक्तों के दुख दूर करता है हरिओम् तत् सत्।

इलम के याफा—नीचे हम औरत मर्द के अलैहदा-२ लक्षण और गुण लिखते हैं। इन्हें देखकर

पाठकगण बहुत कुछ फायदा उठा सकते हैं। दुनिया चालाक व स्वार्थी है। हमारी जिन्दगी में कई बार ऐसे लोगों से साबका पड़ जाता है कि जो अगर हम अक्लमंदी से काम न लें तो उनसे हमें सख्त नुकसान उठाना पड़ जाये दुनिया में रहकर दुनिया वालों से व्यापार करना पड़ता है। इसलिये निम्नांकित मनोविज्ञान द्वारा वह बहुत फायदा उठा सकते हैं ध्यान पूर्वक पढ़ें।

केयाफा मुतालिल्क मर्द—अगर ध्यान पूर्वक देखा जाये तो कुदरत का कोई उसूल कोई भी कायदा ऐसा नजर नहीं आयेगा जिसमें उस खाजिक कोनोंमकां की कोई न कोई हिकमत न हो अगर इन्सानी अकल नार साकी रसाई इसकी पुरानी हकीकत तक न हो सके तो यह एक अलग बात है। कायनात में किसी चीज को ले लो और गौर से देखो कि वह चीज अपनी मौजूदा शक्ल व सूरत और बनावट में कैसी सुन्दर बनी हुई है। अगर इसके खिलाफ हुई तो जरूर-ब-जरूर इसमें कोई न कोई नुक्स दिखाई दे जाता है। जिस तरह एक

मनुष्य किसी चीज़ की शक्ल व सूरत और बनावट को देखकर उसके नफे नुकसान और उसकी हालत का अंदाज लगा सकता है। इसी तरह होशियार मनुष्य की शक्ल वह सूरत और ऐजा की बनावट को देखकर उसके सभी तौर तरीके और चाल-चलन का पता चल सकता है। इस मनोविज्ञान के चमत्कार केवल इतने ही नहीं जो हम नीचे लिखते हैं बल्कि प्रत्येक मनुष्य अपनी जाती तजुर्बे के मुताबिक भविष्य वाणी भी करते रहते हैं यहां हम मुख़्तसर बयान जेल में दर्ज करते हैं।

कदो कामत–अगर किसी इंसान का कद मामूली हालत में है अगर इससे बहुत लम्बा हो तो ऐसा मनुष्य पहले दर्जे का बेवकूफ होता है और अगर मध्यस्थ, मामूली हालत से बहुत लंबा होता है तो वह मनुष्य पहले दर्जे का फितनासाज और सादी हुआ करता है। मशल मशहूर है कि कल मिल अहमक वकल करील फितनासाज।

पेशानी–चौड़े मस्तक वाला साहब हौसला खुश किस्मत और अक्लमंद होता है तंग और छोटी पेशानी वाला बदकिस्मत होता है। जिस शख्स की

पेशानी पर बल पड़े हो वह गरीब, रोगी, बफितनासाज होता है।

नेत्र–जिस मनुष्य की आंखें अन्दर को घुसी होती हैं। वह मनुष्य धोखेबाजी और मक्कारी में निपुण होता है और अगर आंखें गोल हों तो वह मनुष्य साहसी निडर और बहादुर होता है। मगर दूसरों का हक गायब कर लेता है, दूसरों को धोखा देना इसके बायें हाथ का काम होता है और अगर आंखों की बनावट कुत्ते की आंखों के सदृश्य हों तो बदकिस्मत और बदबख्त होगा। बिल्ली के समान हों तो बेफैज अगर मानिन्द आखों के हों तो साहब शर्म व हया और आली मतर्बा हो पतली आंख वाला बदबख्त और हर एक से बुराई से पेश आता है अगर आंखों की बनावट घोड़े की आंखों जैसी हों तो ऐसा मनुष्य फारग अलवाली और ऐशो आराम में जिन्दगी व्यतीत करता है। और अगर किसी मनुष्य की आंख बादाम के समान हों तो वह मनुष्य शोहबत परस्त होगा अगर मानिन्द मोर के हों तो पहले दर्जे का बेईमान होगा अगर सांप जैसी बनावट हो तो साहब इकबाल और बेफैज और अगर कोई

आदमी अल्लाह गुफ्तगू में आंखों को इधर-उधर हरकत देवे तो यकीनन जान लो कि ऐसे मनुष्य के कौलों फेल का कोई ऐतवार नहीं।

सर–सर का मामूली हालत में वश होना अलामत धनवान व अकल मंदी और बुजुर्गी की है। ऐसे सिर वाला आदमी बड़ा भाग्यशाली और धनवान होता है मामूली हालत से सिर का छोटा होना निशानी बेवकूफी है औसत दर्जे में सर का होना उसकी हालत औसत दर्जे की होती है अगर सर के बाल नर्म बारीक और घुंघराले हों तो ऐसा मनुष्य इश्क पसंद होता है बाल का मोटा और खुरदरा व सख्त होना जफाकशी है दिमाग पर बालों का ज्यादा न .होना भाग्यावान व अकलमंदी है।

कमर–अगर किसी मनुष्य की कमर मानिन्द रीछ के हो तो ऐसा इन्सान दुनिया में अव्वल तो आराम हासिल नहीं कर सकता यदि हासिल करे भी तो बहुत कम अगर कमर मोटी हो तो सहाब पुत्र वाला हो और शोहबत परस्त हो और अगर कमर की बनावट शेर के मानिन्द हो तो उसकी

औलाद साहसी जवां मर्द और होशियार होती है और खुद भी साहब मरतबा और फैजमंद होता है अगर कमर की बनावट जरा चौड़ी हो तो वह स्वार्थी (मतलबी) होता है।

पीठ—सख्त और तख्ता की मानिन्द हो तो जान लो कि ऐसी पीठ वाला इन्सान बरबादी की सख्त मेहनत से बसरे औकात करे अगर पीठ चौड़ी हो तो इन्सान कमीना और रजील हो अगर पुस्त की हड्डियां तादाद में नौ हों तो वह इन्सान सौभाग्यशाली और खुश किस्मत होता है अगर हड्डियों की तादाद बारह या चौदह हो तो दुनिया में वह आरामी की जिन्दगी बसर करेगा पीठ झुकी हुई हो तो लाखों मुफलिस साबित हो।

रान—अगर किसी मनुष्य की रान मोटी हो तो उसकी उमर बड़ी होगी अगर बहुत पतली हो तो जान लो कि हमेशा रोगी रहेगा। अगर रान मोटी पुर गोल हो तो समझ लेना चाहिये कि बहुत मोहब्बत परस्त हो और अगर ऊपर नीचे से रान एकसी हो तो ऐसा आदमी बेहया और बेशर्म होता है अगर घोड़े की रान के समान हो तो सहावे हकूमत होगा

हमेशा सफर में रहेगा अगर चौड़ी और तंग रान हो तो बदयकन और औलाद कम होगी अगर रान की बनावट मसल कैवि के हो तो सहाबे मरतबा और ऐश पायेगा अगर रान की बनावट कुत्ते की रान जैसी हो तो हर काम में होशियार और चौकन्ना रहे अगर मानिन्द शेर के हो तो ऐसा मनुष्य फजूल खर्च और भोग विलासी हो।

जाँघ—अगर जाँघों पर बाल हों तो हमेशा सफर में रह जानों की लम्बाई में कम गैर मामूली हों तो गरीब व बुद्धिहीन और कम उमर का हो अगर गोश्त से पुर हो तो अपनी जिन्दगी में कम से कम एक दफा जरूर कैद हो।

पिंडली—अगर किसी मनुष्य की पिंडली लम्बी हो तो वह मनुष्य चुगलखोर हुआ करता है अगर पुर गोश्त हों तो अनदार सानी खिलफत अगर सदृश्य हिरन या घोड़े के हो तो सखार कोण और भाग्यशाली होगा।

पांव—अगर चलने में किसी मनुष्य के पांव का निशआन टेढ़ा पड़े तो जानो कि वह मनुष्य

पागल लापरवाह है अगर पांव की बनावट टेढ़ी हो तो वह मनुष्य चुगलखोर और कृतघ्न होगा नेकी का बदला हमेशा बदी से देगा अगर पांव की तली सुर्ख रंग की हो तो ऐसा मनुष्य नेक साहसी भाग्यशाली होता है अगर पांव चौड़ा हो तो हमेशा कंगाल रहेगा अगर मिकदार से छोटा हो तो वह मनुष्य भी हमेशा कंगाल और रोजगार की तलाश और अविश्वासी होगा। पैर अगर दरमियानी हो तो उसकी उमर औसत हालत में रहेगी और उस आदमी की माली हालत भी औसत दर्जे पर ही रहेगी अगर पांव पर गोश्त हो तो साहिबे इकबाल होगा।

नाखून—अगर किसी मनुष्य के नाखून चमकदार या जरदी माइल हों तो हमेशा धनवान् रहेगा अगर जरा से नीलगों हों तो साहिबे इकबाल और फैजरिसाल होगा अगर नाखूनों का स्याही माइल रंग हो तो समझ लो वह मनुष्य चोर बदमाश है अगर नाखून का रंग सबजी माइल हो तो जिनाकार होगा अगर नाखून खुरदरे और टेढ़े और वें ढंगे बने हों तो वह हमेशा तकलीफ में रहेगा। गरीबी

की उसे आम शिकायत रहेगी अगर नाखून का रंग आधा सफेद और आधा रंग सुर्ख हो तो ऐसा मनुष्य हमेशा आसूक हाल रहेगा।

बाल—अगर सारे शरीर पर बाल हों तो गरीबी और कम अक्ल हो अगर हर जड़ से सिर्फ एक ही बाल पैदा हुआ हो तो वह मनुष्य बादशाह होगा अगर हर जड़ से दो बाल उगे हों ऐसा आदमी अकलमंद और भाग्यशाली होगा। एक जड़ से अगर तीन-तीन बाल उगे हों तो ऐसा मनुष्य हमेशा सच बोलने का आदी होता है। और अगर हर जड़ में से चार-चार बाल पैदा हुए हों तो वह मनुष्य निर्धन बुद्धू और अशिक्षित साबित होगा।

बाजू—अगर बाजू मिकदार से छोटे हों तो गरीबी कमजोरी का सामना करता रहे अगर बाजू मिक-बार से ज्यादा लम्बे हो तो वह फिसादी लड़ाका होने पर भी हमेशा शिकश्त खाता रहे अगर बाजू जिस्म के मुताबिक ठीक हों तो खुश नसीब मिलन और मेहनती हो अगर हाथों की उंगलियां लम्बी हों और सीधी करने पर दरमियान में सुराख न रहे तो धनवान तथा दानी हो अगर उंगलियां

मुनासिब और दरमियान में सुराख न दे तो वह मनुष्य फिजूल खर्ची होगी अंगुलियां सीधी करने पर हथेली में गड्ढ पड़े तो धनवान होगा सुन्दर और सुरखी माइल गोल नाखून मोहब्बत और खुश अखलाकी है अगर बदनुमा बदरंग हों तो वह गरीब निर्धन हो।

तलवे–गोश्त से भरपूर मुलायम और सुन्दर तलवों वाला आदमी धनवान इज्जतदार औलाद वाला होता है सूखे हुए बिना खून या कम गोश्त के तलवों का आदमी निर्धन नादार बदकिस्मत होता है यह लक्षण विद्या अनुमान के अनुसार है आगे वह ईश्वर ही जाने।

दाढ़ी–अगर किसी मनुष्य की दाढ़ी सुन्दर और भरपूर हो तो ऐसा मनुष्य मिलनसार और नेक होता है। जिस मनुष्य की दाढ़ी कम और छोटी हो वह घमंडी होता है। अगर किसी मनुष्य की बहुत लम्बी दाढ़ी हो तो वह हिम्मती तथा साहसी होता है बिना दाढ़ी का मनुष्य जन्म से ही कमजोर कम हिम्मत वाला होता है। अब आगे औरत के बारे में पढ़िये।

स्त्री लक्षण

कद– लम्बे कद वाली औरत नेक व ईश्वर भक्त होती है मध्यम कद वाली स्त्री अपने स्वामी की प्यारी शील स्वभाव। छोटे कद वाली स्त्री चरित्रहीन और निर्लज्ज हुआ करती है। जो स्त्री बिना मतलब घर-घर फिरे और आंखें इधर-उधर हर समय करती रहे और बिना मतलब बातचीत करती रहे उस स्त्री पर किसी किस्म का विश्वास नहीं करना चाहिये जिस औरत की सोते समय आंख खुली रहे वह अपने पति की आज्ञाकारी नहीं होती जिस स्त्री के हंसते समय गालों में गड्ढा पड़े और आंखें फड़के वह स्त्री अपने पति की हत्यारी होगी ऐसी स्त्रियों पर विश्वास नहीं करना चाहिये।

मुंह–छोटे मुंह वाली स्त्री से हमेशा रंज व गम और तकलीफ पहुंचती है। बहुत लम्बे मुंह वाली दुःख दर्द को दूर करती है। टेढ़े मुंह वाली बहुत जल्द असुहागिन हो जाती है जिस स्त्री की ठोड़ी पर बाल या मूंछें हों वह अकसर बदचलन हुआ करती है।

पेशानी–अगर पेशानी लम्बी और चौड़ी हो तो ससुर की मृत्यु जल्दी हो। अगर पेशानी ऊंची हो खुद असुहागिन हो जाये, अगर पेशानी पर सुर्ख रंग के खड़े बाल हों तो तंगदस्त और लाचार हो जाती है। अगर माथे पर निशान न हो तो नेक ख्याल मिलनसार और पति की आज्ञाकारी होती है।

नेत्र–अगर सफेदीनुमा सुर्ख हो तो दुनिया में सुख पाये अगर जर्द हों तो तकलीफ उठाये अगर सुर्ख हों तो चरित्रहीन और दगाबाज हो अगर स्याह हों और किसी कदर सुर्खी की झलक नजर आये तो ऐसी स्त्री पर जान तक निछावर कर देना उचित है बाज हाल तो मतवाली आंखें बदचलनी का निशान होती है मगर बदचलनी का आसार दूसरे भागों पर होता है जो स्त्री चलते समय इधर-उधर देखे और आंखों की हरकत करे वह पहले दर्जे की बदमाश होती है।

नाक–अगर नाक की नोक लम्बी होती है तो वह स्त्री झगड़ालू होती है अगर नाक में बाल हों तो बदकार होती है। अगर नाक की नोक नीचे की

तरफ झुकी हुई होगी तो वह अकलमंद अगर नाक तोते की तरह हो तो कुनबा वाली हो, अगर नोक छोटी हो तो कम माया निर्धन अगर चौड़ी हो तो बहुत जल्द बेवा हो जायेगी ऊंची और सुतवां हो तो खुश किस्मती अगर नाक चपटी हो तो पति की प्यारी होगी।

गाल–अगर मुस्कराते समय गालों में गड्ढा पड़े तो ऐसी औरत पति को प्यारी होती है और अगर दोनों गाल जरा उभरे हुए हों तो पति से बहुत प्यार करे और खुश मिजाज व काबिल हो अगर गालों का रंग सुर्ख हो तो हर किसी को प्यारी होती है मगर कुछ ऐसी औरतें खुदगर्ज भी होती हैं। अगर गालों पर उंगली लगाने से गल पड़े तो वह स्त्री चरित्रहीन होती है अगर किसी स्त्री के गालों पर बातचीत के समय गड्ढा पड़े तो वह बदकार होती है।

होंठ–जिस स्त्री के होंठ का रंग स्याह हो वह अभागन होती है जिसके होंठ गुलाबी और बारीक हों वह पति की प्यारी और खुशनशीब होती है अगर होंठ लम्बे हों तो वह हैरानी और परेशानी में

उमर व्यतीत करती है। अगर हद से ज्यादा छोटे हों तो भी निर्धनता इसका साथ नहीं छोड़ेगी अगर दोनों होठों के मिलने से मुंह छोटा बन जाये मगर इससे कम न हो तो पति की प्यारी होती है।

गर्दन–अगर गर्दन में तीन रेखायें हों तो खुशहाली होती अगर किसी औरत की गर्दन लम्बी मानिन्द बंगुले के होगी तो वह स्त्री खुदगर्ज और मक्कार होगी जिसकी गर्दन गुदाज हो वह बहुत जल्द असुहागिन हो जायेगी अगर गर्दन छोटी हो तो बेऔलाद रहेगी गर्दन मानिन्द सुराही के हो तो ऐसी स्त्री खुशनसीब नेक चलन और पति की प्यारी होती है।

बाजू–अगर स्त्री के बाजू लम्बे होंगे तो खुशहाली की निशानी है अगर किसी स्त्री के बाजू छोटे हों और टेढ़े-मेढ़े हों तो वह दुर्भागी और बांझ होगी लेकिन अगर बाजू छोटे और गोश्त से भरे हुए हों तो ऐसी स्त्री को पति नेक मिलेगा बाजू छोटे हों तो स्त्री आवारा होगी।

बाल–जिस स्त्री के सर के बाल घुंघराले नर्म और लम्बे होंगे वह अच्छे व्यवहार पति की प्यारी

और औलाद वाली होगी इसके खिलाफ बाल छोटे होने पर बदनसीब और बालों का रंग सुर्खी माइल हो तो वह स्त्री झगड़ालू होगी।

कमर—मोटी और छोटी कमर वाली हो तो अभागी मक्कार व दगाबाज होती है। अगर कमर पतली हो तो पति की हमेशा खिदमत गुजार और दिल लुभाने वाली होती है। जिस स्त्री की कमर शरीर के अन्दर के मुताबिक हो वह नेक और औलाद वाली होगी जिस स्त्री की कमर चलने में खमदार हो तो वह बहुत जल्द बेवा होगी अगर चलते समय किसी स्त्री की कमर में बल पड़ेंगे तो वह खुश मिजाज और खुशहाल रहेगी जिसकी कमर में हमेशा दर्द रहे वह कम उमर और उसके औलाद भी कम होगी अगर स्त्री की कमर लम्बी और गोश्त से भरपूर हो तो वह निर्धन और कई पति करे।

हाथ—नर्म व नाजुक हाथ खुश दिल और भाग्यशाली है अगर हाथों में पसीना आये तो नफसानी बदनसीब है छोटे हाथ वाली स्त्री हमेशा गुलामी में उमर गुजारती है अगर हथेली वा निस्वत उंगलियों के लम्बी हों तो अकलमंद और

हिम्मतवाली होगी और दांया हाथ बांये हाथ से बड़ा हो तो वह सुखी होती है अगर उंगलियां अन्दाज से छोटी हों तो वह बेवकूफ व अभागी होती है। अगर उंगली पड़े तो खुदगर्ज हसद करने वाली हो अगर उंगलियां लम्बी हों तो खुश कलाम अगर बांये हाथ का अंगूठा छोटा हो तो हर समय बदकारी की इच्छा करे।

सीना–अगर सीने पर नीले रंग की रगें हों तो धनवान और आराम हो अगर सीना ऊंचा हो और मोटा हो तो जल्दी बेवा होने की अलामत है अगर सीना खुर्शो माइल हो तो हर समय बदकारी में मगन रहे अगर सीना दराज हो तो रंज व मुसीबत की निशानी है अगर सीना ऊंचा हो तो वह धनवान होती है।

इति

विविध कार्यों के लिये विभिन्न भगवन्नामों का जाप-स्मरण

कामना-सिद्धि के लिये– कामः कामप्रदः कान्तः कामपालस्तथा हरिः आनन्दो माधवश्चैव कामसंसिद्धये जपेत्।

अभीष्ट कामना की सिद्धि के लिए 'काम', 'कामप्रद' 'कान्त', 'कामपाल', 'हरि', 'आनन्द' और 'माधव' इन नामों का जप करे।

शत्रु विजय के लिये–रामः परशुरामश्च नृसिंहो विष्णुदेव च। विक्रमश्चैव भादीनि जप्यान्यरिजिमीषुभिः।

शत्रुओं पर विजय पाने की इच्छा वाले लोगों को 'राम', 'परशुराम', 'नृसिंह', 'विष्णु' तथा 'विक्रम', इत्यादि भगवन्नामों का जप करना चाहिये।

विद्या प्राप्ति के लिये–विद्याभ्यस्यता नित्यं जप्तव्यः पुरुषोत्तमः

विद्याभ्यास करने वाले छात्र को प्रतिदिन 'पुरुषोत्तम' नाम का जप करना चाहिये।

बन्धन मुक्ति के लिये–दामोदरं वन्धगतो नित्यमेव जपेन्नरः

बन्धन में पड़ा हुआ मनुष्य नित्य ही 'दामोदर' नाम का जप करे।

नेत्र बाधा नाश के लिये—केशवं पुण्डरीकाक्षमनिशं हि तथा जपेत्। नेत्र वाधासु सर्वासु.........।

सम्पूर्ण नेत्र—बाधाओं में नित्य-निरन्तर 'केशव' एवं 'पुण्डरीकाक्ष' नाम का जप करे।

भय नाश के लिये—ऋषीकेशं भयेषु च।

भय के अवसरों पर उसके निवारण के लिये 'ऋषिकेश' का स्मरण करे।

औषध सेवन के लिये—अच्युतं चामृतं चैव जपे दौषधकर्मणि।

औषध सेवन के कार्य में 'अच्युत' और 'अमृत' नामों का जप करे।

युद्धस्थल में जाते समय—संग्रामभिमुखे गच्छन् संस्मरेदवराजितम्।

युद्ध की ओर जाते समय 'अपराजित' का स्मरण करे।

पूर्वादि दिशाओं में जाते समय—चक्रिणं गदिनं चैव शङ्गिणं खङ्गिनं तथा। क्षेमार्थी प्रवसन् नित्यं दिक्षु प्राच्यादिषु स्मेरत्।

पूर्व आदि दिशाओं में प्रवास करते (परदेश जाते या रहते) समय कल्याण चाहने वाला पुरुष प्रति दिन 'चक्री' ('चक्रपाणि') 'गदी'('गदाधर') 'शार्ङ्गी' (शार्ङ्गधर) तथा 'खड्गी' ('खड्गधर') इन नामों का स्मरण करे।

सारे व्यवहारों में– अजितं चाधिपं चैव सर्व सर्वेश्वरं तथा। संस्मरेत् पुरुषो भक्त्या व्यवहारेषु सर्वदा।

समस्त व्यवहारों में सदा मनुष्य भक्ति भाव से 'अजित' 'अधिपद' 'सर्व सर्वेश्वर'-इन नामों का स्मरण करे।

क्षुत-प्रस्खलनादि, ग्रहपीडादि और दैवी विपत्ति-निवारण के लिये– नारायणं सर्वकालं क्षुतप्रस्खलनादिषु। ग्रहनक्षत्रपीडासु देवबाधासु सर्वता।

छींक लेने, प्रस्खलन (लड़खड़ाने) आदि के समय, ग्रह पीड़ा तथा दैवी बाधाओं में सर्वतोभाव से हर समय 'नारायण' का स्मरण करे।

डाकू तथा शत्रुओं की पीड़ा के समय– अंधकारे तमस्तीवे नरसिंह मनुस्मरेत।

अत्यन्त घोर अन्धकार में डाकू तथा शत्रुओं की ओर से बाधा की सम्भावना होने पर मनुष्य बारम्बार 'नरसिंह' नाम का स्मरण करे।

अग्निदाह के समय—अग्निदाहे समुत्पन्ने संस्मरेत् जलशायिनम्।

घर या गांव में आग लग जाने पर 'जलाशयों' का स्मरण करे।

सर्प विष से रक्षा के लिये—गरुड़ध्वजानुस्मणाद् विषवीर्य व्यपोह्वति।

'गरुड़ध्वज' नाम के बारम्बार स्मरण से मनुष्य सर्पविष के प्रभाव को दूर कर देता है।

स्नान, देवाचन, हवन, प्रणाम तथा प्रदक्षिणा करते समय—कीर्तवेद् भगवन्नाम वासुदेवेति तत्पर॥

स्नान, देवपूजा, होम, प्रणाम तथा प्रदक्षिणा करते समय मनुष्य भगवत्परायण हो 'वासुदेव'-इस भगवन्नाम का कीर्तन करे।

वित्त-धन्यादि-स्थापना के समय—कुर्वीत तमना भूत्वा अनन्ताच्युद कीर्तनम्।

धन धान्यादि की स्थापना के समय मनुष्य भगवान् में मन लगाकर 'अनन्त' और 'अच्युत' इन नामों का कीर्तन करे।

दुःख स्वप्न-नाश के लिए—नारायणं शार्ङ्गधरं श्रीधरं पुरुषोत्तम् वामनं खड्गिनं चैव दुष्ट स्वप्ने सदा स्मरेत्।

बुरे सपने आने पर मनुष्य सदा 'नारायण', 'शार्ङ्गधर' 'श्रीधर', 'पुरुषोत्तम', 'वामन' और 'खड्गी' का स्मरण करे।

महार्णव में—महार्णवादौ येर्यङ्कशायिनं च नरः स्मरेत्।

महासागर आदि में गिर पड़ने पर मानव 'पर्यङ्कशायी' (शेषशायी) का स्मरण करे।

सर्व कर्म-समृद्धि के लिए—बलभद्रं समृद्धयर्थं सर्वकर्मणि संस्मरेत्।

समस्त कर्मों में उनकी सम्पन्नता के लिए मनुष्य 'बलभद्र' का स्मरण करे।

संतान के लिए—जगत्पतिमपत्यार्थं स्तुवन् भक्त्या न सीदति।

संतान की प्राप्ति के लिए भक्ति पूर्वक 'जगत्पति' (जगदीश या जगन्नाथ) की स्तुति करने वाला पुरुष कभी दुःखी नहीं होता।

सर्व प्रकार के अभ्युदय के लिए—श्रीशं सर्वाभ्युदयि के कर्मणयाशु प्रकीर्तयेत्।

सम्पूर्ण अभ्युदय-सम्बन्धी कर्मों में शीघ्रता पूर्वक श्रीश: (श्रीपति) का उच्च स्वर से कीर्तन करे।

अरिष्ट निवारण के लिए–अरिष्टेषु ह्यशेषेषु विशोकं च सदा जपेत।

सम्पूर्ण अरिष्टों के निवारण के लिए सदा 'विशोक' नाम का जप करे।

निर्जन स्थान में तथा आंधी-तूफान आदि उपद्रवों के समय–मरुत्प्रपाताग्निनल बन्धनादिषु मृत्युषु। स्वतन्त्रपरतन्त्रेषु वासुदेव जपेद बुध:।

स्वेच्छा या परेच्छा वश अथवा स्वाधीन या पराधीन अवस्था में किसी निर्जन स्थान में पहुंचने पर आंधी-तूफान (ओला-वर्षा), अग्नि (दावानल) जल (अगाध जल-राशि में नियज्जन) तथा बन्धन आदि के कारण मृत्यु या प्राण संकट की अवस्था प्राप्त हो तो बुद्धिमान् मनुष्य 'वासुदेव' नाम का जप करे (ऐसा करने से बाधाएं दूर हो जाती हैं।

कलियुग के दोष-नाश के लिए–तन्नास्ति कर्म जलो के वाग्जं मानसमेवच। यन्नक्षपयते तापं कलौ गोविन्द कीर्तनात्।

कलियुग में इस जगत के भीतर ऐसा कोई कर्मज (शारीरिक), वाचिक और मानसिक पाप नहीं है,

जिसे मनुष्य 'गोविन्द' नाम का कीर्तन करके नष्ट न कर दे।

शमायस्लं जलं बहेस्तमसो भास्करोदयः।
शान्त्यै कलेरघौधस्य नामसंकीर्तनं हरेः॥

जैसे आग बुझा देने के लिए जल और अंधकार को नष्ट कर देने के लिए सूर्योदय समर्थ है, उसी प्रकार कलियुग की पाप राशि का शमन करने के लिए 'श्रीहरि' का नाम कीर्तन समर्थ है।

पराकचान्द्रायणतत्तकृच्छैर्न देहशुद्धिर्भवतीतितादृक: कलौ सकृन्माधव कीर्तनेन गोविन्दनाम्ना भवतीह यादृक्।

कलियुग में एक बार 'माधव' या 'गोविन्द' नाम के कीर्तन से यहां जीव की जैसी शुद्धि होती है, वैसी इस जगत में पराक, चान्द्रायण तथा तप्तकृच्छ आदि बहुत से प्रायश्चितों द्वारा भी नहीं होती।

सकृदुच्चारयन्त्येतद् दुर्लभं चाकृतात्मनाम्।
कलौ युगे हरेर्नाम ते कृतार्था न संशयः॥

जो कलियुग में अपुण्यात्माओं के लिए दुर्लभ इस 'हरि' नाम का एक बार उच्चारण कर लेते हैं, वह कृतार्थ हो गये हैं, इसमें संशय नहीं।

किसी विपत्ति के समय कौन-सा नाम उच्चारण करें? विष्णु धर्मोत्तर में मार्कण्डेय-वज्र संवाद में कहा गया है।

जल-प्रतरण के समय—कूर्म वराहं मत्स्यं वाजल प्रतरणे स्मरेत्।

जल से पार होते समय भगवान् 'कूर्म' (कच्छप) 'वराह' अथवा 'मत्स्य' का स्मरण करे।

अग्निदाह के समय—भ्राजिष्णुमग्निजनने जपेन्नाम त्वखण्डितम्।

कहीं आग लग गयी हो तो उसकी शांति के लिए 'भ्राजिष्णु'—इस नाम का अखंड जप आरम्भ कर दे।

आपत्ति-विपत्ति, ज्वर, शिरोरोग तथा विष वीर्य में—दरुड़ध्वजानुस्मरणादापदो मुच्यते नर। ज्वरजुष्टशिरोरोगविषवीर्य शाम्यति॥

'गरुड़ध्वज' का नाम बारम्बार स्मरण करके मनुष्य आपत्ति से छूट जाता है, साथ ही वह ज्वर रोग, सिर दर्द तथा विष के प्रभाव को भी शांत कर देता है।

युद्ध के समय—बलभद्रं तु युद्धार्थी।

युद्धार्थी मनुष्य 'बलभद्र' का स्मरण करें।

कृषि, व्यापार और अभ्युदय के लिए–

........कृष्यारम्भेहलायुधम्।.........

उत्तारणं-वाणिज्यार्थी राममभ्युदये नृप।

नरेश्वर: खेती के आरम्भ में किसान 'हलायुध' का स्मरण करें। व्यापार की इच्छा वाला वैश्य उतारण को याद करे और अभ्युदय के लिए 'राम' का स्मरण करे।

मंगले–मंगल्यं मंगलं विष्णुं मङ्गल्येषु च कीर्तयेत्। मांगलिक कर्मों में मंगलकारी एवं मंगलमय 'श्री विष्णु' का कीर्तन करे।

सोकर उठते समय–...... उत्तिष्ठन् कीर्तेयेंद् विष्णुम्.........।

सोकर उठते समय 'विष्णु' का कीर्तन करे।

निद्रा काल में–ॐ प्रस्थगन् माधवं नर:।.......

सोते समय मानव 'माधव' का स्मरण करे।

भोजन के समय–भोजनं चैव गोविन्दं सर्वत्र मधुसूदनम्॥

भोजन काल में 'गोविन्द' का और सर्वत्र सदा 'मधुसूदन' का चिन्तन करें।

विविध सोलह कार्यों में विविध सोलह नाम

औषधे चिन्तये विष्णुं भोजने च जनार्दनम्।
शयनेपद्मनाभं च विवाहे च प्रजापतिम्॥
युद्धे चक्रधरं देवं प्रवासे च विधिक्रमश।
नारायणं तवुत्मागे श्रीधरं श्रीयसंग मे॥
दुःस्वप्ने स्वर गोविन्दं संकटे मधुसूदनम्।
कानने नारसिंह च पाव के जलशायिनम्॥
जलमध्ये वराहं च पर्वते रघुनन्दनम्।
गमने वामनं चैव सर्वकार्येषु माधवम्॥
मोहशैतानि नामानि प्रातरुत्थाययः पठेत्।
सर्वपाप विनिर्युक्तो विष्णुलोके महीयते॥

औषध—सेवन के समय 'विष्णु' का भोजन में 'जनार्दन' का शयन में 'पद्मनाभ' का विवाह में 'प्रजापति' का, युद्ध में 'चक्रधर' का, प्रवास में 'त्रिविक्रम' का, शरीर त्याग के समय 'नारायण' का प्रिय मिलन में 'श्रीधर' का दुःस्वप्न-दोष नाश के लिए 'गोविन्द' का, संकट में 'मधुसूदन' का, जंगल में नृसिंह का अग्नि लगने पर 'जल-शायी' भगवान् का, जल में 'वाराह' का पर्वत पर 'रघुनंदन' का, गमन में 'वामन' का और सभी कार्यों में 'माधव'

का स्मरण करना चाहिए। जो प्रातःकाल उठकर इन नामों का पाठ करता है, वह सब पापों से मुक्त होकर विष्णुलोक (वैकुण्ठ) में पूजित होता है।

भगनद्वाराधन—देवाराधन

पारमार्थिक और लौकिक कुछ सरल अनुष्ठान—प्राकृतिक जगत् अनित्फ अपूर्ण और विनाशी है; अतएव दुःखालय है। प्राकृतिक वस्तुओं और स्थितियों में सुख की खोज करना वास्तव में मूर्खता ही है। यहां जो कुछ भी मनुष्य प्राप्त करता है, वह स्थायी नहीं होता, अधूरा होता है और उसका वियोग अवश्यम्भावी है। यहां वास्तविक सुख उसी को मिलता है, जो सारे जगत् में भगवान् देखता है, वही नित्य पूर्ण परमानन्द स्वरूप भगवान् को देखता हुआ नित्य आनन्दमय बना रहता है। भगवान् ने कहा—

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि सच मे न प्रणश्यति॥

(*गीता ६।३०*)

'जो सर्वत्र मुझको देखता है और सबको मुझ में देखता है मैं उससे कभी अलग नहीं होता और वह मुझ से कभी अलग नहीं होता।'

फिर यहां जो कुछ भी हानि-लाभ, दुःख-सुख आदि भोग रूप में प्राप्त होते हैं, वह सब प्रारब्ध के ही फल हैं कर्म तीन प्रकार के होते हैं-क्रियामाण संचित और प्रारब्ध। इस समय हम जो कुछ भी कर्मफल के हेतु से कर रहे हैं, उन्हें 'क्रियमाण' कहते हैं। फल हैतुक कर्म सम्पन्न होते ही कर्म संचय के भंडार में चला जाता है। यह वर्तमान के और पूर्व के किये हुए कर्मों को, जिनका फल अभी नहीं भोगा जा चुका है, संग्रह ही, 'संचित कहलाता है, और इस संचित में से एकजन्म के लिए कुछ अंश लेकर कर्म जगत् का नियन्त्रण करने वाली प्रभु शक्ति एक जन्म के लिए जो कुछ फल का निर्माण कर देती है, उसका नाम 'प्रारब्ध' है। इस प्रारब्ध के अनुसार योनि, आयु और फल आदि पहले से ही निश्चित हो जाते हैं। अतएव जब जो कुछ भी प्रारब्धवश फल रूप में प्राप्त होना है, स्वेच्छा, परेच्छा और अनिच्छा। किसी फल भोग के लिए कोई कर्म हमारी अपनी इच्छा से बन जाय, यह स्वेच्छाकृत फल भोग है। जैसे आग में हाथ डालने की इच्छा होने पर हाथ डालना और उसका जल जाना। किसी प्रारब्ध का फल, परेच्छा दूसरे

की इच्छा से होता है। इसका रूप है—किसी दूसरे के मन में हमारा अच्छा-बुरा करने की इच्छा हो जाना और तदनुसार उस कर्म के सम्पन्न होने पर हमें फल प्राप्त होना। जैसे हमारे घर में आग लगने वाली हो, पर द्वेषवश दूसरा कोई इच्छा करके आग लगा दे। इसी प्रकार कुल फल 'अनिच्छा' से उत्पन्न होते हैं—जैसे हम रास्ते में चल रहे हैं। अकस्मात् किसी पेड़ की डाल टूट कर हम पर गिर जाय और हमें चोट लग जाय। फल भोग में प्रारब्धवश परतन्त्र होते हुए भी इन 'स्वेच्छा' और 'परेच्छा' कृत फल भोगों में हम या दूसरे अपनी भली-बुरी इच्छा के अनुसार क्रियमाण कर्म करके अपने लिये अच्छे संचित का निर्माण करते हैं, जो भविष्य में हमारे लिये सुख-दुःख का कारण बन सकता है, क्योंकि संचित और प्रारब्धवश अच्छी-बुरी इच्छाओं के उदय होने पर भी मनुष्य को भगवान् ने अच्छे-बुरे की पहचान के लिए विवेक, आदर्श शुभ कर्म करने के लिए विधि-निषेधात्मक शास्त्रवाणी और कर्म करने का अधिकार दिया है, 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' गीता का प्रसिद्ध वचन है। यदि हम शास्त्र की अवहेलना करके मनमाना अनाचार दुराचार करते

हैं, तो उसका फल दुःख और सदाचार सद्व्यवहार करते हैं तो उसका फल सुख भविष्य में होगा ही। प्रारब्ध का फल अवश्यमेव भोगना ही होगा, इसमें कोई संदेह नहीं। पर जो मनुष्य भगवान् के शरणागत होकर अपने को सर्वतोभावेन भगवान् को समर्पित कर चुकते हैं अथवा जिन्हें तत्वज्ञान स्वरूप आत्मसाक्षात्कार हो जाता है, उनके शरीर में प्रारब्धानुसार फल का उदय होने पर भी उन्हें दुःख-सुख नहीं होता और सकाम भावना होने से नवीन कर्म फल प्रदान करने वाली कर्म संचित में वैसे ही नहीं जमा होते, जैसे भुने हुए बीज खेत में डालने पर उससे अंकुर नहीं निकलते पूर्व के सारे संचित-कर्म भगवान् की सहज 'कृपा' अथवा 'ज्ञानाग्नि' से सर्वथा भस्म हो जाते हैं। इस प्रकार वह कर्म बन्धन से मुक्त हो जाता है। तथापि शरीर से प्रारब्ध फल का भोग तो होता ही है यह कर्म सिद्धान्त है।

परन्तु कुछ ऐसे 'प्रबल कर्म' भी होते हैं-जैसे सकाम भगवदाराधन या देवारा धन, किसी कारण-वश या वरदान-जो तत्काल 'प्रारब्ध' बन कर फलदानोन्मुख प्रारब्ध के फल को रोक कर बीज में अपना फल भुगता देते हैं। जैसे किसी के प्रारब्ध में

पुत्र-प्राप्ति का संयोग नहीं है, अमुक समय पर मृत्यु का योग है; पर वे विधिपूर्वक 'पुत्रेष्टि-यज्ञ' का अनुष्ठान करने पर नवीन प्रारब्ध-निर्माण के द्वारा पुत्र प्राप्त कर सकते हैं, ऐसे बहुत से उदाहरण प्राचीन ग्रन्थों में मिलते हैं, और 'मृत्युंजय' आदि अनुष्ठान करने पर अल्पायु मनुष्य 'दीर्घ जीवन' का सविधि लाभ कर सकते हैं। मार्कण्डेय जी का भगवान् शंकर की उपासना के फलस्वरूप अमरत्व प्राप्त करना भी प्रसिद्ध है। इसीलिए हमारे शास्त्रों में 'सकाम उपासना' का विस्तृत उल्लेख है यद्यपि सकाम उपासना बुद्धिमानी नहीं है, क्योंकि उसके द्वारा प्राप्त होने वाला फल अनित्य, अपूर्ण और दु:ख प्रद ही होता है, तथापि सात्विक सकाम उपासना के स्वरूपानुसार न्यूनाधिक रूप में अन्त:करण की शुद्धि होती है, जिसका फल अन्त में निष्कामता की प्राप्ति होता है और भगवान् को प्राप्त करने वाली होती ही है। भगवान् ने स्वयं अपने अर्थार्थी और 'आर्त' भक्तों को भी 'उदार बतलाते हुए अन्त में अपनी प्राप्ति होने की घोषणा की है।' 'उदारा: सर्व एवैते' और 'मद्भक्तायान्ति भामपि।' अतएव सकाम देवराधन और

ब्रह्म दण्डी का प्रयोग–ब्रह्म दण्डी, बच और कूठ-इन तीनों वस्तुओं को समभाग लेकर, कूट पीस, कर चूर्ण कर लें। फिर उस चूर्ण को उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमंत्रित करें। तत्पश्चात अभिमन्त्रित चूर्ण को पान में रख कर, वह पान उस

व्यक्ति को खिलादे जिसे वश में करना हो। इस अभिमन्त्रित चूर्ण युक्त पान को खाने वाला व्यक्ति पान खिलाने वाले के वशीभूत हो जाता है।

वट मूल का प्रयोग—बरगद की जड़ को पानी में घिसकर उक्त मंत्र १०८ बार अभिमंत्रित कर अपने मस्तक पर तिलक लगाएं। फिर जिस साध्य व्यक्ति के पास जाकर पहुँचे वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

अपामार्ग का प्रयोग—अपामार्ग अर्थात् ओंगा, जिसे चिरमिटा या आधाझारा भी कहते हैं, का चूर्ण बनाकर उस चूर्ण को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर खिला दें, तो पान खाने वाला व्यक्ति साधक के वशीभूत हो जाता है।

सहदेई का प्रयोग—सहदेई नामक बूटी को छाया में सुखाकर चूर्ण कर लें। फिर उस चूर्ण को पूर्वोक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके साध्य व्यक्ति को पान में रखकर खिला दें तो वह वशीभूत हो जायेगा।

कुंकुम का प्रयोग—कुंकुम, नागरमोथा, कूठ, हरताल व मैनसिल, इन सब वस्तुओं को समभाग लेकर अनामिका उंगली के रक्त में पीसकर लेप

बना लें, फिर उस लेप को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमंत्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के पास पहुँचें तो वह साधक को देखते ही वशीभूत हो जाता है।

गोरोचन का प्रयोग—गोरोचन, पद्म-पत्र, त्रिपंगु और लाल चन्दन इन सब वस्तुओं को समभाग लेकर इकट्ठा पीस लें। फिर उस लेप को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमंत्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाकर जिस साध्य-व्यक्ति के पास पहुँचें, वह साधक को देखते ही वशीभूत हो।

श्वेतगुंजा का प्रयोग—श्वेतगुंजा अर्थात् सफेद घुंघची को छाया में सुखा कर कपिला गाय के दूध में घिस लें फिर उस लेप को पूर्वोक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर, अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के पास पहुँचें तो वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

श्वेत दूर्वा का प्रयोग—श्वेत दूर्वा अर्थात् सफेद रंग वाली दूब को गाय के दूध मे घिस कर उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करें, फिर उसका

मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के पास पहुँचें, तो वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

श्वेत अर्क पुष्प का प्रयोग—सफेद आक के फूलों को छाया में सूखा कर कपिला गाय के दूध में पीसकर उसे पूर्वोक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमंत्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने जा खड़े हों, तो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

अपामार्ग बीज का प्रयोग—अपामार्ग अर्थात् ओंगा के बीजों को कपिला गाय के दूध में पीस कर उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगा कर जिस साध्य व्यक्ति के पास पहुंचा जायगा वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

पान एवं तुलसी का प्रयोग—पान तथा तुलसी के पत्तों को कपिला गाय के दूध में पीसकर, उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने जा पहुँचे तो वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन वशीकरण दूसरा–नीचे लिखा मन्त्र भोजन किये बिना ५०० की संख्या में जप करने से सिद्ध हो जाता है। मन्त्र यह है:-

"ॐ मों ड्रो"

जिस व्यक्ति को वश में करने की इच्छा से इस मन्त्र का जप किया जाता है, वह चाहे राजा हो अथवा सामान्य व्यक्ति, पुत्र हो अथवा मित्र, भाई हो या और कोई, वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन वशीकरण तीसरा मंत्र–नीचे लिखा मन्त्र १००० की संख्या में जप करने से सिद्ध होता है। मंत्र यह है–

"ॐ चामुण्डे जय जय वश्यं करि जय जय सर्व सत्वान्नम स्वाहा।"

मंत्र को सिद्ध कर लेने के बाद आवश्यकता के समय रविवार अथवा मंगलवार के दिन इस मंत्र द्वारा गुलाब के फूल को १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस व्यक्ति को वह फूल दे दिया जायेगा। वह साधक के वशीभूत हो जायगा।

सर्वजन वशीकरण चौथा मन्त्र–'ॐ नमो भगवति मातंगेश्वरि सर्व मुखरंजनि सर्वेषां महामाये

मातंगे कुमारिके नन्द नन्द जिव्हे सर्वलोके वश्य करि स्वाहा:।'

यह मन्त्र दस हजार की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। इस मन्त्र के प्रयोग निम्नलिखित हैं।

पहला प्रयोग—चन्द्र ग्रहण के समय विष्णु कांता की जड़ लाकर उसे उक्त मंत्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करें, फिर उसका अंजन आंखों में लगाकर जिस साध्य व्यक्ति के पास पहुंचा जायगा। वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

दूसरा प्रयोग—मैनसिल, गोरोचन तथा ताम्बूल को पीसकर उक्त मंत्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने मस्तक पर तिलक लगाकर जिस साध्य व्यक्ति के पास पहुँचा जाय, वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

तीसरा प्रयोग—शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन सफेद घुंघची को जड़ सहित उखाड़कर घर ले आए। फिर उसे कूट पीस कर चूर्ण बना ले। तत्पश्चात् उस चूर्ण को उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे अभिमन्त्रित चूर्ण जिस साध्य व्यक्ति

को पान में रखकर खिला दिया जायेगा। वह साधक के वशीभूत हो जायेगा।

सर्वजन वशीकरण पांचवां मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १०००० की संख्या में जपने से सिद्ध हो जाता है। मन्त्र इस प्रकार है:-'**ॐ ह्रीं मोहिनी स्वाहा:**'

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर जल, पुष्प, वस्त्र अथवा किसी उत्तम फल को इस मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके वह वस्तु जिस व्यक्ति के हाथ में दी जायेगी, वह वशीभूत हो जायेगा।

सर्वजन वशीकरण छठा मन्त्र–आगे लिखा मन्त्र १००००० एक लाख की संख्या में जपने से सिद्ध हो जाता है। इसे 'भूतनाथ मन्त्र' कहा जाता है। जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकता के समय इस मन्त्र को १०८ बार जप कर साध्य व्यक्ति के साथ-साथ भूतनाथ का स्मरण करने से साध्य व्यक्ति वशीभूत हो जाता है।

'**ॐ नमः सर्वार्थ साधनी स्वाहा।**'

सर्वजन वशीकरण सातवां मन्त्र–नीचे लिखा मंत्र तिराहे पर बैठ र एक लाख की संख्या में जप

करने से सिद्ध होता है, मंत्र इस प्रकार है 'ॐ ह्रीं ह्रीं कालि कालि स्वाहाः।'

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब आवश्यकता के समय जिस स्त्री या पुरुष को वश में करना हो, उसके पास जाकर १०८ बार मन्त्र पढ़ कर उस पर फूंक मारने से वह व्यक्ति साधक के वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन वशीकरण आठवाँ मन्त्र–'ॐचिरि चिरि चाण्डाली महाचाण्डाली अमुके मे वश मानय स्वाहा।' यह मन्त्र सात दिन और सात रात्रि तक निरन्तर जपते रहने से सिद्ध होता है। मन्त्र में जिस जगह 'अमुक' शब्द आया है, वहां जिस व्यक्ति को वशीभूत करना हो, उसके नाम का उच्चारण करना चाहिए जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखे अनुसार इसका प्रयोग करना चाहिये।

मन्त्र में 'अमुक' के स्थान पर साध्य व्यक्ति के नाम सहित एक ताल पत्र पर लिखे, फिर उस मन्त्र लिखे ताल पत्र को दूध मिले हुए पानी में पकावे। इस उपाय से जिस व्यक्ति का नाम ताल पत्र पर लिखा होगा, वह साधक के वशीभूत हो जायेगा।

प्रयोग के सम्बन्ध में दो अर्थ विधियां इस प्रकार बताई गयी हैं।

पहली विधि–इस मन्त्र को साध्य व्यक्ति के नाम सहित बेल के काटे द्वारा तालपत्र पर लिखकर उस तालपत्र को दूध में पकावे। फिर ३ दिन तक उस तालपत्र को कीचड़ में रखे, तीन दिन बाद तालपत्र को कीचड़ में से निकाल कर दुर्गोत्सव मण्डप के द्वार में गाड़ दे। इस प्रयोग के करने से साध्य व्यक्ति वशीभूत हो जाता है।

दूसरी विधि–बेल के कांटे द्वारा तालपत्र के ऊपर उक्त मन्त्र को लिखे। फिर भद्रकाली की पूजा करके जिस व्यक्ति को वश में करना हो उसके घर में उस तालपत्र को गाड़ दे तो साध्य व्यक्ति साधक के वशीभूत हो जाता है।

तीसरी विधि–'रं सर्वलोक वश मानय स्वाहा' इस मन्त्र से जप तथा पूर्वोक्त मन्त्र द्वारा पूजन करने पर साध्यव्यक्ति को वश में किया जा सकता है।

सर्वजन वशीकरण नवां मन्त्र–नीचे लिखा यह मन्त्र भी सब लोगों को वशीभूत करने वाला है। यह १०००० की संख्या में जपने से सिद्ध होता है।

मंत्र इस प्रकार है 'ॐ नमः कामाय सर्वजन प्रियाय सर्वजन सम्मोहनाय ज्वल ज्वल प्रज्वालय प्रज्वालय सर्वजनस्य हृदयं मम वशं कुरु कुरु स्वाहा।' आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करके जिस साध्य व्यक्ति के शरीर पर फूंक मारी जायगी, वह साधक के वशीभूत हो जायेगा।

सर्वजन वशीकरण दसवाँ मन्त्र—आगे लिखा मन्त्र १०००० की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। इस मन्त्र का जप करते समय कामदेव का निम्नलिखित रूप में ध्यान रखना चाहिये।

कामदेव का शरीर स्वर्ण निर्मित जैसा है और वह अपने धनुष को कानों तक खींचे हुए युवती सुन्दरी के हृदय पर अपनी निश्चल दृष्टि को आरोपित किये हुए है। मन्त्र यह है:-

'ॐ मद मद मादय मादय ह्रीं वशय अमुकं स्वाहा।' इस मन्त्र में जहाँ अमुकं लिखा है वहां अमुकं के स्थान पर जिस व्यक्ति को वश में करना हो, उस के नाम का उच्चारण करना चाहिये।

दस हजार की संख्या में इस मन्त्र को जपने तथा पूर्वोक्त विधि से कामदेव का ध्यान करते हुए दस

हजार की संख्या में लाल रंग के पुष्प चढ़ाने से यह मन्त्र सिद्ध होता है। इस मन्त्र की साधन सम्बन्धी सभी क्रियाएं बायें हाथ से करनी चाहिए। इस मन्त्र का नाम 'मदनमन्त्र' है। जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब आवश्यकता के समय इस मन्त्र का १०८ बार जप करके साध्य व्यक्ति के शरीर पर फूंक मारने से वह साधक के वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन वशीकरण ग्यारहवाँ मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र १ लाख की संख्या में जप कर दस हजार की संख्या में सिरस वृक्ष की समाधि से हवन करने पर सिद्ध होता है। मन्त्र को जपते समय चामुण्डा देवी के निम्न लिखित स्वरूप का ध्यान करना चाहिये।

'चामुण्डा देवी करोड़ दांतों वाली, सुन्दर मुखवाली, अन्धकार में स्थित, अपने दायें हाथों में पाश तथा मुण्ड को धारण किये हुए हैं। उनके शरीर का वर्ण श्याम है। वह भयदायक बाघम्बर से आवृत्त तथा शव के ऊपर बैठी हुई हैं।

चामुण्डा देवी का विधि पूर्वक पूजन करने के बाद मन्त्र का जप करना चाहिये मन्त्र इस प्रकार

है–"**ॐ चामुण्डे जय चामुण्डे मोहय वशमानय अमुकं स्वाहा।**"

इस मन्त्र में जहां 'अमुक' शब्द आया है, उस स्थान पर साध्य व्यक्ति के नाम का उच्चारण करना चाहिये। जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब जिस व्यक्ति को वश में करना हो, उसके शरीर पर १०८ बार मन्त्र पढ़कर फूंक मारदे तो वह व्यक्ति साधक के वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन वशीकरण बारहवाँ मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र भी सर्वजन वशीकरण के प्रयोग में आता है। मन्त्र यह है:- '**ॐ नमो भगवती सूचि चाण्डालिनी नमः स्वाहा।**'

इस मन्त्र की साधन विधि यह है।

जिस व्यक्ति को वश में करना हो, उसकी एक मोम की मूर्ति तैयार करे मूर्ति कृतांजलि, युक्तपाद तथा अङ्ग प्रत्यङ्ग सहित होनी चाहिये। फिर उस मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के बाद उस मूर्ति को सामने रख कर उक्त मन्त्र का दस हजार की संख्या में जप करे। मूर्ति को तैयार करते समय भी उक्त मन्त्र का निरंतर जप करते जाना चाहिये। जब निश्चित संख्या

में जप पूरा हो जाय, तब उस पुतली को अंगारों की अग्नि में तपाना चाहिये। पुतली को अग्नि में तपाते समय भी मन्त्र का जप तथा साध्य व्यक्ति का ध्यान करते जाना आवश्यक है।

इस क्रिया के करने से साध्य व्यक्ति साधक के वशीभूत हो जाता है।

सर्वजन वशीकरण तेरहवाँ मन्त्र—निम्नलिखित मन्त्र २०००० की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र यह है।

'ॐ यें परक्षो भयं भगवती गम्भीर रेछ स्वाहा।'

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब अपामार्ग आधाझारा की जड़ तथा गोरोचन को पानी में पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमंत्रित करे फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगा कर जिस साध्य व्यक्ति के पास पहुँचा ज़ाय, वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

सर्वजन वशीकरण चौदहवाँ मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र ३०००० की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है।

'ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय मोहय-मोहय मिलि ठः ठः स्वाहा।' जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब

नीचे लिखे अनुसार किसी भी प्रयोग को करने से कार्य सिद्ध होती है।

पहला प्रयोग—बेलपत्र तथा नीबू को बकरी के दूध में घोंट कर उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमंत्रित कर, अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने पहुंचने से वह व्यक्ति देखते ही वशीभूत हो जाता है।

दूसरा प्रयोग—अंग के बीज तथा ग्वारपाठे की जड़ को एक साथ घोंट-पीसकर उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमंन्त्रित करे, फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने पहुंचने से वह व्यक्ति देखते ही वशीभूत हो जाता है।

तीसरा प्रयोग—गोरोचन, मछली का पिता, बंशलोचन, केशर, चन्दन तथा काकजंघा इन सब वस्तुओं को समभाग लेकर किसी क्वारी कन्या के हाथ से बावड़ी जल में पिसवाएं, फिर उस लेप को मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के पास पहुंचा जाय तो वह देखते ही वशीभूत होता है।

सर्वजन वशीकरण पन्द्रहवां मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र १००८ बार जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है।

'ॐ नमो नमो कदसंवारिनि सर्वलोक वश्य करि स्वाहा।'

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय, तब नीचे लिखी विधियों में से किसी भी एक के अनुसार इसका प्रयोग करना चाहिये।

पहली विधि—शनिवार के दिन व्रत करके उत्तर दिशा की ओर मुंह करके बैठकर, उसी स्थिति में इन्द्रायण को जड़ मूल सहित उखाड़े। फिर उसके पंचांग में सोंठ, काली मिर्च तथा पीपल मिलाकर बकरी के मूत्र में पीसकर झरबेरी के समान गोलियां बनाएं और उन गोलियों को छाया में सुखा लें जब प्रयोग करना हो, उस समय पत्थर की शिला पर पानी के संयोग से चन्दन को घिस कर उसी शिला पर साध्य व्यक्ति के नाम को लिखे, फिर उक्त गोली को भी उसी शिला पर घिसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे। तत्पश्चात उसका अपने

मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने पहुँचे, तो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

दूसरी विधि–पूर्वोक्त गोली को गोरोचन तथा पानी में पीस कर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने जाकर खड़ा हो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

तीसरी विधि–पूर्वोक्त गोली को देवदास तथा सफेद चन्दन के साथ पानी में घिस कर पानी को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर वह पानी जिस साध्य व्यक्ति को पिलाया जायेगा, तो वह पीते ही वशीभूत हो जायेगा।

सर्वजन वशीकरण सोलहवाँ मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र एक लाख की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। प्रयोग के समय इस मन्त्र को १०८ बार और जप लेना चाहिये। मन्त्र इस प्रकार है- '**ॐ नमो नारायणाय सर्वलोकान् मम वश कुरु कुरु स्वाहा।**'

इस मन्त्र के प्रयोग निम्नलिखित हैं-

पहला प्रयोग–रविवार के दिन ब्रह्मदण्डी, बच तथा कूट के समभाग चूर्ण को पान में रख कर उस

पान को सिद्ध मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस व्यक्ति को खिला दिया जायेगा। वह साधक के वशीभूत हो जायेगा।

दूसरा प्रयोग—पुष्य नक्षत्र में पुनर्नवा की जड़ को उक्त मन्त्र से ७ बार अभिमन्त्रित करके अपने दायें हाथ में बांध लें फिर जिस साध्य व्यक्ति के सामने जाकर खड़ा हो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

तीसरा प्रयोग—बरगद के वृक्ष की जड़ को पानी में घिसकर उसमें भस्म मिलाएं, फिर उसे उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगा कर जिस साध्य व्यक्ति के पास पहुँचा जायेगा वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

चौथा प्रयोग—आंवले के रस में मैनसिल तथा असगंध को मिलाकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के पास पहुंचने से वह शीघ्र ही वशीभूत हो जाता है।

पांचवां प्रयोग—पान तथा तुलसीपत्र को कपिला गाय के दूध में पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार

अभिमन्त्रित करे, फिर उसका मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के पास पहुंचा जाय तो वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

छठा प्रयोग—अपामार्ग अर्थात् ओंगा के बीजों को बकरी के दूध में घिस कर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे। फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के पास पहुँचा जाय वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

सातवाँ प्रयोग—हरताल, असगन्ध तथा सिन्दूर को केले के रस में पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उसका मस्तक पर तिलक लगाकर जिस साध्य व्यक्ति के पास पहुंचे वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

आठवाँ प्रयोग—ग्वारपाठे की जड़ तथा भांग के बीजों को पीसकर उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने पहँचे तो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

नवाँ प्रयोग—बेलपत्र तथा बिजौरा नीबू को बकरी के दूध में पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार

अभिमन्त्रित करे फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने पहुंचे तो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

दसवाँ प्रयोग–सफेद दूब को कपिला गाय के दूध में पीस कर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उसका अपने समस्त शरीर पर लेप करके जिस साध्य व्यक्ति के सामने खड़ा हो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

ग्यारहवाँ प्रयोग–श्वेत आक को छाया में सुखाकर कपिला गाय के दूध में पीस कर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके अपने सम्पूर्ण शरीर पर लेप करके जिस साध्य व्यक्ति के सामने पहुंचे वह देखते ही वशीभूत होगा।

बारहवाँ प्रयोग–सफेद घुंघची को छाया में सुखा कर कपिला गाय के दूध में घिसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगा कर जिस साध्य व्यक्ति के सामने पहुंचा जायेगा, वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

तेरहवाँ प्रयोग–गोरोचन, कमलपत्र, त्रिपंगु तथा लाल चन्दन। इन चारों को घिसकर उक्त मन्त्र से

१०८ बार अभिमन्त्रित करे फिर इसका मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने पहुंचा जाय तो वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

चौदहवाँ प्रयोग—केशर, सोंठ, कूट, हरताल तथा मैनसिल, इन सब का चूर्ण कर, उसमें अपनी अनामिका उंगली का रक्त मिलाएं, फिर उसे उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर मस्तक पर उसका तिलक लगाकर साध्य व्यक्ति के सामने जा कर खड़ा हो तो वह देखते ही वश में हो जायेगा।

पन्द्रहवाँ प्रयोग—सरसों और देवदास को पीस कर गोली बना लें। फिर उस गोली को उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने मुँह में रखकर जिस व्यक्ति से वार्तालाप किया जायेगा। वह देखते ही वशीभूत होगा।

सोलहवाँ प्रयोग—औदुम्बर की जड़ को उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर पान में रखे, फिर वह पान जिस साध्य व्यक्ति को खिला दिया जायगा वह साधक के वशीभूत होगा।

सत्रहवां प्रयोग—औदुम्बर की जड़ को महीन पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे,

फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर जिस साध्य व्यक्ति के सामने पहुँचा जायेगा वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

अठारहवाँ प्रयोग—गोरोचन तथा सहदेई को छाया में सुखाकर चूर्ण बना लें, फिर उस चूर्ण को पान में रख कर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर वह अभिमन्त्रित पान जिस व्यक्ति को खिला दिया जायेगा। वह खाते ही वशीभूत होगा।

उन्नीसवाँ प्रयोग—अपामार्ग की जड़ को गाय के दूध में पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर जिस साध्य के सामने जाकर खड़ा होगा वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

बीसवाँ प्रयोग—पुष्य नक्षत्र में पुनर्नवा की जड़ लाकर उसे उक्त मन्त्र से ७ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उसे अपने दाईं भुजा में बांध कर जिस साध्य व्यक्ति के सामने पहुँचा जायेगा वह देखते ही वशीभूत हो जायेगा।

राजा वशीकरण पहला मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र एक हजार की संख्या में जपने से सिद्ध हो जाता है। इस मन्त्र के प्रभाव से राजा वशीभूत हो जाता है। मन्त्र इस प्रकार है—

'ॐ ह्रीं अमुकं मे वश्यं कुरु कुरु स्वाहा:'

उक्त मन्त्र में जहाँ अमुक शब्द आया है वहां जिस राजा को वश में करना हो, उसके नाम का उच्चारण करना चाहिये। जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब निम्नलिखित क्रिया करनी चाहिये।

मन्त्र जप के पश्चात् एकान्त में भोजन करके कुंकुम केशर, गोरोचन, चन्दन और कपूर इन सब को गाय के दूध में मिलाकर पीस लें। फिर इस मिश्रण को निम्नलिखित मन्त्र से अभिमन्त्रित करे—

'अच्छिष्टेछष्टा चाण्डाली सतीवाक फुरो पंजय स्वाहा।'

इस मन्त्र से अभिमन्त्रित करने पर औषधियां सिद्ध हो जाती हैं। फिर उक्त मिश्रण की गोली बनाएं तत्पश्चात् जिस राजा को वश में करना हो उसका नाम लेकर उस गोली का अपने मस्तक पर तिलक लगाकर राजा के सामने पहुंचे, तो राजा उसे

देखते ही वशीभूत हो जाता है। इस प्रयोग को 'अच्छिष्ट चाण्डाली प्रयोग कहा जाता है।'

राजा वशीकरण दूसरा मन्त्र–निम्नलिखित मन्त्र १ लाख की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मन्त्र यह है–'**ॐ क्लीं सह अमुकं में वशं कुरु कुरु स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जहां अमुक शब्द आया है। उस स्थान पर जिस राजा को वश में करना हो उसके नाम का उच्चारण करना चाहिये।

केशर, चन्दन, कपूर तथा गोरोचन इन सबको गाय के दूध में घिस लें, फिर उस घिसे हुए मिश्रण को उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर अपने मस्तक पर उसका तिलक लगाकर साध्य राजा के सामने पहुंचे तो वह देखते ही वशीभूत होगा।

राजा वशीकरण तीसरा मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १००८ बार जपने पर सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है।

'ॐ नमो भास्कराय त्रिलोकात्मने अमुकं महीयतिं मे वश्यं कुरु कुरु स्वाहा।'

मन्त्र में जिस स्थान पर 'अमुक' शब्द का प्रयोग हुआ है, वहां जिस राजा को वश में करना हो उसके नाम का उच्चारण करना चाहिये।

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर इसे निम्नलिखित विधियों से प्रयोग में लाना चाहिये।

पहली विधि–कुंकुम, चन्दन, कपूर और तुलसी दल, इन चारों वस्तुओं को समभाग लेकर गाय के दूध में घिस लें, फिर उन्हें मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके तिलक लगाकर साध्य राजा के सामने जाकर खड़े हों तो वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

दूसरी विधि–हरताल, असगन्ध, कपूर और मैनसिल, इन सबको बकरी के दूध में पीसकर उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करें, फिर उसका मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य राजा के सामने जा उपस्थित हों तो वह देखते ही वशीभूत हो जाता है।

विशेष–वर्तमान युग में राजाओं के न रहने पर इन मन्त्रों का प्रयोग मन्त्रियों तथा उच्च अधिकारियों आदि राज्य कर्मचारियों को वश में करने के लिये किया जा सकता है।

पति वशीकरण पहला मन्त्र—आगे लिखा मन्त्र १००८ की संख्या में जपने पर सिद्ध हो जाता है।

मन्त्र यह है—'ॐ काम मालिनी ठः ठः स्वाहा।'

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखी विधियों के अनुसार इसका प्रयोग करना चाहिये।

पहली विधि—कौंडिन्य पक्षी की बीट, मांस, घृत और शरीर के मल को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके, इसका लेप अपने गुप्तांग में लगाकर जो स्त्री अपने पति या किसी पुरुष के साथ सहवास करेगी, वह उस स्त्री के वशीभूत हो जायेगा।

दूसरी विधि—गोरोचन को मछली के पित्ते में मिलाकर उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करे, फिर स्त्री उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर जिस साध्य पुरुष के सामने जाकर खड़ी हो वह उसे देखते ही वशीभूत हो जाता है।

तीसरी विधि—पूर्वोक्त विधि से अपने मस्तक पर तिलक लगाकर स्त्री यदि किसी साध्य व्यक्ति अथवा पति की ओर अपने बायें हाथ की उंगली को उठाकर संकेत करे तो वह उसके वशीभूत हो जाता है।

पति वशीकरण दूसरा मन्त्र—आगे लिखा मन्त्र १ लाख की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मन्त्र यह है:— '**ॐ नमो महायक्षिण्ये पतिं मे वश्यं कुरु कुरु स्वाहा।**'

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखे अनुसार इसके प्रयोग करने चाहिये।

पहला प्रयोग—गोरोचन, अपने शरीर का मैल तथा केले का रस इन तीनों वस्तुओं को एकत्र कर पीस लें। फिर उसे मंत्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाकर स्त्री जिस साध्य पुरुष या पति के सामने जाकर खड़ी हो तो वह देखते ही वशीभूत हो।

दूसरा प्रयोग—गोरोचन, अपनी योनि में से निकला हुआ मासिक धर्म का रक्त तथा केले का रस, इन तीनों वस्तुओं को उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने मस्तक पर तिलक लगाने वाली स्त्री साध्य पुरुष या पति के सामने पहुँच कर उसे देखने मात्र से ही वश में कर लेती है।

तीसरा प्रयोग—अनार का पञ्चांग (फल, फूल, जड़, शाखा, पत्ते) तथा सफेद सरसों इनको एक

साथ पीसकर पूर्वोक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे फिर इस लेप को अपने गुप्ताङ्ग पर लगाकर साध्य पुरुष या पति के साथ सहवास करने वाली स्त्री उसे अपने वश में कर लेती है।

स्त्री वशीकरण पहला मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र स्त्रियों को वशीभूत करने वाला कहा गया है। यह मन्त्र १०००० की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र यह है—'**ॐ ह्रीं सः अमुकीं मे वश मानय मानय स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जहाँ अमुकी शब्द आया है। वहाँ साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिए। जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखे अनुसार इसके प्रयोग करने चाहिये।

पहला प्रयोग—शहद के साथ खस व चन्दन पीसकर उक्त मन्त्र से ७ बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाकर जिस स्त्री के कंठ में हाथ डाले, वह तुरन्त ही वशीभूत हो।

दूसरा प्रयोग—नील कमल, भौंरे के दोनों पंख, तगर की जड़ तथा सफेद कार्कजंघा को समभाग लेकर चूर्ण करे, फिर उस चूर्ण को उक्त मन्त्र से ७

बार अभिमन्त्रित करके उसे जिस स्त्री के मस्तक पर डाल दिया जायेगा, वह वशीभूत हो जाती है।

तीसरा प्रयोग–चिता की राख, बच, कूट, कुंकुम और गोरोचन-इनको समभाग लेकर चूर्ण कर ले फिर उस चूर्ण को पूर्वोक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस स्त्री के मस्तक पर डाल दिया जाय वह वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री वशीकरण दूसरा मंत्र–नीचे लिखा मन्त्र १००८ की संख्या में जपने से सिद्ध हो जाता है। मन्त्र यह है:–'**ॐ नमः कामाख्या देवि अमुकीं मे वशं करी स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जिस स्थान पर अमुकीं शब्द का प्रयोग हुआ है। वहां साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिये।

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखे अनुसार इसके प्रयोग करने चाहिये।

पहला प्रयोग–नीली गाय का दांत तथा मनुष्य का दांत इन दोनों को लेकर तेल के साथ इकट्ठा पीस लें फिर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने मस्तक पर तिलक लगावे और साध्य

स्त्री के सामने जाकर खड़ा हो तो वह देखते ही वशीभूत हो जाती है।

दूसरा प्रयोग–ब्रह्म दण्डी तथा चिता की भस्म को एकत्र करके उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित कर ले, फिर उसे जिस साध्य स्त्री के शरीर पर डाल दिया जायेगा वह वश में हो जायेगी।

तीसरा प्रयोग–रविवार के दिन काले धतूरे के पंचाङ्ग (फूल, पत्ते, जड़ और शाखा) को लाकर पीस लें फिर उसके साथ कपूर, कुंकुम तथा गोरोचन मिलाकर उक्त मन्त्र से १०८ बार तिलक लगाकर घर से निकले तो जिस स्त्री की दृष्टि सबसे पहले पड़ेगी। वह देखते ही वशीभूत होगी।

स्त्री वशीकरण तीसरा मंत्र–नीचे लिखा मन्त्र १०००० की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र यह है–**'ॐ रं घुर्घुराकृष्ट कर्म कर्त्ता अमुकं करो वश्यं'**

इस मन्त्र में जिस स्थान पर अमुकं शब्द आया है, वहाँ साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिये। जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब जिस समय भ्रमर और भ्रमरी को एकत्र देखे, उस समय उन्हें

पकड़ कर अलग-अलग करके चिता की लकड़ी में जला दे। फिर उस भस्म को लेकर उसे उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित भस्म को साध्य स्त्री के मस्तक पर डाल दे तो वह वशीभूत हो जाती है।

स्त्री वशीकरण चौथा मंत्र—नीचे लिखा मन्त्र १००८ की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र यह है— '**ॐ नमः छिप्र कामिनी अमुकीं मे वशमानय स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जिस स्थान पर अमुकीं शब्द आया है। वहां साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिये। जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब नागकेशर, कमल, पुष्प, तगर, केशर, जटा, मांसी और बच, इन सबको समभाग लेकर सिद्ध मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उन अभिमन्त्रित वस्तुओं की धूप अपने शारीरिक अङ्गों में दे तथा साध्य स्त्री का स्मरण करे तो वह वशीभूत हो जाती है।

स्त्री वशीकरण पांचवां मन्त्र—नीचे लिखे मन्त्र को जिस साध्यस्त्री का नाम लेकर एक मास तक निरन्तर जपा जाय वह वशीभूत हो जाती है।

मन्त्र यह है:–'**अमुली महामुली छठ छ सर्व संक्षेत्रजंनोपद्रवेभ्यः स्वाहाः।**'

स्त्री वशीकरण छठा मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १००८ की संख्या में जपने पर सिद्ध हो जाता है। मन्त्र यह है:–'**ॐ नमो भगवती मङ्गलेश्वरी सर्वमुख राजिनी सर्वधरं मातङ्गी कुमारी के लघु-लघु वशं कुरु कुरु स्वाहा।**'

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखे अनुसार इसके प्रयोग करने चाहिये।

पहला प्रयोग–गोरोचन तथा सहदेई को पानी के साथ पीस कर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य स्त्री के पास जाय तो वह वश में हो जाती है।

दूसरा प्रयोग–क्वारी कन्या के हाथ से काते गये सूत में सहदेई की जड़ को बांधकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उस सूत में बंधी हुई जड़ को जिस साध्य स्त्री की कमर में बांध दिया जावेगा वह वशीभूत होगी।

तीसरा प्रयोग–कृष्ण पक्ष की अष्टमी या चतुर्दशी के दिन व्रत रखकर सहदेई को उखाड़ लाए, फिर

उसका चूर्ण बना कर उस चूर्ण को उक्त मंत्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करे तत्पश्चात् वह चूर्ण जिस साध्य स्त्री को खिला दिया जावे वह वशीभूत हो जायेगी।

चौथा प्रयोग–सहदेई की जड़ को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके अपने मुँह में रख लें फिर जिस साध्य स्त्री से वार्तालाप करे वह वश में हो जाती है।

पांचवां प्रयोग–पूर्वोक्त (तीसरे प्रयोग की) विधि से सहदेई को लाकर उसका चूर्ण बनाएं, फिर उस चूर्ण को मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस साध्य स्त्री के मस्तक पर डाला जायेगा। वह वशीभूत होगी।

इस मन्त्र के सभी प्रयोग सहदेई द्वारा ही होते हैं।

स्त्री वशीकरण सातवाँ मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र एक लाख की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है:–'**ॐ नमः कामाक्षी देवी अमुकीं मे वशं कुरु कुरु स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जहाँ 'अमुकीं' शब्द का प्रयोग हुआ है, वहां साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिये।

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब निम्नलिखित में से किसी एक विधि से इसका प्रयोग करना चाहिये।

पहली विधि–शनिवार के दिन गोरोचन तथा पद्मपत्र को पीस कर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर जिस साध्य स्त्री के सामने जाकर खड़ा हुआ जाय वह देखते ही वशीभूत हो जाती है।

दूसरी विधि–गुरुवार के दिन सिन्दूर व कदली कन्द को पीस कर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर साध्य स्त्री के सामने जाकर खड़ा हो तो वह वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री वशीकरण आठवाँ मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १०००० की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है:–'**ॐ मूलि मूलि महा मूलि रक्ष रक्ष सर्वासां क्षेत्र परेभ्यः परेभ्यः स्वाहा।**'

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर नागकेशर, चिरौंजी, तगर, कमल केशर, बच तथा जटामांसी-इन सबको समभाग लेकर चूर्ण करे फिर उस चूर्ण को उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने ही

शारीरिक अङ्गों को धूप देकर जिस साध्य स्त्री के समीप पहुंचा जायेगा वह देखते ही वशीभूत होगी।

स्त्री वशीकरण नवां मन्त्र—यह मन्त्र १ लाख जपने पर सिद्ध होता है।

'ॐ नमः भवाय नमः शर्वाणयै च अमुकीं में वशमानय स्वाहा।'

इस मन्त्र में जहां 'अमुकीं आया है वहां पर साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिये।

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखे अनुसार प्रयोग करना चाहिये।

जीभ का मल, दांत का मल, नाक का मल तथा कान का मल, इन सबको मद्य में मिला कर उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित कर जिस स्त्री को पान करा दिया जाय वह वशीभूत हो जायेगी। मल की मात्रा अत्यन्त न्यून होनी चाहिये।

स्त्री वशीकरण दसवाँ मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र २१ दिन तक निरन्तर जपते रहने से सिद्ध होता है। मंत्र यह है:—'**ॐ नमो नमः शिवानी रूप त्रिशूले खड्गहस्ते सिंहारूढ़े अमुकीं मे वश मा गच्छ कुरु कुरु स्वाहा।'**

उक्त मन्त्र में जहां अमुकी शब्द प्रयोग हुआ है वहां साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिये। सिद्ध हो जाने पर इस मन्त्र को केशर द्वारा भोजपत्र के ऊपर लिखकर जिस स्त्री का नाम लेकर धूप दी जावेगी। वह शीघ्र ही साधक के वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री वशीकरण ग्यारहवां मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १ लाख की संख्या में जपने पर सिद्ध हो जाता है। मन्त्र यह है:–'**ॐ कुम्भनी स्वाहा।**'

सिद्ध हो जाने पर इस मन्त्र द्वारा किसी फूल को १०८ बार अभिमन्त्रित करे फिर वह अभिमन्त्रित पुष्प जिस स्त्री को सुंघाया जायेगा वह साधक के वशीभूत हो जायेगी।

स्त्री वशीकरण बारहवां मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १ लाख की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मंत्र इस प्रकार है:-'**ॐ कामिनी रंजनी स्वाहा।**' सिद्ध हो जाने पर इस मन्त्र को लाख की स्याही द्वारा जिस स्त्री के हाथ पर लिख दिया जायेगा। वह लिखने वाले व्यक्ति (साधक) के वशीभूत हो जायगी।

स्त्री वशीकरण तेरहवाँ मन्त्र–आगे लिखा मन्त्र १० हजार की संख्या में जपने पर सिद्ध हो जाता

है। मन्त्र यह है:-'**ॐ ह्रीं महामातंगीश्वरी चाण्डालिनी अमुकीं पच पच दह दह मथ मथ स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जहाँ अमुकीं शब्द आया है वहाँ साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करें।

मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर रविवार के दिन जिस स्त्री का नाम लेकर दूध तथा शर्करा से होम किया जाय वह वशीभूत हो जाती है।

स्त्री वशीकरण चौदहवाँ मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १० हजार की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है–'**ॐ भगवती भगभाग दायिनी अमुकीं मम वश्यां कुरु कुरु स्वाहा।**' इस मन्त्र में जहां 'अमुकीं' शब्द आया है वहाँ साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिये। मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर गुरुवार के दिन इस मंत्र द्वारा नमक को १०८ बार अभिमन्त्रित करके वह नमक किसी खाने पीने की वस्तु के माध्यम से जिस साध्य स्त्री को खिला दिया जायगा वह वशीभूत हो जायेगी।

वशीकरण के मन्त्रों का वर्णन करने के बाद अब हम मोहन मन्त्रों का वर्णन करते हैं।

सर्वजन मोहन पहला मन्त्र—नीचे लिखा मंत्र १० हजार की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है:—'**ॐ नमो भगवते रुद्राय सर्व जगन्मोहनं कुरु कुरु स्वाहा।**'

इस मन्त्र की प्रयोग विधियां निम्नलिखित हैं:-

पहली विधि:-कड़वी तुंबी के बीजों के तेल में कपड़े की बत्ती डालकर जलायें तथा उस बत्ती से काजल पारें। उस काजल को पूर्वोक्त सिद्ध मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके आंखों में लगाने से देखने वाले सभी व्यक्ति मोहित हो जाते हैं।

दूसरी विधि—गूलर के फूल की बत्ती बना कर रात्रि के समय मक्खन में डालकर जलायें और काजल पारें। उस काजल को पूर्वोक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके आंखों में लगाने से देखने वाले सब व्यक्ति मोहित हो जाते हैं।

तीसरी विधि—सिन्दूर, केशर तथा गोरोचन को आंवले के रस में घोंट कर उक्त मन्त्र से १०८ बार

अभिमन्त्रित कर मस्तक पर तिलक लगाने से देखने वाले सब व्यक्ति मोहित हो जाते हैं।

सर्वजन मोहन दूसरा मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र १ लाख की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र यह है:— '**ॐ उड्डामरेश्वराय सर्वजगन्मोहनाय अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं फट् स्वाहा।**'

पहला प्रयोग—अपामार्ग (ओंगा या चिरमिटा) झंगरा, लाजवन्ती और सहदेई इन सब को घोंटकर अपने मस्तक पर तिलक लगाने से देखने वाले सब लोग मोहित होते हैं।

दूसरा प्रयोग—सिन्दूर तथा सफेद बच को पान के रस में घोंटकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने मस्तक पर तिलक लगाने से देखने वाले मोहित होते हैं।

तीसरा प्रयोग—पान की जड़ को पानी में पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर तिलक लगाने से देखने वाले मोहित होते हैं।

चौथा प्रयोग—सिन्दूर, केशर तथा गोरोचन को आंवले के रस में पीसकर उक्त मंत्र से अभिमन्त्रित

कर मस्तक पर तिलक लगाने से देखने वाले सब लोग मोहित हो जाते हैं।

सर्वजन मोहन तीसरा मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र १० हजार की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है—

'ॐ नमो भगवते कामदेवाय यम यस्य दृश्यो भवाभि यश्च यश्च मम मुखं पश्यति तं तं मोहयतु स्वाहा।'

सिद्ध होने पर प्रयोग नीचे लिखे अनुसार करें :-

पहला प्रयोग—राई, सिरस तथा शंखाहुली को सफेद रंग वाली गाय के दूध में पीसकर उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके उसे अपने शरीर पर मर्दन करके उष्ण जल से स्नान करे। तत्पश्चात् अपने मस्तक पर केशर का तिलक लगाकर राज दरबार में अथवा सभा में कहीं भी जाय वहां उसे देखने वाले सब लोग मोहित हो जाते हैं।

दूसरा प्रयोग—अनार के पंचाङ्ग को सफेद घुंघची के साथ पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उसका अपने मस्तक पर तिलक लगाकर जहां भी जाय वहां देखने वाले सब लोग मोहित हों।

तीसरा प्रयोग–भांगे के पत्तों को सफेद घुंघची के साथ पीसकर उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने शरीर पर लेप करने से देखने वाले मोहित होते हैं।

चौथा प्रयोग–सफेद आक की जड़ को सफेद चंदन के साथ घिसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके अपने मस्तक पर तिलक लगाने से देखने वाले मोहित हों।

पांचवाँ प्रयोग–बेल पत्र को छाया में सुखाकर कपिला गाय के दूध में पीस कर गोली बना लें फिर उस गोली को उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके मस्तक पर तिलक लगाने से देखने वाले मोहित होते हैं।

छठा प्रयोग–सफेद घुंघची के रस में ब्रह्मदण्डी को जड़ सहित पीसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने मस्तक पर तिलक करे तो देखने वाले मोहित हों।

वेश्या वशीकरण मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १० हजार की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र यह है:–**'ॐ द्राविणी स्वाहा। ॐ हामिले स्वाहा।'**

जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब अपामार्ग ओंगा की लकड़ी लाकर उक्त मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करे फिर उस लकड़ी को वेश्या के घर में डाल दे तो वेश्या वशीभूत हो जाती है।

शत्रु मोहन मंत्र—नीचे लिखा मन्त्र १० हजार की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। मन्त्र यह है:—'**ॐ नमो महाबल महापराक्रम शस्त्र विद्या विशारद अमुकस्य भुजबलं बंधय बंधय दृष्टि स्ताम्भय स्ताम्भय अंगानि धूनय धूनय पातय पातय महीतले हुं।**'

इस मन्त्र में जहाँ अमुकस्य शब्द आया है वहां शत्रु के नाम का उच्चारण करना चाहिये इस मन्त्र की प्रयोग विधि अग्रलिखित है:-अपामार्ग (ओंगा या आधाझारा) का रस निकालकर उसे इस मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके उस रस का शस्त्र पर लेप करे। तत्पश्चात् उस शस्त्र को लेकर युद्ध भूमि में जाय तो शत्रु उसे देखते ही मोहित हो जायेंगे।

मोहन मन्त्रों के बाद अब आकर्षण मन्त्रों का वर्णन किया जाता है।

सर्वजन आकर्षण मन्त्र—निम्नलिखित मन्त्र १ लाख की संख्या में जपने पर सिद्ध हो जाता है।

मन्त्र यह है:—'**ॐ नमो आदिरुपाय अमुकं आकर्षणं कुरु कुरु स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जहां 'अमुकं' शब्द आया है, उस स्थान पर साध्य व्यक्ति का नाम लें।

इस मन्त्र की प्रयोग विधियां निम्नलिखित हैं:—

पहली विधि—रविवार के दिन जब पुष्य नक्षत्र हो तब ब्रह्मदण्डी लाकर उसका चूर्ण करे फिर उस चूर्ण को उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस काम पीड़िता स्त्री के मस्तक पर डालें। वह प्रयोग करने वाले के पीछे-पीछे चली आती है।

दूसरी विधि—मनुष्य के कपाल (नरमुण्ड) पर उक्त मन्त्र को गोरोचन तथा कुंकुम के साथ लिखकर उसे तीनों संध्या काल में खैर की अग्नि में तपाएं। तपाते समय साध्य स्त्री के नाम एवं रूप का स्मरण तथा ध्यान करते रहना चाहिये। कहा गया है कि इस प्रयोग के करने से उर्वशी जैसी स्त्री भी आकर्षित होकर साधक के पास आ जाती है।

तीसरी विधि—अनामिका उंगली के रक्त से उक्त मन्त्र को भोजपत्र के ऊपर लिखे तथा जिस व्यक्ति का आकर्षण करना हो, उसका नाम बीच में लिखे। फिर उस भोजपत्र को शहद में डाल दे तो साध्य व्यक्ति आकर्षित होकर साधक के समीप चला आता है।

चौथी विधि—काले धतूरे के पत्तों के रस में गोरोचन मिलाकर पीस ले, फिर उसके द्वारा कनेर की जड़ कलम से उक्त मन्त्र को भोजपत्र के ऊपर लिखे। तत्पश्चात् उस मन्त्र लिखित भोजपत्र को खैर के अंगारों पर तपाए तो इस क्रिया से काफी दूर रहने वाला व्यक्ति भी आकर्षित होकर साध्य व्यक्ति के समीप चला आता है।

स्त्री आकर्षण पहला मन्त्र—नीचे लिखे मन्त्र को २१ दिन तक तीनों संध्या काल में एक-एक हजार की संख्या में जपना चाहिये। ऐसा करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र में जहाँ 'अमुकाय' शब्द आया है। वहाँ साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करना चाहिये। मन्त्र यह है:—**'ॐ चामुण्डे तहततु अमुकाय कर्षय आकर्षय स्वाहा।'**

पहली विधि–काले सर्प के फन को काट कर चूर्ण करे, फिर उक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए उसे आग में डाले तथा उसकी धूप को अपने अङ्ग पर मले। इस विधि से मंत्रोच्चारण के समय जिस स्त्री का नाम लिया जाता है। वह आकर्षित होकर साधक के समीप चली आती है।

दूसरी विधि–अश्लेषा नक्षत्र में अर्जुन वृक्ष के बांदा को लाकर बकरी के दूध में पीसकर तिलक लगाये। जो स्त्री उसे पहले देखेगी वही वश में हो जायेगी।

तीसरी विधि–उत्तर दिशा की ओर मुँह करके लाल चन्दन अथवा लाख के लाल वस्त्र के ऊपर उक्त मन्त्र को लिख कर पूजन करे तत्पश्चात् उसे पृथ्वी में गाड़ कर २१ दिन तक चावल के धोवन के पानी से सींचता रहे। इस प्रयोग के करने से मानवता वैरिणी स्त्री भी साधक के समीप आ जाती है।

स्त्री आकर्षण तीसरा मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र अत्यन्त प्रभावकारी कहा गया है-मन्त्र यह है:–'**ॐ ह्रीं ह्रूं अमुकीं आकर्षय।**'

इस मंत्र की प्रयोग विधि इस प्रकार है। जिस स्त्री को आकर्षित करना हो तो उस के पांव की धूलि को संध्या के समय उठा कर उक्त मन्त्र का चार लाख की संख्या में जप करे। मन्त्र में जहाँ 'अमुकीं' आया है वहां साध्य स्त्री के नाम का उच्चारण करे।

इस क्रिया से साध्य स्त्री आकर्षित होकर साधक के समीप चली आती है।

विद्वेषणः—मित्रभावापन्न दो व्यक्तियों में परस्पर झगड़ा करा देने को विद्वेषण कहते हैं। मन्त्र व प्रयोग यह हैं।

विद्वेषण का पहला मन्त्र—नीचे लिखा मन्त्र १ लाख की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मन्त्र इस प्रकार है—'**ॐ नमो नारदाय अमुकस्य अमुकेन सह विद्वेषणं कुरु कुरु स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जहाँ 'अमुकस्य अमुकेन सह' शब्द आया है, वहां जिन दो व्यक्तियों में परस्पर विद्वेषण कराना हो तो 'रामस्य श्यामेन सह' इस प्रकार से उच्चारण करना चाहिये। इस मन्त्र के प्रयोग निम्नलिखित हैं।

पहला प्रयोग—मोर की बीट तथा सर्प के दांत, इन दोनों को घिसकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर अपने मस्तक पर तिलक लगाकर उन दोनों व्यक्तियों के पास जाकर खड़ा हो जाय, जिनमें विद्वेषण करना हो तो उस तिलकधारी को देखते ही वे दोनों व्यक्ति परस्पर की मित्रता को त्याग कर एक दूसरे से द्वेष करने लगेंगे।

दूसरा प्रयोग—सेही के दो कांटो को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिन दो व्यक्तियों के घरों के दरवाजों पर गाड़ दिया जायेगा। उनमें परस्पर शत्रुता हो जायेगी।

तीसरा प्रयोग—कुत्ते के बाल तथा बिल्ली के नख को उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस सभा में धूप दी जायेगी, वहाँ पर उपस्थित सब लोग आपस में द्वेष करने लगेंगे।

चौथा प्रयोग—घोड़े तथा भैंसे के बाल को उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे, फिर उनकी जिस सभा में धूप दे वहां बैठे लोगों में परस्पर विद्वेष हो जायेगा तथा थोड़ी ही देर में हुल्लड़ मचकर सभा भंग हो जायेगी।

विद्वेषण का दूसरा मन्त्र–नीचे लिखा मन्त्र १० हजार की संख्या में जपने पर सिद्ध होता है। मंत्र यह है–'**ॐ नमो नारायाणाय अमुकस्यामुकेन सह विद्वेषं कुरु कुरु स्वाहा।**'

इस मन्त्र में जहां अमुकस्यामुकेन सह शब्द आया है वहाँ पूर्व मंत्र की ही भांति जिन दो व्यक्तियों में परस्पर विद्वेष कराना हो उन दोनों के नाम का उच्चारण करना चाहिये। जब मंत्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखी विधियों के अनुसार उसका प्रयोग करना चाहिये।

प्रयोग करते समय मंत्र का १०८ बार जप करें।

पहला प्रयोग–जिन दो व्यक्तियों में जीवन भर के लिये विद्वेष कराना हो तो उन दोनों के पांव के नीचे की मिट्टी लाकर उसकी २ अलग-अलग पुतलियां बनाए, तत्पश्चात् उन दोनों पुतलियो को १०८-१०८ बार मंत्र पढ़ कर अलग-अलग अभिमन्त्रित करे। फिर उन्हें श्मशान में ले जाकर गाड़ दे फिर उन दोनों व्यक्तियों के बीच जीवन भर विद्वेष बना रहेगा।

दूसरा प्रयोग—भैंस और घोड़े के बाल लाकर दोनों को उक्त मंत्र द्वारा अभिमन्त्रित कर उन्हें जिस सभा में लेकर जायेगा वहां के लोगों में परस्पर विद्वेष उत्पन्न हो जायेगा।

तीसरा प्रयोग—जड़ सहित ब्रह्मदण्डी व काक-जंघा को सात दिन तक चमेली के फूलों के रस में भिगोए। फिर उन्हें उसमें से निकाल कर सात दिन तक बिल्ली के मूत्र में भिगोए फिर उन्हें उसमें से निकाल कर पूर्वोक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर शत्रु के घर के समीप जाकर उसकी धूप दे तब धूप की सुगंधि को जो भी व्यक्ति सूंघेगा उसमें परस्पर विद्वेष बना रहेगा।

चौथा प्रयोग—बिल्ली तथा चूहे की विष्ठा और शत्रु के पांव के नीचे की मिट्टी लाकर सबको एकत्र करे, फिर उससे एक पुतली बनाकर उसके ऊपर एक नीला कपड़ा उढ़ाए, तत्पश्चात् उस पुतली को उक्त मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित करके शत्रु के घर में गाड़ दे तो शीघ्र ही शत्रु सहित उसके परिवार के सभी लोगों में परस्पर विद्वेष हो जायेगा।

पांचवां प्रयोग—हाथी के दांत तथा सिंह के दांत को मक्खन के साथ इकट्ठा पीसकर उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके उस लेप का जिन दो मनुष्यों के मस्तक पर तिलक लगा दिया जायेगा। उन दोनों में परस्पर विद्वेष हो जायेगा।

उच्चाटन—किसी व्यक्ति के मन को किसी स्थान से उचाट देने को 'उच्चाटन' कहा जाता है। जिस व्यक्ति के लिये उच्चाटन सम्बन्धी प्रयोग किये जाते हैं, वह व्यक्ति उस स्थान को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर चला जाता है।

उच्चाटन का मंत्र—'ॐ नमो भगवते रुद्राय द्रंष्ट्राकरालाय अमुकं पुत्र बांधवै सह हन हन दह दह पच पच शीघ्र मुच्चाटयोच्चाटय हुं फट् स्वाहा ठः ठः।' इस मंत्र में जहां अमुक शब्द आया है। वहां जिस व्यक्ति का उच्चाटन करना हो उसके नाम का उच्चारण करना चाहिये।

यह मंत्र १० हजार की संख्या में जपने से सिद्ध होता है। जब मंत्र सिद्ध हो जाय तब नीचे लिखे अनुसार इसे प्रयोग में लाना चाहिये। किसी भी

प्रयोग को करने से पहले मंत्र को १०८ बार जप लेना आवश्यक है।

पहला प्रयोग–कौए तथा उल्लू के पंखों का १०८ बार हवन करने तथा उक्त मंत्र का पाठ करने से साधक व्यक्ति का उच्चाटन होता है।

दूसरा प्रयोग–मंगलवार के दिन उल्लू के पंख को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके उसे जिस व्यक्ति के घर में गाड़ दिया जायेगा। उसका उच्चाटन होगा।

तीसरा प्रयोग–रविवार के दिन कौए के पंख को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके उसे जिस व्यक्ति के घर में गाड़ दिया जायेगा। उसका उच्चाटन होगा।

चौथा प्रयोग–मनुष्य की हड्डी के ४ अंगुल प्रमाण टुकड़े को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके उसे जिस व्यक्ति के घर के दरवाजे पर गाड़ दिया जायेगा उसका उच्चाटन होगा।

पांचवां प्रयोग–गूलर की लकड़ी की चार अंगुल प्रमाण कील को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस व्यक्ति के सोने के स्थान पर खोद कर गाड़ दिया जायेगा उच्चाटन होगा।

छठा प्रयोग—कौआ तथा उल्लू के पंख को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस व्यक्ति के घर में गाड़ दिया जाये उसका उच्चाटन होगा।

सातवां प्रयोग—भरणी नक्षत्र में श्मशान की तीन अंगुल प्रमाण की लकड़ी लाकर उसे उक्त मंत्र से ७६ बार अभिमन्त्रित करके जिस व्यक्ति के घर में गाड़ दिया जाये उसका उच्चाटन होगा।

आठवां प्रयोग—मनुष्य की हड्डी की ४ अंगुल प्रमाण से उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिस व्यक्ति का उच्चाटन करना हो उसके घर में गाड़ देने तथा उस स्थान पर पेशाब कर देने से उच्चाटन हो।

नवां प्रयोग—कलिहारी की जड़ को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके जिसके घर में गाड़ दिया जायेगा उसका उच्चाटन होगा।

दसवां प्रयोग—सफेद सरसों, शिवजी पर चढ़ाई हुई माला तथा जल-इन तीनों वस्तुओं को उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके शत्रु के घर में गाड़ने से उसका उच्चाटन होता है।

भूत नाशन मंत्र–नीचे लिखा मन्त्र १० हजार की संख्या में जपने से सिद्ध हो जाता है, मंत्र यह है:– 'ॐममे काली कपाली दहि स्वाहा।'

मंत्र के सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय सरसों के तेल को इस मन्त्र द्वारा १०८ बार अभिमन्त्रित कर भूतग्रस्त रोगी के शरीर पर उस तेल की मालिश करने से भूत चिल्लाता हुआ निकल कर भाग जाता है।

विजय प्रदाता मंत्र–नीचे लिखा मन्त्र दस हजार की संख्या में जपने से सिद्ध हो जाता है:–

मंत्र इस प्रकार है–**ॐनमे कनक पिंगे रौद्रक्रपातरुदास्त्र धरनी तिस्ठ सरासर सत्वान मोहये भगवती सिद्धिधुजो इति मीठ महापाये स्वाहा।'**

सिद्ध हो जाने पर आवश्यकता के समय इस मंत्र का नीचे लिखे अनुसार प्रयोग करना चाहिये:–

इसकी विधि–कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को नील वृक्ष की जड़ को श्मशान से लाए हुए सूत में कसकर उक्त मंत्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके मुँह अथवा मस्तक पर धारण करके न्यायालय में पहुंचे तो मुकद्दमे में सफलता प्राप्त होगी।